www.navpradesh.com

दैनिक

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 31 अगस्त 2026 कृष्ण पक्ष-तृतीया, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 201 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

जल प्रलय : नेपाल में आई आपदा की खौफनाक कहानी, आसमान तले काट रहे रात

एक लाख बेघर, मलबे में दबी जिंदगी

नई दिल्ली/ए.। नेपाल और तिब्बत सीमा पर लांगतांग लिरुंग ग्लेशियर के टूटने से आई तबाही का मंजर दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। शुरुआत में इसे मामूली मानसूनी बारिश समझा गया था, लेकिन सैटेलाइट डेटा और भूकंपीय हलचलों ने साफ कर दिया कि तिब्बत सीमा पर मलबे से बने अस्थायी बांध के अचानक फटने से यह प्रलय आई।

महज 13 मिनट के भीतर जलस्तर 9 मीटर तक बढ़ गया, जिसने स्याफ्रुबेंसी मॉनिटरिंग स्टेशन को तबाह कर दिया और रसुवा, नुवाकोट, धादिंग समेत आठ जिलों को जलमग्न कर दिया। इस महाविनाश ने 1 लाख से अधिक लोगों से उनका घर छीन लिया है।

नेपाल पुलिस के अनुसार अब तक 675 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं, जिनमें से अकेले चितवन से 246 और नवलपरासी से 200 से अधिक शव मिले हैं। इस भीषण जलप्रलय में करीब 2,400 लोग लापता हैं। भारत सरकार और दूतावास ने अपने नागरिकों की खोजबीन के लिए काठमांडू में इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर (+9779851316807, +9779709107500) जारी किए हैं। जलप्रलय की सबसे दर्दनाक तस्वीर रसुवा और नुवाकोट स्थित ■ शेष पृष्ठ 8 पर

हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में 898 कर्मचारी फंसे

काठमांडू /ए.। नेपाल में बाढ़ के बाद हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 898 कर्मचारी अब भी फंसे हैं, जबकि 361 कर्मचारियों को अब तक बचाया जा चुका है। त्रिशूली-3 'ए' हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की सुरंग में चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में कुछ कामयाबी मिली है। बचावकर्मी मशीनों की मदद से मिट्टी और गाद हटा रहे हैं। सुरंग में 6 इंच का छेद कर पाइप के जरिए हवा पहुंचाई जा रही है। अब इसे बड़ा कर मैनहोल बनाने की तैयारी है, ताकि बचाव दल सुरंग के अंदर जाकर लोगों की तलाश कर सके। 26 अगस्त को नेपाल की भोटेकोशी और त्रिशुली नदी में अचानक बाढ़ आ गई थी। इस आपदा में नेपाल में अब तक 804 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, तिब्बत में मरने वालों का आंकड़ा 16 पहुंच गया है। 2,500 लोग अभी भी लापता हैं। बाढ़ में 239 लोग घायल हुए हैं, जबकि 8,730 लोगों को सुरक्षित बचाया जा चुका है।

चाय के प्याले ने बचाई 5 दोस्तों की जान, सुरक्षित रायपुर लौटे

रायपुर/नवप्रदेश। टी ब्रेक के छोटे से फैसले ने रायपुर के पांच दोस्तों की जान बचा ली। पांचों दोस्त नेपाल घूमने गए थे। बुधवार को भोटे कोशी और त्रिशूली नदी में आई बाढ़ में डूबने से बाल-बाल बच गए। पांचों दोस्त शनिवार को अपने घर माना कैंप लौटे। नेपाल से जान बचाकर लौटे युवकों के नाम नारायण सेन, दिनेश ओझा, प्रेम सिंह जगत, यतेंद्र प्रकाश और दिनेश सिंह ठाकुर है। सभी पांचों की उम्र 50 से 60 साल के बीच है और वो रायपुर के माना कैंप इलाके के रहने वाले हैं।

सैलून चलाने वाले नारायण सेन ने कहा, 'हम खुशकिस्मत थे कि 26 अगस्त को जब अचानक बाढ़ आई, तो हम चाय पीने के लिए रुके थे। अगर हम 10-15 मिनट पहले निकल गए होते, तो शायद हम वहां बाढ़ में फंस जाते, फिर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुरूमसिल्ली 98% से ज्यादा भरा, ऑटोमेटिक साइफन सिस्टम सक्रिय, गंगरेल भी 90% पार,

धमतरी/नवप्रदेश। जिले में लगातार हो रही बारिश का असर अब जलाशयों पर साफ दिखाई देने लगा है। महानदी और सोंढूर जलाशय परियोजना के प्रमुख बांधों में पानी का स्तर तेजी से बढ़ रहा है। मुरूमसिल्ली जलाशय 98.82 प्रतिशत तक भर चुका है, जबकि रविशंकर सागर जलाशय (गंगरेल) 90.72 प्रतिशत भर गया है। कैचमेंट क्षेत्र से लगातार पानी की आवक जारी रहने के कारण गंगरेल के गेट कभी भी खोले जा सकते हैं। मुरूमसिल्ली बांध में जलस्तर बढ़ने के साथ इसका ऑटोमेटिक साइफन सिस्टम ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जलाशयों की ताजा स्थिति

जल प्रबंध संभाग रूद्री द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार जिले के प्रमुख जलाशयों में पानी की स्थिति इस प्रकार है।

- **रविशंकर सागर (गंगरेल):** जल स्तर 347.95 मीटर (1141.62 फीट), उपयोगी जल भराव 695.79 मि.घन.मी. यानी 90.72%। आवक 3548 क्यूसेक और जावक 400 क्यूसेक।
- **मुरूमसिल्ली जलाशय:** जल स्तर 376.22 मीटर (1234.37 फीट), उपयोगी जल भराव 160.09 मि.घन.मी. यानी 98.82%। आवक 694 क्यूसेक और जावक 246 क्यूसेक।
- **दुधावा जलाशय:** जल स्तर 423.88 मीटर (1390.68 फीट), जल भराव 82.37%। आवक 645 क्यूसेक और जावक 240 क्यूसेक।
- **सोंढूर जलाशय:** जल स्तर 468.52 मीटर (1536.74 फीट), उपयोगी जल भराव 68.90%। जावक 592 क्यूसेक दर्ज की गई।

गंगरेल 90% से ज्यादा भरा, गेट खुलने की संभावना

रविशंकर सागर जलाशय यानी गंगरेल बांध भी तेजी से भर रहा है। 30 अगस्त 2026 की स्थिति में बांध 90.72 प्रतिशत भर चुका है। कैचमेंट क्षेत्र से 3548 क्यूसेक पानी की आवक हो रही है, जबकि फिलहाल 400 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। लगातार बारिश और बढ़ती आवक को देखते हुए गंगरेल के गेट कभी भी खोले जा सकते हैं।

छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज, रायपुर समेत कई जिलों में झमाझम बारिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में पिछले 24 घंटे से रुक-रुककर बारिश का दौर जारी है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है और मौसम सुहावना हो गया है। वहीं लगातार हो रही बारिश ने आम जनजीवन को भी प्रभावित किया है। राजधानी रायपुर के अलावा धमतरी, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, बिलासपुर, कोरबा, जगदलपुर, कांकेर, महासमुंद और गरियाबंद सहित कई जिलों में बारिश दर्ज की गई है। कहीं हल्की तो कहीं मध्यम बारिश होने से सड़कों पर पानी जमा होने और यातायात प्रभावित होने की स्थिति भी बनी है। बारिश के कारण ग्रामीण इलाकों में खेतों में पानी की स्थिति बढ़ी है। किसान लगातार बदलते मौसम पर नजर बनाए हुए हैं। वहीं नदी-नालों और जलाशयों के आसपास भी पानी के स्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। प्रदेश के कई प्रमुख बांध पहले से ही अच्छी स्थिति में हैं, ऐसे में लगातार बारिश होने पर जलाशयों में पानी की आवक और बढ़ सकती है।

आज बेबाक

लोकसभा चुनाव अभी बहुत दूर है लेकिन अभी से सर्वे एजेंसियां काम पर लग गई हैं। जिसमें बताया जा रहा है कि आज चुनाव हो जाए तो किसको कितनी सीटें मिलेंगी? एक सर्वे के मुताबिक फिर एनडीए की सरकार बनेगी। पीएम पद के लिए नरेंद्र मोदी ही पहली पसंद बने हुए हैं और दूसरे नंबर पर राहुल गांधी हैं। तीसरे नंबर पर तमिलनाडु के सीएम विजय जोसेफ का नाम आ गया है। ये तो फ्टा पोस्टर निकला हीरो वाली बात हो गई। खुद को पीएम मटेरियल बताने वाले अरविंद केजरीवाल, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी की तो वाट लग गई।

गरमा-गरम

झीरम घाटी नक्सल हमले पर आज एनआईए कोर्ट का फैसला संभव

■ 13 साल पहले कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की नक्सल हमले में हुई थी मौत

रायपुर/नवप्रदेश। 13 साल पहले हुए झीरम घाटी हत्याकांड पर एनआईए कोर्ट में दोनों पक्षों की दलीलें पूरी हो चुकी हैं। इस मामले में कल 31 अगस्त 2026 को फैसला आने की संभावना है।

25 मई 2013 को कांग्रेस नेताओं के काफिले पर नक्सलियों ने झीरम घाटी में घात लगाकर हमला किया था। इसमें 31 से ज्यादा नेताओं एवं अन्य लोगों की मौत हो गई थी। कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन रैली झीरम घाटी से होकर गुजर रही थी तभी पहले से झीरम घाटी में घात लगा बैठे नक्सलियों ने रैली पर हमला कर दिया था। नक्सलियों के हमले में कांग्रेस का पूरा शीर्ष नेतृत्व ■ शेष पृष्ठ 8 पर

घटना की जिम्मेदारी भी तय होने पर न्याय मिलने का होगा संतोष : सिंहदेव

इस फैसले से पहले पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने घटना के दिन की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठाया है। श्री सिंहदेव ने कहा कि वे खुद इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी रहे हैं, और जगदलपुर पहुंचकर एनआईए के सामने अपनी आंखों देखी घटना का बयान दर्ज करा चुके हैं। टीएस सिंहदेव के मुताबिक, घटना वाले दिन पूरे इलाके में पुलिस की मौजूदगी लगभग शून्य थी। रास्ते में कहीं भी पर्याप्त फोर्स तैनात नहीं थी। उन्होंने कहा कि उनके बयान में घटना से जुड़े सभी अहम पहलुओं को दर्ज कराया गया है। श्री सिंहदेव ने कहा कि अगर जांच और फैसले में इन तथ्यों को जगह मिलती है, और इस घटना के लिए जिम्मेदारी भी तय होती है, तभी पीड़ितों और कांग्रेस नेताओं को न्याय मिलने का संतोष होगा।

पीएम मोदी को सर्वोच्च सम्मान

नई दिल्ली/ए.। पीएम मोदी रविवार सुबह ताशकंद में आयोजित एक योग सेशन में शामिल हुए। इसके बाद उन्होंने राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव के साथ द्विपक्षीय मीटिंग की। उज्बेकिस्तान के दौरे पर गए पीएम मोदी को रविवार को राष्ट्रपति शावकत मिर्जियोयेव ने अपने देश के सर्वोच्च राज्य सम्मान 'ओली दाराजली दोस्लिक' से सम्मानित किया। उज्बेक भाषा के इस शब्द का मतलब है- उच्च स्तरीय मित्रता। यह पीएम मोदी को मिला 36वां अंतरराष्ट्रीय सम्मान है। मोदी-शावकत के बीच ताशकंद में द्विपक्षीय बैठक हुई। बैठक में भारत- ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बिजली के निजीकरण को लेकर कांग्रेस फैला रही भ्रम: सीएम साय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बिजली के निजीकरण को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को भ्रामक और तथ्यहीन बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की बिजली के निजीकरण की कोई मंशा नहीं है और इस संबंध में जनता के बीच भ्रम फैलाने का प्रयास किया जा रहा है। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिस सुनवाई को बिजली के निजीकरण से जोड़कर प्रस्तुत किया जा रहा है, वह एक नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। ऐसी रूटीन प्रक्रिया का अर्थ यह कतई ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कार-बाइक टक्कर के बाद नदी में गिरे दोनों वाहन, एक की मौत, एक लापता

■ जोंक नदी के तेज बहाव में बहे बाइक सवार की तलाश में रेस्क्यू अभियान जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के सांकरा थाना क्षेत्र में रविवार की दोपहर जोक नदी के पुराने पुल पर हुए भीषण सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर दिया। करीब 3 बजे कार और मोटरसाइकिल के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि दोनों वाहन अनियंत्रित होकर पुल से नीचे नदी में जा गिरे। हादसे में कार सवार दुधीपाली निवासी राजकुमार निषाद (42) की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार वारनवापार के गवरौद निवासी भागीरथ साहू (55) तेज बहाव में बह गए। उनकी तलाश के लिए पुलिस और रेस्क्यू टीम अभियान चला रही है।

पुल से नीचे नदी में जा गिरी कार और बाइक: प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार दोपहर जोक नदी के पुराने पुल पर कार और मोटरसाइकिल आमने-सामने आ गईं। दोनों वाहनों के बीच इतनी जबरदस्त भिड़ंत हुई कि चालक नियंत्रण खो बैठे और कार व बाइक पुल से नीचे नदी में जा गिरीं। अचानक हुए इस हादसे से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास ■ शेष पृष्ठ 8 पर

■ दोपहर 3 बजे हुआ दर्दनाक हादसा, कार सवार तीन लोगों को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित निकाला

कार में सवार थे चार लोग, एक की मौत

बताया गया है कि कार में कुल चार लोग सवार थे। हादसे में दुधीपाली निवासी राजकुमार निषाद (42) की मौत हो गई। वहीं कार में सवार तीन अन्य लोगों को मौके पर मौजूद लोगों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजे जाने की जानकारी है।

पुलिस और रेस्क्यू टीम तलाश में जुटी

हादसे में मोटरसाइकिल पर भी दो व्यक्ति सवार बताए जा रहे हैं। इनमें गवरौद निवासी 55 वर्षीय भागीरथ साहू के नदी के तेज बहाव में बह जाने की जानकारी सामने आई है। टक्कर के बाद बाइक समेत नदी में गिरे भागीरथ का अब तक पता नहीं चल सका है। सूचना मिलते ही पुलिस और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और नदी में उनकी तलाश शुरू कर दी।

नदी पुल पर ग्रामीणों की रही भारी भीड़

जोक नदी में पानी के तेज बहाव और गहराई के कारण लापता भागीरथ साहू की तलाश चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। रेस्क्यू टीम नदी के संभावित स्थानों पर तलाश कर रही है। हादसे के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण और राहगीर भी मौके पर जुट गए। एडिशनल एसपी सुनील कुमार नायक ने बताया कि हादसा रविवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ है। लापता भागीरथ साहू की तलाश में रेस्क्यू टीम जुटी हुई है। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेकर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

गंभीर मामलों में न्यायपालिका संसद का इंतजार नहीं करती

■ डिजिटल अरेस्ट पर सीजेआई ने खुद लिया संज्ञान, केंद्र को कठोर कानून बनाने को कहा

नई दिल्ली/ए.। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारतीय न्यायपालिका 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए तरह के फ्रॉड पर संसद के कानून बनाने का इंतजार करने के बजाय सक्रिय रूप से कार्रवाई करती है।

उन्होंने शनिवार को लंदन में 43वें इंटरनेशनल सिम्पोजियम ऑन इकोनॉमिक क्राइम के समापन समारोह में यह बात कही। सीजेआई ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में 'डिजिटल अरेस्ट' स्कैम पर स्वतः संज्ञान लिया है। इसमें ठग वीडियो कॉल के जरिए खुद को पुलिस अधिकारी, न्यायिक अधिकारी या सरकारी अधिकारी बताकर लोगों से धोखाधड़ी करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिसंबर 2025 में डिजिटल अरेस्ट के एक मामले में स्वतः संज्ञान लिया था। कोर्ट ने केंद्र और राज्यों से इस समस्या के स्तर का आकलन करने, अलग अपराध बनाने और नुकसान के अनुपात में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आयोजन : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे मुख्य अतिथि, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और सतीश चंद्र दुबे भी होंगे शामिल

क्रिटिकल-स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की नीलामी पर आज रोड शो

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में खनिज क्षेत्र के विकास, निवेश और महत्वपूर्ण खनिज संसाधनों के प्रभावी दोहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत भारत सरकार के खान मंत्रालय द्वारा क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लॉक्स की नीलामी की 8वीं किश्त पर रोड शो का आयोजन कल 31 अगस्त को नवा रायपुर स्थित मेफेयर लेक रिजॉर्ट में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

रोड शो में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू, कोयला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सीएम साय के मुख्य आतिथ्य में उद्घाटन सत्र

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 10 :30 बजे पंजीयन एवं चाय के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। दोपहर 12 बजे मुख्य अतिथि के आगमन एवं दीप प्रज्ज्वलन के पश्चात वंदे मातरम् और राष्ट्रगान होगा। इसके बाद छत्तीसगढ़ शासन के खनिज संसाधन विभाग के सचिव स्वागत उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में खान मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव उद्घाटन उद्बोधन देंगे। इसके पश्चात भारत सरकार के खान सचिव, छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव तथा छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष द्वारा संबोधन किया जाएगा।

नीलाम प्रमुख खनिज ब्लॉक्स के ऑपरेशनलाइजेशन की भी होगी समीक्षा

केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के उद्बोधन के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि के रूप में अपना संबोधन देंगे।

टिन पोर्टल और ई-रेत सांगवारी पोर्टल का होगा शुभारंभ

रोड शो के दौरान छत्तीसगढ़ में खनिज क्षेत्र को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की जाएंगी। मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में टिन पोर्टल तथा ई-रेत सांगवारी पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर सीएमडीसी और इंडियन ओवरसीज बैंक के बीच एमओयू, कोरन्डम कटिंग एवं पॉलिशिंग के प्रशिक्षण के लिए पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के साथ एमओयू का आदान-प्रदान भी किया जाएगा। साथ ही माइनर मिनरल्स पर प्रकाशित पुस्तक का विमोचन तथा तीन लाइमस्टोन माइनिंग लीज ब्लॉक्स के लिए एनआईटी जारी करने की प्रक्रिया भी प्रस्तावित है।

कस्टोडियल डेथ केस में सीबीआई जांच हुई तेज

■ मृतक की मां का दर्ज हुआ बयान, 13 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर जिले के सीपत में आबकारी एक्ट के मामले में गिरफ्तार श्रवण सूर्यवंशी की कस्टोडियल मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई की जांच तेज हो गई है। सीबीआई की तीन सदस्यीय टीम बिलासपुर पहुंचकर मामले से जुड़े अलग-अलग पहलुओं की जांच कर रही है। टीम ने सेंट्रल जेल और सीपत थाने पहुंचकर दस्तावेज, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

13 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट में होगी सुनवाई

याचिकाकर्ता मृतक की मां लहरा बाई की ओर से अधिवक्ता राजीव दुबे ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद सीबीआई ने बिलासपुर पहुंचकर जांच शुरू की है। सीबीआई को जांच पूरी कर रिपोर्ट और संबंधित दस्तावेज सुप्रीम कोर्ट में पेश करने हैं। मामले में अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को निर्धारित है।

मन की बात के बाद पौधारोपण, कमार समाज ने रखी बांस उपलब्ध कराने की मांग

■ जुनवानी कला में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात, ग्रामीणों की आजीविका से जुड़े मुद्दे पर तत्काल पहल

महासमुंद। बागबाहरा शहर मंडल के बूथ क्रमांक 88 अंतर्गत ग्राम जुनवानी कला के कमार पारा में ग्रामवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 137वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया। कार्यक्रम के बाद पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक सरोकार और आजीविका से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की।

कार्यक्रम में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने कहा कि 'मन की बात' देशवासियों से संवाद का माध्यम होने के साथ प्रेरणा, सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मजबूत करने का मंच है। प्रधानमंत्री के नशामुक्ति, स्वच्छता, जनभागीदारी, महिला सशक्तिकरण, युवाओं की भूमिका और राष्ट्रभक्ति से जुड़े संदेश समाज को नई दिशा देते हैं।

उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर शिक्षा, संस्कार, खेल, कौशल विकास और राष्ट्रसेवा से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बसोड़ योजना के तहत बांस उपलब्ध कराने की मांग

कार्यक्रम के दौरान कमार पारा के ग्रामीणों ने पारंपरिक आजीविका को मजबूत करने के लिए बसोड़ योजना के तहत बांस उपलब्ध कराने की मांग जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर के समक्ष रखी। ग्रामीणों की मांग पर ठाकुर ने तत्काल संबंधित विभाग के कर्मचारी से दूरभाष पर चर्चा की और बांस उपलब्ध कराने की प्रक्रिया में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की आजीविका, रोजगार और मूलभूत जरूरतों से जुड़ी समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। कमार समाज की पारंपरिक आजीविका को प्रोत्साहन मिलने से परिवारों को आर्थिक रूप से मजबूत होने और आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

'मन की बात' के श्रवण के बाद 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। ग्रामीणों ने प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरियाली सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (स्ध्दहक्क) को सौंप दी है। बड़ा सवाल यह है की क्या सात महीने पुराने इस मामले में पुलिस अब कोई ठोस सुराग जुटा पाएगी नगरवासियों की नजरें अब अनुविभागीय पुलिस अधिकारी की कार्रवाई पर टिकी हैं।

न्यूज गैलरी

'मन की बात' में प्रधानमंत्री मोदी ने किया नशामुक्त भारत का आव्हान

धमतरी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें एपिसोड का सदर उत्तर वार्ड के बूथ क्रमांक 166 में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं वार्डवासियों ने सामूहिक रूप से श्रवण किया। कार्यक्रम प्रभारी श्री कवीन्द्र जैन, बूथ अध्यक्ष घनश्याम शर्मा वार्ड पार्षद नीलेश लुनिया,शिखर राखेचा, विपुल राखेचा, गोलू लालवानी, रविंद्र सोनी,मनन जैन,राजू सुखवानी, आशीष डागा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। 137वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने नशामुक्त भारत के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान करते हुए युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं से स्वयं जागरूक बनने के साथ-साथ अपने परिवार, मित्रों और समाज को भी नशामुक्ति की दिशा में प्रेरित करने का आग्रह किया।

गंगरेल, रुद्री डेम,माडमसिल्ली और नरहरा में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

धमतरी। 29 अगस्त 2026। जिले में पर्यटन को नई पहचान और नई ऊंचाई देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर अब गंगरेल, रुद्री डेम माडमसिल्ली और नरहरा जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों पर साफ दिखाई दे रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण इन पर्यटन स्थलों में इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। जलाशयों की शांत लहरों, हरियाली से आच्छादित पहाड़ियों और मनोहारी प्राकृतिक वातावरण के बीच पर्यटक परिवार और मित्रों के साथ सुकून के पल बिताने के साथ ही कयाकिंग, वाटर स्पोर्ट्स और अन्य जलक्रीड़ाओं का रोमांच भी ले रहे हैं। गंगरेल जलाशय और रुद्री डेम पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां जलक्रीड़ा गतिविधियों के विस्तार से पर्यटन को नया आयाम मिला है। कयाकिंग सहित विभिन्न वाटर स्पोर्ट्स के माध्यम से पर्यटक जल की लहरों पर रोमांच का अनुभव कर रहे हैं। वहीं जलाशय का विहंगम दृश्य, सूर्यास्त का मनोहारी नजारा और आसपास की हरियाली पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। माडमसिल्ली और नरहरा भी प्राकृतिक पर्यटन एवं पारिवारिक मनोरंजन के लिए पसंदीदा स्थल के रूप में उभर रहे हैं।

स्कूटी के पैरदान में छिपाकर ले जा रहा था 6.40 किलो गांजा

महासमुंद। पुलिस ने गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पदमपुर रोड स्थित ग्राम पलसापाली अंतरराज्यीय चेकपोस्ट पर एक विधि से संघर्षरत बालक को 6.40 किलो गांजा के साथ पकड़ा है। पुलिस ने गांजा परिवहन में इस्तेमाल की जा रही स्कूटी और मोबाइल समेत कुल 3 लाख 90 हजार रुपए की संपत्ति जब्त की है। कार्रवाई थाना बसना पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की संयुक्त टीम ने की। पुलिस के अनुसार, पलसापाली चेकपोस्ट पर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा के पदमपुर की ओर से एक एक्टिवा स्कूटी क्रमांक ओडी -03-एई -8907 में दो व्यक्ति गांजा लेकर बसना की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम को अलर्ट किया गया और वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी गई।

कुछ देर बाद संदिग्ध स्कूटी चेकपोस्ट पर पहुंची, जिसे पुलिस ने रोककर वाहन सवार विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया। पूछताछ में उसने अपना निवास खेरमंडीगढ़, थाना घंटापाड़ा, जिला बौद्ध (ओडिशा) बताया। स्कूटी की तलाशी लेने पर पैरदान के पास रखी प्लास्टिक बोरी से 6.40 किलो गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में बालक ने पुलिस को बताया कि वह बौद्ध (ओडिशा) से गांजा खरीदकर बसना में रोशन मांझी नामक संपर्क व्यक्ति को देने जा रहा था। मामले में बालक के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की गई है।

मंडी के पास 7 लीटर शराब जब्त

महासमुंद। सरायपाली पुलिस ने नवरंगपुर धान मंडी के पास कार्रवाई करते हुए एक अधेड़ के कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब बरामद की है। जब्त शराब की कीमत करीब 1,400 रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 28 अगस्त को दर्राभाठा निवासी दुर्योधन बरिहा (58) के पास महुआ शराब मिली। पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

विकास कार्यों के साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को भी मिलेगा प्रोत्साहन

दही हांडी आयोजन को लेकर निगम में हुई महत्वपूर्ण बैठक

नगर निगम कराएगी दही हांडी, गणेश स्थल एवं झांकी प्रतियोगिता; सर्व हिंदू संगठन,श्री राम हिंदू संगठन,सर्व हिंदू समाज ने आयोजन में सहयोग की दी सहमति

धमतरी/नवप्रदेश। आगामी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर नगर पालिक निगम धमतरी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर में होने वाले दही हांडी उत्सव, गणेश स्थल सजावट एवं झांकी प्रतियोगिता सहित विभिन्न धार्मिक आयोजनों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। आयोजन को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए नगर निगम द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने पर सहमति बनी। बैठक में महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम शहर के विकास के साथ-साथ धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों को भी निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। उन्होंने कहा कि 'विकास के साथ-साथ धार्मिक आयोजन भी होते रहेंगे। हमारी संस्कृति और परंपराएं हमारी पहचान हैं, इन्हें संरक्षित और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है।' उन्होंने सभी समाज एवं संगठनों से आपसी समन्वय और भाईचारे के साथ आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर निगम के माध्यम से दही हांडी प्रतियोगिता, गणेश उत्सव के दौरान गणेश स्थलों की सजावट तथा आकर्षक झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही धार्मिक उत्सव के अवसर पर पालकी यात्रा एवं भव्य महाआरती जैसे कार्यक्रमों को भी शामिल किया जाएगा। आयोजन में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा शहर की धार्मिक एवं सांस्कृतिक एकता को प्रदर्शित करने पर जोर दिया गया। बैठक में सर्व हिंदू संगठन,श्री राम हिंदू संगठन,विश्व हिंदू परिषद,सहित विभिन्न हिंदू संगठनों एवं सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और आयोजन को लेकर अपनी सहमति एवं सहयोग प्रदान करने की बात कही। प्रतिनिधियों ने कहा कि धमतरी की गौरवशाली धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए सभी संगठन एवं समाज मिलकर कार्य करेंगे। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं होते, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव, भाईचारे और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का माध्यम भी बनते हैं।

वाट्सऐप स्टेटस पर अभद्र टिप्पणी करना पड़ा भारी

■ सरपंच, सचिव और ग्रामीणों पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी, गांव में विवाद की स्थिति बनने पर पुलिस ने की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

धमतरी/नवप्रदेश। सोशल मीडिया के दुरुपयोग और शांति व्यवस्था प्रभावित करने वाले कृत्यों के खिलाफ धमतरी पुलिस ने सख्ती शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय के निर्देशन में बोराई पुलिस ने व्हाट्सऐप स्टेटस के माध्यम से सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों के संबंध में अभद्र टिप्पणी कर गांव का माहौल बिगाड़ने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है। आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नगरी के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल धमतरी भेज दिया गया।

मामला थाना बोराई क्षेत्र के ग्राम कसपुर का है। पुलिस के अनुसार 20 अगस्त 2026 को आरोपी उमेश्वर उर्फ उमेश कुमार चक्रधारी (30 वर्ष), पिता संतूराम चक्रधारी, निवासी ग्राम कसपुर ने अपने व्हाट्सऐप स्टेटस में ग्राम के सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों के संबंध में अभद्र टिप्पणी की थी।

उक्त टिप्पणी के बाद गांव में विवाद एवं अशांति की स्थिति निर्मित होने की शिकायत पुलिस को मिली। बताया गया कि आरोपी को समझाइश दिए जाने के बावजूद वह लड़ाई-झगड़ा एवं मारपीट पर उतारू होने की स्थिति में था। मामले की गंभीरता को देखते हुए ग्राम कसपुर के सरपंच बोधन सिंह मरकाम ग्रामीणों के साथ थाना बोराई पहुंचे और शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया।

शिकायत पर बोराई पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी उमेश्वर उर्फ उमेश कुमार चक्रधारी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया।

नयापारा में पुलिस की दबिश 24 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद/नवप्रदेश। अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने नयापारा वार्ड नंबर-11 में दो अलग-अलग ठिकानों पर दबिश देकर 24 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब जब्त की है। पुलिस ने दोनों मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की है। जब्त शराब की कुल कीमत 4,800 रुपए बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, 29 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिलने पर ग्राम नयापारा निवासी घांसू मेहर (50) के घर दबिश दी गई। तलाशी के दौरान तीन पीले रंग के 5-5 लीटर वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरी 15 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब, जिसकी कीमत 3,000 रुपए है, बरामद हुई। मामले में सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट में कार्रवाई की गई। इसी तरह दूसरी कार्रवाई में नयापारा निवासी नरसिंग मेहर (50) के घर-बाड़ी की तलाशी ली गई।

रक्षाबंधन पर स्वच्छता दीदियों का सम्मान मिठाई के साथ दिए सुरक्षा उपकरण

नपा अध्यक्ष ने कहा- शहर की स्वच्छता व्यवस्था में स्वच्छता दीदियों की भूमिका

महासमुंद/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद की ओर से शहर की स्वच्छता व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने स्वच्छता दीदियों को मिठाई वितरित करने के साथ कार्य के दौरान सुरक्षा के लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण भी प्रदान किए।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष साहू ने स्वच्छता दीदियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे नगर की स्वच्छता व्यवस्था की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। स्वच्छता दीदियां प्रतिदिन घर-घर पहुंचकर कचरा संग्रहण करने के साथ शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में अपना योगदान दे रही हैं। उनके परिश्रम और समर्पण से नगर की स्वच्छता व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियों का सम्मान और उनकी सुरक्षा नगर पालिका की प्राथमिकता है। कार्य के दौरान उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित रहे, इसके लिए आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

चार साल बाद सिम्हाचलम में हुआ भाई-बहन का मिलन

■ शादी समारोह में अचानक मिला रक्षाबंधन का अनमोल अवसर, बहन ने दोनों भाइयों की कलाइयों पर बांधा रक्षा सूत्र

सिम्हाचलम/नवप्रदेश। विशाखापत्तनम रक्षाबंधन का पावन पर्व इस बार एक भाई-बहन के लिए बेहद खास और भावुक पल लेकर आया। चार साल के लंबे अंतराल के बाद तीनों भाई-बहन एक रिश्तेदार के शादी समारोह में सिम्हाचलम, विशाखापत्तनम में एक साथ मिले। इसी दौरान रक्षाबंधन का पर्व भी पड़ गया और बहन ने अपने दोनों भाइयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांधकर वर्षों से अधूरी रह रही इस परंपरा को पूरा किया। हर वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर भाइयों की कलाई सूनी रह जाती थी। बहन डोंगरगढ़ में रहती हैं, जबकि दोनों भाई भोपाल में कार्य करते हैं।

सभापति कौशल्या के निवास पर वार्डवासियों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात'

धमतरी/नवप्रदेश। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें प्रसारण को नगर निगम धमतरी की सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन के निवास पर वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सुना। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा देशवासियों के साथ साझा किए गए महत्वपूर्ण विषयों, जनभागीदारी से जुड़े प्रयासों तथा राष्ट्र निर्माण के संदेश को उपस्थित लोगों ने पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री जी के प्रेरणादायी विचारों से प्रेरणा लेते हुए उपस्थित लोगों ने समाजहित एवं राष्ट्रहित में सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प लिया। सभापति श्रीमती कौशल्या देवांगन ने कहा कि 'मन की बात' महज एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के कोने-कोने में समाज के लिए सकारात्मक कार्य कर रहे लोगों की प्रेरक कहानियों और उपलब्धियों को देशवासियों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री जी के विचार जनसेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, आत्मनिर्भरता, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण के लिए लोगों को निरंतर प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के संदेशों से आमजन में सामाजिक जिम्मेदारी और देश के विकास में अपनी सहभागिता निभाने की भावना मजबूत होती है। 'मन की बात' के माध्यम से स्थानीय स्तर पर किए जा रहे अच्छे कार्यों को भी नई प्रेरणा और दिशा मिलती है।

40 साल पुरानी पाइपलाइन कल से बदलेगी

■ बारिश के बीच महापौर रामू रोहरा ने किया स्थल निरीक्षण, अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

धमतरी/नवप्रदेश। शहरवासियों को पेयजल की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने और वर्षों पुरानी जल समस्या से राहत दिलाने की दिशा में नगर निगम ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कोऑपरेटिव बैंक के सामने वाली गली से शिव चौक तक करीब 250 मीटर लंबी 40 वर्ष पुरानी पाइपलाइन को तत्काल बदलने के निर्देश महापौर रामू रोहरा ने दिए हैं। महापौर रामू रोहरा ने लगातार हो रही बारिश के बीच जल विभाग के सभापति अखिलेश सोनकर, पिंटू यादव मेघराज ठाकुर, अज्जू देशलहरे एवं जल विभाग के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर पाइपलाइन का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने पुरानी पाइपलाइन की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को बिना किसी देरी के पाइपलाइन बदलने और नागरिकों को बेहतर पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि जनता की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं के निराकरण में नगर निगम किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं करेगा। 40 साल पुरानी पाइपलाइन के कारण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही थीं। इसे देखते हुए तत्काल नई पाइपलाइन बिछाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार और नगर निगम का मूल मंत्र विकास के साथ जनसेवा है और शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से और निर्धारित समय में पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।

जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने कहा कि महापौर के निर्देशानुसार पाइपलाइन बदलने की कार्रवाई तत्काल शुरू की जाएगी। पुरानी और जर्जर पाइपलाइन के स्थान पर नई पाइपलाइन बिछने से क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था और अधिक सुचारु एवं मजबूत होगी।

नगर निगम द्वारा नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने की दिशा में किए जा रहे इस कार्य से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

बिजली लाइन विस्तार के दौरान साइट इंजीनियरों से मारपीट

महासमुंद। ग्राम अमावस में 11 केवी विद्युत लाइन के विस्तार कार्य के दौरान साइट इंजीनियरों से मारपीट और मोबाइल तोड़ने के मामले में तुमगांव पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार एके इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीनियर साइट इंजीनियर शुभम मिश्रा ने शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत के मुताबिक 3 अगस्त 2026 को अमावस में बेलटुकरी फीडर की 11 केवी विद्युत लाइन का विस्तार कार्य चल रहा था। दोपहर करीब 1 बजे गांव का योगेंद्र जेंड्रे उर्फ यमराज नशे की हालत में पहुंचा और साइट इंजीनियर अर्जुन वर्मा से काम बंद करने को कहा। आरोप है कि उसने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट की। शुभम मिश्रा ने बीच-बचाव कर अर्जुन को छुड़ाया। इसके बाद जगत टंडन भी मौके पर पहुंचा और काम बंद करने को लेकर गाली-गलौज करने लगा।

छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड लगातार दूसरे वर्ष प्रदान करेगा 'विश्व पर्यटन दिवस पुरस्कार-2026'

■ होटल से टूर ऑपरेटर, होमस्टे, इको-टूरिज्म, एडवेंचर पर्यटन और सोशल मीडिया तक 10 श्रेणियों में होंगे पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में पर्यटन क्षेत्र को नई पहचान देने, पर्यटन से जुड़े उद्यमियों, संस्थाओं एवं व्यक्तियों के उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करने तथा राज्य के पर्यटन स्थलों के विकास, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा 'विश्व पर्यटन दिवस पुरस्कार-2026' प्रदान किए जाएंगे। इस पुरस्कार योजना के तहत पर्यटन क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले होटल, पंजीकृत टूर ऑपरेटर, जिले, पर्यटन स्टार्टअप, रिसॉर्ट, पर्यटक सूचना केंद्र, होमस्टे, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, इको-टूरिज्म साइट और एडवेंचर टूरिज्म संचालकों को सम्मानित किया जाएगा।

योजना के अंतर्गत कुल 10 श्रेणियों में एक-एक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक विजेता को 11 हजार की पुरस्कार राशि एवं मोमेंटो प्रदान किया जाएगा। पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 सितंबर 2026 निर्धारित की गई है।

पर्यटन की पूरी श्रृंखला को प्रोत्साहित करने पर जोर

'विश्व पर्यटन दिवस पुरस्कार-2026' की खासियत यह है कि इसमें पर्यटन को केवल पर्यटन स्थलों तक सीमित न रखते हुए उससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों को भी सम्मान के दायरे में शामिल किया गया है। आतिथ्य, पर्यटन संचालन, जिला पर्यटन प्रबंधन, उद्यमिता, रिसॉर्ट सेवाएं, पर्यटक सहायता, होमस्टे, डिजिटल प्रचार, पर्यावरण संरक्षण और साहसिक पर्यटन जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

पुरस्कार की 10 श्रेणियां हैं

1. सर्वश्रेष्ठ होटल
2. सर्वश्रेष्ठ पंजीकृत टूर ऑपरेटर
3. सर्वश्रेष्ठ जिला टूरिज्म प्रमोशन अवॉर्ड
4. सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्टार्टअप/उद्यमिता पुरस्कार
5. सर्वश्रेष्ठ रिसॉर्ट
6. पर्यटक सूचना केंद्र
7. सर्वश्रेष्ठ होमस्टे
8. सर्वश्रेष्ठ सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर
9. सर्वश्रेष्ठ इको टूरिज्म साइट अवॉर्ड
10. सर्वश्रेष्ठ एडवेंचर टूरिज्म अवॉर्ड

बेहतर सेवाओं और नवाचार को मिलेगा सम्मान

सर्वश्रेष्ठ होटल श्रेणी में राज्य के आतिथ्य क्षेत्र में प्रभावशाली सेवाएं एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले पर्यटन उद्यम को सम्मानित किया जाएगा। इसमें MICE सुविधाओं, पिछले वित्तीय वर्ष के वित्तीय प्रदर्शन, वार्षिक कारोबार और आयोजित कार्यक्रमों की संख्या जैसे मानकों को आधार बनाया जाएगा। पर्यटन प्रचार, सतत पर्यटन, CSR गतिविधियों और रोजगार सृजन में योगदान को भी मूल्यांकन में महत्व दिया जाएगा।इसी तरह सर्वश्रेष्ठ पंजीकृत टूर ऑपरेटर का चयन आवास, परिवहन, दर्शनीय स्थलों की यात्रा, मनोरंजन और अन्य पर्यटन गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा छत्तीसगढ़ के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयासों के आधार पर किया जाएगा। राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में भागीदारी, इटिनरेरी एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से पर्यटन का प्रचार तथा वेबसाइट और सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग को भी मूल्यांकन में शामिल किया जाएगा।

न्यूज गैलरी

'मन की बात' में खोखले दावे: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री मोदी के एकतरफा संवाद, रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात', पर कटाक्ष करते हुए प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि देश के युवाओं जेन जी और जेन अल्फ़ा का भरोसा खो चुकी मोदी सरकार अब इतिहास जानने के लिए झूठे स्क्रिप्ट लिखने और भ्रम फैलाने के लिए कुख्यात भाजपा के वेबसाईट पर आने का आह्वान कर रही है। भाजपा प्रायोजित रेडियो इवेंट में नशामुक्ति और महिला सशक्तिकरण को लेकर किए गए दावे केवल कागजी है, हकीकत यह है कि मुद्रा पोर्ट से हजारों करोड़ के ड्रग्स देश के कोने कोने तक फैल गया, महिलाओं के खिलाफ होनेवाले अपराधों में अपराधियों का साथ देने वाले किस मुंह से 'नारी शक्ति सम्मान' की बात करते हैं? श्री शुक्ला ने कहा है कि जनता के प्रति जवाबदेही और संवाद लोकतंत्र की खूबसूरती है लेकिन अधिनायकवादी मोदी सरकार संवाद के दायित्व से भाग रही है, 12 साल से देश के एक भी प्रेस वार्ता आयोजित नहीं करना, संसद में विपक्ष के सवालों से भागना और अपनी सुविधा से महीने का अंतिम रविवार चुनकर 'मन की बात' के नाम पर केवल एकतरफा संवाद करना केवल राजनैतिक नौटकी है।श्री शुक्ला ने कहा है कि देश के युवाओं, महिलाओं और आम जनता की वास्तविक समस्याओं को नजरअंदाज करके केवल रेडियो पर बड़ी बातें करने के बजाय सरकार को धरातल पर काम करना चाहिए। महंगाई, बेरोजगारी, अवैध नशे के बढ़ते कारोबार, बढ़ती असमानता, पेपर लीक और चढ़ावा चोरी पर जवाब देना चाहिए। एक तरफ यह सरकार 'नारी शक्ति सम्मान' के जरिए सम्मान की बातें की जाती हैं, वहीं दूसरी तरफ राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध और असुरक्षा के मामले बढ़ रहे हैं। यह भाजपा का केवल 'प्रचार स्टंट' है।

भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक आज

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की एक दिवसीय महत्वपूर्ण प्रदेश कार्यसमिति बैठक कल दिनांक 31 अगस्त को रायपुर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय, कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित की जा रही है। यह बैठक प्रातः 09 बजे से सायं 05 बजे तक विभिन्न सत्रों में संपन्न होगी। भाजपा किसान मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति के उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ शासन के कृषि मंत्री रामविचार नेताम करेंगे। दिनभर चलने वाले विभिन्न संगठनात्मक सत्रों में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय तथा केंद्रीय मंत्री तोखन साहू सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे।बैठक के समापन सत्र में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय कार्यकर्ताओं को अपना मार्गदर्शन प्रदान करेंगे और उनके उद्बोधन के साथ ही कार्यसमिति का विधिवत समापन होगा। इस बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकार की किसान कल्याणकारी योजनाओं, संगठनात्मक विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य एवं जिला स्तर के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

शराब की अवैध बिक्री के दो मामलों में एक महिला समेत दो पर केस

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए रायपुर पुलिस कमिश्नरेट के नॉर्थ जोन में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। गुढ़ियारी और उरला थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री के दो

मामलों में एक महिला और एक पुरुष के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। वहीं खम्हारडीह और उरला थाना क्षेत्र में तीन लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। गुढ़ियारी पुलिस ने अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने पर सावित्री बंजारे (50), निवासी सतनामी पारा, गुढ़ियारी के खिलाफ कार्रवाई की। उसके कब्जे से 35 पौवा देशी शराब, कुल 6.300 लीटर, जिसकी कीमत करीब 2,800 रुपये बताई गई है, बरामद कर जब्त की गई। आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उरला पुलिस ने आकाश सिंह (25), निवासी अनूपपुर, मध्यप्रदेश, हाल पता सिलतरा, धरसीवा के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। उसके कब्जे से 30 पौवा देशी शराब, कुल 5.4 लीटर, बरामद कर जब्त की गई। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। त्योहारी सीजन के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए खम्हारडीह पुलिस ने गौतम धीवर (30), निवासी मंडल पारा कचना के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। इसी क्रम में उरला पुलिस ने दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ भी धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की। इस तरह नॉर्थ जोन में कुल तीन लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि त्योहारी सीजन को देखते हुए क्षेत्र में लगातार निगरानी और सतर्कता बरती जा रही है। अवैध शराब सहित अन्य असामाजिक गतिविधियों और कानून-व्यवस्था प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

---

9 प्रमुख चौक-चौराहों पर चला अभियान, 44 कार चालक नशे की हालत में मिले

ड्रंक एंड ड्राइव पर ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, नशे में मिले 51 वाहन चालक

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस कमिश्नरेट रायपुर द्वारा ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 30 अगस्त की रात अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त यातायात राम कुमार बर्मन के नेतृत्व और सभी सहायक पुलिस आयुक्त यातायात की उपस्थिति में शहर के 9 प्रमुख चौक-चौराहों एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान आधुनिक ब्रीथ एनालाइजर से जांच के दौरान 44 कार, 4 टाटा एस पिकअप, 2 ट्रक/टैंकर और 1 बस समेत कुल 51 वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए। सभी के खिलाफ मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई।

2026 में अब तक 3957 मामलों में कार्रवाई

यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2026 में अब तक कुल 3957 ड्रिंक एंड ड्राइव मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। नशे की अवस्था में वाहन चलाने से चालक की निर्णय क्षमता, प्रतिक्रिया समय और वाहन पर नियंत्रण प्रभावित होता है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा जीरो टॉलरेंस नीति के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है।

डीसीपी ट्रैफिक ने की अपील

डीसीपी ट्रैफिक डॉ. अर्चना झा ने नागरिकों से अपील की है कि शराब अथवा किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन करने के बाद वाहन न चलाएं। आवश्यकता होने पर टैक्सी, सार्वजनिक परिवहन या परिवार के किसी सदस्य की सहायता लें। नशे में वाहन न चलाना स्वयं के साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं के जीवन की सुरक्षा के प्रति भी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ यातायात पुलिस का यह अभियान आगामी दिनों में भी लगातार जारी रहेगा।

युकां चुनाव: पहले दिन शाम तक 35 हजार वोट

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए रविवार को मतदान शुरू हुआ। पहले दिन शाम पांच बजे तक करीब 35 हजार वोट डाले जा चुके थे। बताया गया कि मतदान 29 सितंबर तक चलेगा और संभवतः नवंबर तक नतीजे घोषित किए जाएंगे। युवक कांग्रेस के चुनाव ऑनलाइन हो रहे हैं। 18 वर्ष से अधिक और 35 वर्ष से कम उम्र के युवा सदस्यता लेने के साथ ही मतदान के पात्र हैं। यानी सदस्यता अभियान और चुनाव प्रक्रिया साथ-साथ चल रही है।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 17 प्रत्याशी मैदान में हैं। मुख्य मुकाबला शैलेन्द्र बंजारे और सत्येन्द्र चेलक के बीच बताया जा रहा है। इसके अलावा प्रशांत बोकाड़े, हनी बग्गा, सजल चंद्राकर, जसमीत शर्मा सहित अन्य प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं। उपाध्यक्ष के दो पद अनारक्षित हैं, जबकि बाकी करीब दर्जनभर पद अलग-अलग वर्गों के लिए आरक्षित हैं। एक मतदाता ब्लॉक अध्यक्ष से लेकर प्रदेश अध्यक्ष

तक अलग-अलग छह पदों के लिए मतदान कर सकता है। पहले दिन शाम पांच बजे तक करीब 35 हजार वोट डाले जा चुके थे।

बताया गया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थक सत्येन्द्र चेलक के लिए वोट मांग रहे हैं। वहीं भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव शैलेन्द्र बंजारे के लिए मेहनत कर रहे हैं। शैलेन्द्र को निवर्तमान युवक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा का भी समर्थन है। बताया गया कि 29 सितंबर तक मतदान होगा। इसके बाद मतों की जांच और गिनती की प्रक्रिया शुरू होगी। नवंबर तक नतीजे घोषित किए जाने की संभावना है। गौरतलब है कि राजस्थान में अप्रैल में चुनाव हो चुके हैं, लेकिन उनके नतीजे अब तक घोषित नहीं किए जा सके हैं।

'सेवा संकल्प' के नाम पर नौनिहालों को झोंकना शर्मनाक : दीपक बैज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के द्वारा केंद्र सरकार के प्रचार प्रसार और मोदी के 25 सालों के कार्यकाल को लेकर प्रस्तावित 'सेवा संकल्प अभियान' को सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग से झूठ को सच बता कर अपनी नाकामी छुपाने का कुत्सित प्रयास बताते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि भाजपा सरकार अपनी अक्षमता पर पर्देदारी करने के लिए मासूम स्कूली बच्चों को राजनीति की भट्टी में झोंकने जा रही है, यह फैसला सीधे तौर पर शिक्षा संहिता और बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। प्रदेश के 260 सरकारी स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं हैं, 12 हजार से ज्यादा स्कूल एकल शिक्षक के भरोसे छोड़ दिया गया है, आत्मानंद स्कूलों की व्यवस्था ठप्प पड़ी है, लेकिन बच्चों को पढाई छोड़कर भाजपा की 'राजनीतिक रैली' और झूठे स्क्रिप्टेड भाषण सुनने और सुनाने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

श्री बैज ने कहा है कि अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल भेजते हैं, भाजपा के राजनीतिक आयोजनों की भीड़ बढ़ाने के लिए नहीं। अब यह सरकार स्कूली बच्चों की पढ़ाई का नुकसान कर उन्हें राजनीतिक प्रचार का औजार बनाने जा रही है।

बच्चों के परिवहन, सुरक्षा और खान-पान में लापरवाही की जिम्मेदारी कौन लेगा? पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने 'स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल' बनाकर बच्चों के भविष्य को सवांरा था और छत्तीसगढ़ी संस्कृति व शिक्षा पर जोर दिया था। वहीं भाजपा सरकार बच्चों को अपनी राजनीतिक रैलियों में 'भीड़' की तरह इस्तेमाल कर रही है। भाजपा अपनी फ्लॉप रैलियों और आयोजनों में भीड़ न जुटने के डर से स्कूली बच्चों को मोहरा बना रही है। यह सीधे तौर पर मासूम बचपन पर डाका और प्रशासनिक ताकत का दुरुपयोग है। नौनिहालों का भविष्य गढ़ने के बजाय सरकार उन्हें मोदी जी के फर्जी गुणगान में पढ़ाई पर ताला लगाकर, भाजपा का प्रचार कराना चाहती है।

गुरु वंदन उत्सव: ऑडिशन में पहले दिन कई प्रतिभाएं

बारिश के बावजूद दिखा अभूतपूर्व उत्साह

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, नगर निगम रायपुर, कला केंद्र एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'तिरंगा शक्ति फेस्ट 2026 गुरु वंदन उत्सव' के अंतर्गत आयोजित सिंगिंग एवं डांसिंग ऑडिशन के प्रथम दिवस में प्रतिभाओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित इस विशेष ऑडिशन में शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

बारिश के बावजूद प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बना। लगातार बारिश के बीच भी बड़ी संख्या में प्रतिभागी अपनी प्रस्तुतियां देने के लिए पहुंचे। ऑडिशन स्थल पर प्रतिभागियों एवं उनके अभिभावकों में खासा उत्साह देखने को मिला।ऑडिशन के प्रथम दिवस में 94 से अधिक प्रस्तुतियां हुईं। गायन एवं नृत्य की

इन प्रस्तुतियों में प्रतिभागियों ने बॉलीवुड, देशभक्ति एवं भक्ति थीम पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों के आत्मविश्वास, रचनात्मकता एवं मंचीय प्रस्तुति ने निर्णायक मंडल को भी प्रभावित किया।

ऑडिशन में निर्णायक के रूप में पद्मश्री छायाधर भारती, छत्तीसगढ़ के बेहद प्रतिष्ठित एवं सुप्रसिद्ध कबीर गायन एवं सूफी गायक, ने पूरे उत्साह एवं आत्मीयता के साथ प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को गायन की बारीकियों, सुर एवं प्रस्तुति के संबंध में उपयोगी सुझाव दिए और कई प्रतिभागियों को मौके पर ही बेहतर प्रस्तुति के लिए सिखाया एवं मार्गदर्शन प्रदान किया।

इसी प्रकार राजू शर्मा, छत्तीसगढ़ की लोक नृत्य धरोहर के प्रतिष्ठित कलाकार, ने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करने के साथ-साथ उन्हें नृत्य की बारीकियों, भाव-भंगिमा एवं मंचीय प्रस्तुति के संबंध में मार्गदर्शन दिया।संतोष चंद्राकर, छत्तीसगढ़ लोक रत्न एवं बहुमुखी प्रतिभा के धनी कलाकार, ने भी प्रतिभागियों को उनकी प्रस्तुतियों में सुधार के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा अपनी कला एवं अनुभव के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान निर्णायकों का प्रतिभागियों के साथ सीधा संवाद, सीखने-सिखाने का माहौल और उत्साहवर्धन ऑडिशन का विशेष आकर्षण रहा। निर्णायकों ने केवल प्रतिभा का आकलन नहीं किया, बल्कि प्रतिभागियों के लिए यह अवसर एक सीखने और अपनी कला को निखारने का मंच भी बना।

प्रतिभागियों के उत्साह एवं बड़ी संख्या में प्राप्त हो रही सहभागिता को देखते हुए ऑडिशन की तिथि एक दिन के लिए और बढ़ा दी गई है। अब इच्छुक शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी 31 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक ऑडिशन टाउन हॉल, रायपुर में भाग ले सकते हैं। आयोजन समिति ने अधिक से अधिक प्रतिभागियों से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।ऑडिशन में चयनित प्रतिभागियों को आगामी 3 सितंबर 2026 को शहीद स्मारक भवन, रायपुर में आयोजित होने वाले भव्य ग्रैंड फिनाले में प्रस्तुति देने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने सभी प्रतिभागियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं दर्शकों के उत्साह और सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए आगामी ऑडिशन में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता की अपील की है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस: बी प्राक और लखबीर सिंह लक्खा बिखेरेंगे जलवा, भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन होगा रायपुर

गुढ़ियारी में 15 लाख रुपये की दही हांडी के लिए मचेगी होड़

भव्य दही हांडी उत्सव में विजेता टोली को मिलेगा 15 लाख का पुरस्कार, बी प्राक समेत दिग्गज कलाकार देंगे प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी रायपुर के गुढ़ियारी में भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर सार्वजनिक दही हांडी उत्सव समिति एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के विशेष सहयोग से 5 सितंबर, शनिवार को विशाल दही हांडी उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से अवधपुरी मैदान, दही हांडी उत्सव स्थल, श्रीनगर रोड, गुढ़ियारी में आयोजित होगा।

आयोजन के 16वें वर्ष में इस बार दही हांडी प्रतियोगिता को और भव्य रूप दिया गया है। प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड, ओडिशा सहित अन्य राज्यों की गोविंदा टोलियां हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता के विजेता दल को 15 लाख रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं अन्य प्रतिभागी गोविंदा टोलियों को भी समिति की ओर से सांत्वना राशि दी जाएगी। समिति के संयोजक बसंत अग्रवाल एवं सह-संयोजक हेमेन्द्र साहू ने बताया कि अब तक रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव सहित विभिन्न क्षेत्रों की लगभग 26 गोविंदा टोलियों एवं महिला गोविंदा टोलियों ने पंजीयन कराया है। महाराष्ट्र तथा मध्यप्रदेश के भण्डारा इंदौर और जबलपुर से भी टोलियों ने अपना नाम दर्ज कराया है। प्रतियोगिता में भाग लेना पूर्णतः निःशुल्क है।

बी प्राक की आवाज पर झूमेंगे युवा

दही हांडी उत्सव में इस वर्ष धार्मिक आयोजन के साथ-साथ भव्य सांस्कृतिक संध्या भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहेगी। सुपरस्टार एवं यूथ फेम बी प्राक, अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक लखबीर सिंह लक्खा एवं छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक गायिका गरिमा स्वर्णा दिवाकर अपनी शानदार प्रस्तुतियां देंगे। आयोजन में बड़ी संख्या में कृष्ण भक्त और युवा शामिल होंगे।

ग्रीस युक्त खंभा दही हांडी विशेष आकर्षण

इस बार भी आयोजन में पुरुष दही हांडी, महिला दही हांडी एवं ग्रीस युक्त खंभा दही हांडी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। विभिन्न राज्यों से आने वाली गोविंदा टोलियां अपने साहस, उत्साह और टीम भावना का प्रदर्शन करेंगी।आम श्रद्धालुओं एवं गोविंदा टोलियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समिति द्वारा प्रशासन के सहयोग से पुलिस व्यवस्था, प्राथमिक उपचार केंद्र एवं आपातकालीन स्थिति के लिए एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के बैठने की भी समुचित व्यवस्था की गई है।सार्वजनिक दही हांडी उत्सव समिति के संयोजक बसंत अग्रवाल ने समस्त कृष्ण भक्तों, युवाओं एवं रायपुरवासियों से अपील की है कि वे बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के इस भव्य आयोजन का हिस्सा बनें।

नवप्रदेश
रायपुर, सोमवार, 31 अगस्त 2026
Email: navpradesh@gmail.com

सुविचार

इत्र, मित्र, चित्र और चरित्र किसी पहचान के मोहताज नहीं है। ये चारों अपना परिचय स्वयं देते हैं। - अज्ञात

नेपाल में प्रकृति की विनाशलीला

भारत के पड़ौसी देश नेपाल में प्रकृति ने जो विनाशलीला की है उससे नेपाल में भारी जनधन की हानि हुई है। कुछ साल पूर्व ही नेपाल में विनाशकारी भूंकप आया था और इससे भी नेपाल तबाही की कगार पर पहुंच गया था। कुदरत के उस कहर से जैसे तैसे नेपाल निपटा ही था कि जल प्रलय का उसे सामना करना पड़ गया। नेपाल में आई भीषण बाढ़ के कारण छह सौ से अधिक लोगों की मौत हो गई है और इनमें से भी अधिकांश सवों को पहचानना मुश्किल हो गया है। मृतकों का आंकड़ा और ज्यादा बढ़ सकता है क्योंकि 2000 से अधिक लोग अभी भी लापता बताये जाते हैं। नेपाल को जो भारी क्षति पहुंची है उसके लिए नेपाल सरकार ने विश्व समुदाय से मद्द की गुहार लगाई है उसने विश्व बैंक से पच्चीस अरब रूपये की आपात सहायता स्वीकृत करने का अनुरोध किया है। प्राकृतिक आपदा पीड़ित नेपाल की मानवीय आधार पर सहायता करने से विश्व समुदाय को अपने हाथ आगे बढ़ाने चाहिए। भारत ने पड़ौसी धर्म का निर्वहन करते हुए तीन विमानों से लगभग पचास टन राहत समाग्री नेपाल पहुंचाई है जिसमें खाद्य समाग्री और दवाईयों के अलावा अस्थाई सेलटर आदि शामिल हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री से बातचीत करके उन्हें भरोसा दिया है कि नेपाल की जरूतरों के मुताबिक भारत उसे और भी राहत सहायता उपलब्ध कराएगा। अलबत्ता चीन ने अब तक नेपाल की मदद के लिए हाथ नहीं बढ़ायें हैं जबकि नेपाल में आई इस आपदा के लिए काफी हद तक चीन ही जिम्मेदार है। जिसने हिमालय के ग्लेशियर पिघलने के कारण जल प्रलय आने की चेतावनी दी न सिर्फ अनदेखी की बल्कि उससे नेपाल को अवगत भी नहीं कराया। यदि चीन आने वाले खतरे को लेकर नेपाल को सावधान कर देता तो इतनी बड़ी संख्या में जनहानि से बच सकता था। अभी भी नेपाल से खतरा टला नहीं है। चीन और तिब्बत सीमा पर अस्थाई झील बन गई है। जिसके टूटने का खतरा मंडरा रहा है। यदि उस झील से भी पानी बहा तो नेपाल में एक बार फिर भीषण बाढ़ आ सकती है। इसकी भनक लगते ही अब नेपाल में भगदड़ की स्थिति बन गई है और निचले इलाकें में रहने वाले हजारों लोग अपना गांव और घर छोड़ कर भाग रहे हैं। वाकई नेपाल में स्थिति बेहद गंभीर है। वहां राहत व बचाव कार्य में हजारों कर्मचारी लगे हुए हैं लेकिन सड़को पुलों और विद्युत परियोजनाओं के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण राहत व बचाव कार्य में भारी दिक्कतें आ रही हैं। बचाव कार्य में लगे कर्मियों की मदद के लिए स्थानीय लोग में भी जुटे हुए हैं। लेकिन अपदा इतनी बड़ी है कि पीड़ित लोगों तक मदद तेजी से नहीं पहुंच पा रही है। बहरहाल नेपाल सरकार अपने स्तर पर संकट से निपट रही है लेकिनन विश्व समुदाय को उसकी सहायता के लिए आगे आना चाहिए। जिस तरह भारत ने वहां सहायता भेजी है अन्य देशों को भी नेपाल की मुक्तहस्त से सहायता करली चाहिए। ताकि नेपाल में एक और आपदा आने की स्थिति में वहां की सरकार उस संकट से भी जूझने में सक्षम हो पाये। विश्व बैंक को भी तत्काल नेपाल की आर्थिक सहायता स्वीकृत करनी चाहिए। रही बात भारत सरकार की तो उसने नेपाल में फंसे भारतीयों को बचाने और अपने देश वापस लाने के लिए कारगर कदम उठाये हैं। नेपाल स्थित भारतीय दुतावास में विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जो नेपाल में रह रहे भारतीयों की मदद कर रहा है। अब तक दो दर्जन से अधिक भारतीयों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। वहीं बड़ी संख्या में जो भारतीय तीर्थयात्री लापता हुए हैं जो कैलाश मानसरोवर की यात्रा पर गये थे उनकी भी तलाश की जा रही है। भारत नेपाल को और भी सहायता उपलब्ध कराने के लिए तैयार है।

जेन जी और सत्ता के समीकरणों में संघ के बदलते रूप

आलोक मेहता

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय 'केशव कुंज' में एक पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में जेन जी और जेन अल्फा के हंगामी प्रचार पर बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। उन्होंने इन दोनों श्रेणियों को पूरी तरह से पश्चिमी और यूरोपीय अवधारणा बताते हुए खारिज कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारे देश में जेन जी या जेन अल्फा जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं है। ये शब्द अमेरिका और यूरोप से आते हैं, उस संस्कृति से हमारा कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा, मेरे लिए हमारे देश और असम के युवा कोई 'जेन जी' या 'जेन अल्फा' नहीं हैं, बल्कि वे हमारे अपने बेटे और बेटियां हैं। हम अपने बच्चों को किसी भी श्रेणी में नहीं बांटेंगे।

उन्होंने कहा कि भारतीय समाज पारंपरिक रूप से पीढ़ियों को पारिवारिक रिश्तों (जैसे माता-पिता, दादा-दादी, बेटे-बेटी) के माध्यम से समझता है। इसलिए बच्चों को ऐसे पश्चिमी लेबलों में कैद करने के बजाय, हमें एक परिवार की तरह मिलकर रहना चाहिए और बच्चों के कल्याण व देश को आगे बढ़ाने के लिए काम करना चाहिए। पुस्तक विमोचन के बाद उन्होंने यह टिप्पणी गुजरात (सोमनाथ) और मीडिया के अन्य पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान भी साझा की।

हाल के वर्षों में हिमंत बिस्वा सरमा भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री के रूप में ही नहीं भारतीय जीवन मूल्यों , संस्कारों , हिंदुत्व की संस्कृति पर प्रभावी ढंग से राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगे हैं । वह संभवतः कभी संघ के स्वयंसेवक नहीं रहे होंगे , लेकिन कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता से शीर्ष नेता बनते हुए असम और सम्पूर्ण भारत के लिए विदेशी ताकतों संगठनों से हुए नुक्सान को गहराई से समझे हुए हैं।पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में भी उन्होंने अन्य लोगों की अपेक्षा अधिक विनम्रता और दृढ़ता से अपनी बातें रखी। जबकि संघ से जुड़े वक्त जेन जी जेन अल्फ़ा का उल्लेख करते हुए औपचारिक भाषण देते रहे ।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख सरसंघचालक मोहन भागवत ने भी आधुनिक सामाजिक परिस्थितियों के अनुरूप संगठन के डिजिटल विस्तार की जरूरत स्वीकार की है। एक रिपोर्ट के अनुसार संघ जेन जी और डिजिटल संपर्क तंत्र पर ध्यान दे रहा है तथा स्वयंसेवकों को तकनीक के उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वहीं श्री भागवत ने चेतावनी दी कि

संगठन को केवल प्रचारोन्मुख नहीं बनना चाहिए। यह बहुत दिलचस्प विरोधाभास है। हाल के वर्षों में संघ भाजपा में यह अंतर्विरोध चुनौतियों के साथ खतरा भी बन रहा है । इसमें कोई शक नहीं कि संघ प्रमुख और उनके सहयोगी दत्तात्रेय होसबोले के साथ कई प्रचारक मूल संस्कारों और विचारधारा पर जोर दे रहे हैं। दोनों संगठनों में जहाँ समर्पित लोग हैं , वहीँ सत्ता से पद और स्वार्थों की पूर्ति में लगे हैं। इससे छवि पर असर पड़ रहा है। हाल ही में दिल्ली के जंतर मंतर पर कॉकरोच पार्टी के आंदोलन और उसके पीछे रही बाहरी ताकतों संगठनों के दबाव से सरकार के कुछ नेताओं को जेन जी का राग गाना पड़ा है। लेकिन सत्ता से लाभान्वित संघ भाजपा के युवा संगठनों ने छात्रों की समस्याओं पर संघर्ष और सहयोग के लिए क्या कोई योगदान दिया? सही बात तो यह है कि भाजपा के कई नेताओं की तरह दूसरी तीसरी पंक्तिं के नेता कार्यकर्ता सोशल मीडिया पर प्रचार तक सीमित रहने लगे। इसीलिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अधिकांश बैठकों में सांसदों विधायकों और अन्य नेताओं को जनता के बीच घर घर तक जाने की आवश्यकता बता रहे हैं। आख़िरकार जनता से जुड़े होने के कारण उत्तर पश्चिम भारत के साथ पूर्वोत्तर में संघ भाजपा शक्तिशाली होकर सत्ता में आई।

मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भी 'ग्रिट एंड ग्लोरी' नामक जिस पुस्तक का लोकार्पण किया वह असम और पूर्वोत्तर भारत के उन लोगों के योगदान को रेखांकित करती है, जिन्होंने बहुत ही निष्ठा और निस्वार्थ भाव से संघ के साथ मिलकर काम किया और क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन लाने में अपना योगदान दिया।यह पुस्तक पूर्वोत्तर भारत के इतिहास, उसकी चुनौतियों और वहाँ हुए सामाजिक बदलावों पर केंद्रित है। इसमें विशेष रूप से आरएसएस के प्रचारकों और उससे जुड़े संगठनों के उन कार्यकर्ताओं के अनुभवों को संकलित किया गया है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में काम किया। वे लोग बिना किसी स्थापित नेटवर्क या संसाधनों के बेहद सुदूर और अपरिचित क्षेत्रों में गए। उन्होंने कठिन जीवन परिस्थितियों, उग्रवादी समूहों की धमकियों, शारीरिक हमलों और अन्य कठिनाइयों का सामना करते हुए भी समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण का अपना काम जारी रखा। अक्सर इस क्षेत्र को केवल संघर्ष, अलगाववाद या उग्रवाद के चश्मे से देखा जाता रहा है। लेकिन यह पुस्तक दर्शाती है कि समाज केवल सरकारी नीतियों या संस्थाओं से नहीं बदलता, बल्कि जमीन पर चुपचाप काम करने वाले लोगों के साहस, दृढ़ता और सेवा भाव से बदलता है।

संघ में प्रचारक का अर्थ ही था–व्यक्तिगत सुविधा छोड़कर संगठन को पूरा समय देना। प्रचारक अक्सर साधारण जीवन जीता था, एक जगह से दूसरी जगह जाता था, कार्यकर्ताओं के घर रुकता था, साइकिल/बस/रेल से यात्रा करता था और स्थानीय समाज में लगातार व्यक्तिगत संपर्क बनाता था।उसकी सबसे बड़ी ताकत मोबाइल फोन, सोशल मीडिया या बड़ा कार्यालय नहीं, बल्कि व्यक्ति से व्यक्ति का संपर्क थी।इसीलिए पुराने प्रचारक किसी शहर में पहुंचते थे तो पत्रकार, शिक्षक, व्यापारी, किसान, विद्यार्थी, डॉक्टर, वकील और स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं के घर जाकर घंटों बातचीत करते थे। शाखा और छोटी बैठकों के माध्यम से धीरे-धीरे नेटवर्क बनता था।

बांग्लादेश का चीनी दांव, भारत के लिए कितना खतरा?

महेन्द्र तिवारी

दक्षिण एशिया की भू राजनीति एक ऐसे दौर से गुजर रही है, जहां सैन्य शक्ति, कूटनीति और तकनीकी वर्चस्व तीनों मिलकर नए क्षेत्रीय समीकरण बना रहे हैं। भारत के पूर्वी पड़ोसी बांग्लादेश द्वारा चीन से 20 जे 10सीई लड़ाकू विमान खरीदने की दिशा में बढ़ाया गया कदम इसी परिवर्तन का महत्वपूर्ण संकेत माना जा रहा है। लगभग 2.3 अरब डॉलर के इस प्रस्तावित रक्षा समझौते ने केवल ढाका और बीजिंग के संबंधों को ही चर्चा में नहीं लाया, बल्कि भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, बंगाल की खाड़ी के सामरिक महत्व और पूरे दक्षिण एशिया के शक्ति संतुलन पर भी नए प्रश्न खड़े कर दिए हैं। यह सौदा अभी अंतिम प्रक्रिया में है, लेकिन दोनों देशों के बीच सरकारी स्तर पर इसकी तैयारी को क्षेत्र की सबसे बड़ी रक्षा परियोजनाओं में गिना जा रहा है।

चीन पिछले दो दशकों में बांग्लादेश का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बन चुका है। नौसैनिक युद्धपोतों से लेकर टैंक, मिसाइल प्रणालियां और लड़ाकू विमानों तक, चीनी सैन्य उपकरण बांग्लादेश की रक्षा संरचना का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं। जे 10सीई की खरीद इस दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करती है। यही कारण है कि नई दिल्ली इस घटनाक्रम को केवल एक व्यापारिक सौदा नहीं, बल्कि हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की व्यापक रणनीति के रूप में देख रही है।

इस रक्षा समझौते की आर्थिक संरचना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। विमान की मूल कीमत लगभग 62.7 मिलियन डॉलर प्रति इकाई बताई जाती है, किंतु वास्तविक लागत इससे कहीं अधिक है। पायलटों का प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता, रखरखाव, कल-पुर्जों की दीर्घकालिक आपूर्ति, हथियारों का भंडार और हवाई अड्डों के आधुनिकीकरण को जोड़ने पर प्रत्येक विमान की प्रभावी लागत लगभग 115 मिलियन डॉलर तक पहुंच जाती है। कुल भुगतान वर्ष 2035 तक किश्तों में किए जाने की योजना है, जिससे बांग्लादेश तत्काल आर्थिक दबाव से बच सकेगा। यह व्यवस्था बताती है कि चीन केवल हथियार नहीं बेच

रहा, बल्कि दीर्घकालिक रक्षा निर्भरता भी स्थापित कर रहा है।

किसी भी विकासशील राष्ट्र के लिए इतनी बड़ी सैन्य खरीद एक राजनीतिक निर्णय भी होती है। बांग्लादेश को अभी भी रोजगार, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद वायुसेना के आधुनिकीकरण को प्राथमिकता देना यह संकेत देता है कि ढाका अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव को नए स्तर पर ले जाना चाहता है। यदि यह समझौता पूरी तरह लागू होता है तो पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश चीन के इस आधुनिक लड़ाकू विमान का दूसरा विदेशी संचालक बन जाएगा।

इस खरीद के समर्थन में बांग्लादेश के भीतर एक विशेष राजनीतिक कथा भी गढ़ी जा रही है। वहां यह तर्क दिया जा रहा है कि मई 2025 के भारत पाकिस्तान सैन्य संघर्ष में चीनी तकनीक वाले जे 10सीई ने अपनी प्रभावशीलता सिद्ध कर दी थी। कुछ राजनीतिक नेताओं और समर्थकों ने इसे पश्चिमी तकनीक के मुकाबले अधिक सक्षम विमान के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। हालांकि स्वतंत्र रक्षा विशेषज्ञों का मत इससे अलग है। उनका कहना है कि उस संघर्ष से जुड़े अनेक दावों की निष्पक्ष अंतरराष्ट्रीय पुष्टि नहीं हुई है, इसलिए किसी विमान की श्रेष्ठता का निष्कर्ष केवल राजनीतिक प्रचार के आधार पर नहीं निकाला जा सकता।

तकनीकी दृष्टि से जे 10सीई निश्चित रूप से एक आधुनिक लड़ाकू विमान है। यह चौथी और आधी पीढ़ी की श्रेणी में रखा जाता है तथा इसमें सक्रिय इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग रडार, डिजिटल उड़ान नियंत्रण प्रणाली और लंबी दूरी तक मार करने वाली पीएल 15 मिसाइल लगाने की क्षमता है। इसका उद्देश्य हवा से हवा और हवा से जमीन दोनों प्रकार के अभियानों को सफलतापूर्वक पूरा करना है। यही कारण है कि इसे बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान कहा जाता है।

भारत के लिए वास्तविक चिंता केवल इस विमान की क्षमता नहीं, बल्कि इसकी भौगोलिक स्थिति है। पश्चिमी सीमा पर पाकिस्तान पहले से इसी प्रकार के चीनी विमान का संचालन कर रहा है। यदि पूर्व में बांग्लादेश भी वही तकनीक अपनाता है तो भारतीय वायुसेना को दोनों मोर्चों पर समान प्रकार की रडार प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध तकनीक और मिसाइल खतरों का सामना करना पड़ सकता है। सामरिक भाषा में इसे तकनीकी मानकीकरण कहा जाता है। इससे विरोधी देशों के बीच प्रशिक्षण, रखरखाव और सूचना साझाकरण की संभावना भी बढ़ जाती है, जो किसी भी क्षेत्रीय शक्ति के लिए गंभीर रणनीतिक विषय होता है।

जेन जी, धर्म शिक्षा, देश का सम्मान और विरोध की मर्यादा

यजुवेंद्र सिंह
अधिवक्ता

किसी भी लोकतांत्रिक देश में नागरिकों को अपनी बात रखने, विरोध प्रदर्शन करने और सरकार से प्रश्न पूछने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। लेकिन यह अधिकार उतनी ही जिम्मेदारी भी मांगता है। जब कोई आंदोलन अपने मूल उद्देश्य से भटक जाता है और उसमें ऐसे नारे, प्रतीक या गतिविधियाँ शामिल हो जाती हैं जो समाज में अनावश्यक तनाव, धार्मिक भावनाओं को ठेस या राष्ट्रीय एकता को प्रभावित करें, तब उस आंदोलन की गंभीरता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। यदि किसी मुद्दे पर वास्तविक जनसमस्या है, तो उस पर शांतिपूर्ण, तथ्यपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आवाज़ उठाई जानी चाहिए। किसी भी धर्म के देवी-देवताओं, धार्मिक प्रतीकों या आस्था का अपमान न केवल करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करता है, बल्कि सामाजिक सौहार्द को भी नुकसान पहुँचाता है। इसी प्रकार, राष्ट्र के सम्मान से जुड़े विषयों पर भी संयम और जिम्मेदारी अपेक्षित है। लोकतंत्र में किसी भी राजनीतिक दल, संगठन या समूह की भूमिका की आलोचना की जा सकती है, लेकिन आलोचना तथ्यों और प्रमाणों पर आधारित होनी चाहिए। यदि किसी संगठन या समूह पर यह आरोप लगाया जाता है कि उसने आंदोलन की दिशा बदल दी या उसका राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया, तो ऐसे आरोपों के समर्थन में विश्वसनीय प्रमाण होना आवश्यक है। बिना प्रमाण के किसी दल, संगठन या व्यक्तियों को ÷देश विरोधी÷ या अन्य अपमानजनक विशेषणों से संबोधित करना उचित नहीं माना जा सकता। किसी भी जनआंदोलन की सफलता उसकी शालीनता, स्पष्ट उद्देश्य और अनुशासन में निहित होती है। यदि आंदोलन का केंद्र जनता की समस्या से हटकर व्यक्तिगत या राजनीतिक टकराव बन जाए, तो मूल मुद्दा पीछे छूट जाता है और जनसमर्थन भी कमजोर पड़ सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि नई पीढ़ी केवल अधिकारों की नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों की भी शिक्षा ग्रहण करे। धर्म शिक्षा का मूल उद्देश्य सहिष्णुता, नैतिकता, सत्य, करुणा और परस्पर सम्मान का भाव विकसित करना है। जब समाज इन मूल्यों को अपनाएगा, तभी स्वस्थ लोकतंत्र और मजबूत राष्ट्र का निर्माण संभव होगा। विरोध का अधिकार लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन विरोध की मर्यादा ही उसकी सबसे बड़ी पहचान है। देश, संविधान, सभी धर्मों और एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए यदि अपनी बात रखी जाए, तो लोकतंत्र और अधिक मजबूत बनता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मैं चाहूँ तब भी तुम्हें भुला नहीं पाऊँगी दिमाग में जगह दी होती तो फायदा नुकसान सोचती जोड़ ,घटा ,गुना, भाग करती,पर तुम तो मेरे दिल में बसे हो मेरी छोटी से छोटी वाहिनियों के रक्त प्रवाह में O&ygen की तरह प्रवाहित हो ,रग रग में बसे हो तुम क्या फर्क़ पड़ता है कि कितने पास या फिर कितने दूर हैं हम ,मेरी रूह ,तेरी रूह में वैसे ही समाई है जैसे किसी साधारण से पत्थर में भगवान बिराजते हैं ,या किसी फूल में सुगंध समाई है सुनो सती और शिव का साथ किसी एक जन्म का नहीं ये तो जन्म जन्म का है, अनंत जन्मों का साथ - **डॉ.अर्चना खंडेलवाल**

खुद का खुद से जवाब होता है हाल तब भी खराब होता है कौन बचता है फ़ानी दुनिया में वक्त का जब हिसाब होता है तुम समझते हो दुनिया को अपना कौन किसका जनाब होता हे चार दिन की चमक है चेहरों पै चार दिन का शबाब होता है लोग जो दिल के सच्चे होते हैं उनका चेहरा किताब होता है। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

कई बार हम मेहनत करके बड़ा ओहदा प्राप्त कर लेते हैं लेकिन हमें वो खुशी नहीं मिलती जो मिलनी चाहिए, इसके विपरीत यदि हम साधारण इंसान हैं लेकिन बेहद खुशहाल हैं तो यही बेहतर है। खुशहाल ज़िंदगी ऊंचे पद से ज्यादा मायने रखती है। हम जो भी हैं, जिस स्थिति में हैं लेकिन बेहद खुश और संतुष्ट हैं तो इससे बेहतर कोई भी सफलता नहीं हो सकती। - **प्रियंका प्रियदर्शिनी**

हमारे घर में चीनी का इस्तेमाल हर संडे सुबह सिर्फ़ एक कप चाय में एक छोटी चम्मच होता हैज वो भी सिर्फ़ पति देव के लिए। बाकी चीनी महँगी भी बहुत हो गई है और सेहत के लिए भी कुछ ख़ास मेहरबान नहीं है।इसलिए हमने तो हिसाब साफ़ रखा है–चीनी भी कम, खर्चा भी कम और सेहत की चिंता भी थोड़ी कम। बाकी आप लोग अपना-अपना देख लो।

- निभा चौधरी

जिंदगी एक एहसास है जिंदगी तो तेरे पास है जो मिल गया, वही अपना है, जो नहीं मिला, वो बस एक सपना है। मत गिनो ज़िंदगी के पलों को, बस जियो ज़िंदगी के हर पल को। हर पल जी भरकर जियो, मुस्कुराकर, हँसकर जियो क्योंकि ज़िंदगी बार-बार नहीं मिलती। - **प्रीति श्रीवास्तव**

इस बार सावन में बदरा के नेह को धरा तरसे है , गीली अंखियों से मेरा देश आसमान को तके है , सब मौसम तो सूखे-सूखे बीते , ऐ सावन सबकी आस अब तुमपे अटके है , तुम पिया हो धरती के ,गरजो चाहे जितना , पर नेह लेकर बरसों भी , बेचैन हुई है ,जिया फ्टी-फ्टी गई है , धरती तुमसे मिलने को तरसे है।।

- नमन कुमार मिश्रा

जब तक आँखें थके नहीं ,तब सोना नहीं जब तक शरीर थके नहीं ,तब तक रुकना नहीं जब तक मंजिल मिले नहीं, तब तक रुकना नहीं कदम - कदम चलते बढ़ते रहना है ,थकना नहीं उम्मीदों के शहरों में नव सुबह तक रुकना नहीं आशाएं ,मन में उमंग रहे ,यह बात किसी कहना नहीं। - **लक्ष्मी नारायण लहरे**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आज के दिन आपको प्रत्येक कार्य मे सावधानी बरतें की आवश्यकता हैं। पूर्व में बनाई योजना अथवा गतिशील कार्यो में नुकसान होने की प्रबल संभावना है।

वृषः आज के दिन आप अपने बुद्धि चातुर्य से हर जगह सम्मान पाएंगे मेहनत भी आज अन्य दिनों की तुलना में अधिक करनी पड़ेगी लेकिन बीच-बीच मे प्रसंशा मिलने से अखरेगा नही।

मिथुनः आज का दिन आपके लिये कामना पूर्ति वाला रहेगा। स्वयंजन एवं सहकर्मियों से विवेकी व्यवहार रखें अन्यथा इच्छाओं पर पानी फेरते समय नही लगाएंगे।

कर्कः आज का दिन सुख शांति दायक रहेगा दिन के पूर्वार्ध से ही मजाकिया व्यवहार से घर का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे लेकिन बोलने में शब्दों का चयन ठीक ना होने से किसी से नाराजगी भी हो सकती है।

सिंहः आज का दिन प्रतिकूल रहेगा पूर्व में बरती लापरवाही के कारण सेहत में विकार आने से प्रातः काल से ही अनमने से रहेंगे।

कन्याः आज का दिन भी आपके लिये लाभदायक रहने वाला है दिन के आरंभ में घर मे किसी से व्यर्थ की बात पर उलझेंगे लेकिन मध्यान के बाद स्वभाव में गंभीरता आएगी फिर भी सहकर्मी आपसे व्यवहार करने में संकोच करेंगे।

तुलाः आज के दिन आपकी दिनचर्या पिछले दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगी। दिन के आरंभ में कार्यो के गलत दिशा लेने से गुस्सा आएगा लेकिन स्वतः ही ठीक हो जाएंगे।

वृश्चिकः आज आपके मन मे काफी उलझने रहेंगी कार्य क्षेत्र और घर मे तालमेल बैठाना प्राथमिकता रहेगी एक काम को करने पर दूसरे में विलंब होगा ।

धनुः आज के दिन अपने काम से काम रखना बेहतर रहेगा। दिन भर क्रोध और कलह के प्रसंग बनते रहेंगे। कार्य क्षेत्र पर आज परिश्रम अधिक करना पड़ेगा।

मकरः आज के दिन आपको व्यवसाय से आर्थिक लाभ पाने के लिये बड़ी जोड़ तोड़ करनी पड़ेगी फिर भी आशाजनक ना होने से मन मे नकारत्मक भाव आएंगे। धन की कमी रहने पर भी आपकी जीवनशैली धनाढ्यों जैसी रहेगी सार्वजनिक क्षेत्र पर आडंबर युक्त दिनचर्या के कारण मान सम्मान मिलेगा।

कुंभः आज के दिन आप किसी मुसीबत से बचने के लिये धर्म का सहारा लेंगे मन मे आध्यात्मिक भाव रहेंगे लेकिन स्वार्थ सिद्धि मात्र ही। पूजा पाठ तंत्र टोटको पर दिन का कुछ समय और धन खर्च होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा आज आपकी मानसिकता सुखोपभोग की वस्तुओं के संग्रह की रहेगी।

QUIZ TIME

1. केरल में ओणम का त्योहार कितने दिनों के लिए मनाया जाता है?
2. देश का पहला महिला कमांडो कन्वर्जन कोर्स कहाँ लॉन्च किया है?
3. डूरंड कप 2026 का खिताब किस फुटबॉल टीम ने जीता है?
4. परफ्यूम बनाने के लिए किसका उपयोग किया जाता है?
5. मिस यूनिवर्स इंडिया 2026 का खिताब किसने जीता?

उत्तरमाला- (1) 10 दिन (2) मानेसर (3) ईस्ट बंगाल (4) ऐनिसोल (5) कांजिया लिज मेजो

RamaQuiz

पहेली

बिलासपुर में अब तक 1085.2 मिमी बारिश, सामान्य से 7.3 फीसदी ज्यादा

रतनपुर में सबसे अधिक 40.2 मिमी बरसा पानी, जिले में एक दिन में 163.3 मिमी वर्षा दर्ज

बिलासपुर/नवप्रदेश। मानसून की सक्रियता के बीच बिलासपुर जिले में बारिश का दौर जारी है। 30 अगस्त तक जिले में कुल 1085.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो पिछले 10 वर्षों की इसी अवधि की औसत वर्षा 1011.3 मिमी की तुलना में 107.3 प्रतिशत है। यानी जिले में सामान्य से करीब 7.3 फीसदी अधिक बारिश हो चुकी है। रविवार को जिले के विभिन्न तहसील क्षेत्रों में कुल 163.3 मिमी बारिश दर्ज की गई। जारी वर्षा रिपोर्ट के अनुसार रविवार को रतनपुर तहसील में सर्वाधिक 40.2 मिमी बारिश हुई। वहीं बिलासपुर में 31.8 मिमी, सीपत में 19.8 मिमी, बोदरी में 11.3 मिमी, तखतपुर में 10 मिमी, बेलतरा में 10 मिमी, कोटा में 7.4 मिमी, बिल्हा में 6 मिमी, मस्तूरी में 5.3 मिमी, सकरी में 12.6 मिमी, पचपेड़ी में 3.8 मिमी और रतनपुर के बाद अन्य क्षेत्रों में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई। वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो 1 जून से 30 अगस्त तक जिले में दर्ज वर्षा पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा से अधिक है। रिपोर्ट में जिले की कुल वर्षा 1085.2 मिमी दर्ज की गई है, जबकि इसी अवधि में पिछले 10 वर्षों का औसत 1011.3 मिमी रहा है। इस तरह इस मानसून सीजन में अब तक बारिश सामान्य से 73.9 मिमी अधिक दर्ज हुई है।

बारिश के कारण जिले के नदी-नालों और जलाशयों में पानी की आवक बढ़ी है। लगातार हो रही वर्षा से खेतों में भी पर्याप्त नमी बनी हुई है। हालांकि कई क्षेत्रों में अधिक बारिश के चलते निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बनने लगी है। 30 अगस्त को तहसीलवार आंकड़ों में रतनपुर में 40.2 मिमी बारिश सर्वाधिक रही। इसके बाद बिलासपुर में 31.8 मिमी और सीपत में 19.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई। वहीं पचपेड़ी में सबसे कम 3.8 मिमी बारिश हुई। सकरी में 12.6, बोदरी में 11.3, तखतपुर और बेलतरा में 10-10 तथा कोटा में 7.4 मिमी पानी गिरा। जिले में अब तक की बारिश सामान्य से अधिक रहने से मानसून की स्थिति मजबूत बनी हुई है।

अरपा भैंसाझार परियोजना से 76.97 घन मीटर प्रति सेकंड पानी छोड़ा जा रहा। जलाशय का जलस्तर 299.65 मीटर, पूर्ण जलभराव स्तर से 2.35 मीटर नीचे लगातार हो रही बारिश के बीच अरपा भैंसाझार परियोजना के जलाशय में पानी की आवक बनी हुई है। 30 अगस्त 2026 को सुबह 11:05 बजे दर्ज आंकड़ों के अनुसार जलाशय का वर्तमान जलस्तर 299.65 मीटर दर्ज किया गया है। परियोजना का पूर्ण जलभराव स्तर 302.00 मीटर निर्धारित है। जलाशय के जलस्तर को नियंत्रित रखने के लिए परियोजना से 76.97 घन मीटर प्रति सेकंड की मात्रा में पानी नदी में छोड़ा जा रहा है।

वेस्टवियर से 141.66 क्यूसेक पानी का बहाव

घोंघा जलाशय का जलस्तर 318.26 मीटर पहुंचा, क्षमता के मुकाबले 101.59 प्रतिशत पानी लगातार बारिश के चलते घोंघा जलाशय में पानी की आवक बनी हुई है। 30 अगस्त 2026 की सुबह दर्ज आंकड़ों के अनुसार जलाशय का जलस्तर 318.26 मीटर पहुंच गया है, जो पूर्ण जलभराव स्तर (एफआरएल) 318.20 मीटर से अधिक है। जलाशय में वर्तमान लाइव जल क्षमता 30.561 एमसीएम दर्ज की गई है, जो कुल क्षमता का 101.59 प्रतिशत है। जलाशय के वेस्टवियर से 141.66 क्यूसेक पानी का बहाव किया जा रहा है। जलाशय क्षेत्र में पिछले 24 घंटे में 19 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं 1 जून 2026 से अब तक कुल 1243 मिमी वर्षा दर्ज हो चुकी है। लगातार हो रही बारिश के कारण जलाशय में पानी की आवक बढ़ी है और एफआरएल से ऊपर जलस्तर पहुंचने के बाद वेस्टवियर के माध्यम से पानी की निकासी जारी है। जलाशय की पूर्ण जलभराव क्षमता 30.07 एमसीएम है, जबकि वर्तमान में लाइव क्षमता 30.561 एमसीएम दर्ज की गई है। इस तरह जलाशय अपनी निर्धारित क्षमता के मुकाबले 101.59 प्रतिशत तक भर चुका है। पानी की सुरक्षित निकासी के लिए वेस्टवियर से 141.66 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले दो वर्षों से अधिक जलभराव घोंघा जलाशय में इस वर्ष दर्ज जलभराव पिछले दो वर्षों की तुलना में भी अधिक है।

न्यूज गैलरी

सिरगिट्टी पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्या के आरोपी को किया गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिरगिट्टी पुलिस ने हत्या के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी सुदर्शन कुर्रे (36), निवासी हरदीकला टोना, थाना सिरगिट्टी, जिला बिलासपुर पर अपने भाई सुभाष कुर्रे की लोहे के सब्बल से हत्या करने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, 28 अगस्त 2026 को राखी पर्व के दौरान परिवार के सदस्य सुभाष कुर्रे के घर पहुंचे थे। शाम करीब 5 बजे भांजा-भांजी से पूर्व विवाद को लेकर सुदर्शन कुर्रे और सुभाष के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर आरोपी पहले लाठी लेकर मारपीट करने लगा। लाठी छीन लिए जाने के बाद आरोपी अपने घर से लोहे का सब्बल लेकर आया और सुभाष के सिर पर वार कर दिया। गंभीर चोट लगने से सुभाष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आरोपी फरार हो गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर पुलिस ने संभावित ठिकानों पर तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को उसके गांव से 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया।

भारी वाहन की चपेट में आने से महिला, रिटायर्ड शिक्षक की मौत

बिलासपुर/रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिला मुख्यालय में रविवार को भारी वाहन की चपेट में आने से एक महिला समेत एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं उसकी पत्नी को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक पहली घटना सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ढिमरापुर में रविवार की सुबह तकरीबन 10 बजे के आसपास स्कूटी से अपने पति के साथ जा रही महिला नंदकुमारी सिंह 55 साल की सड़क में जमे कीचड़ में फिसलकर सड़क में गिर गई, इसी बीच बगल से गुजर रहे ट्रक के पहिए की चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। ट्रक की ठोकर से बुजुर्ग की मौत इसी तरह की दूसरी घटना कोतरा रोड थाना के पास स्थित ओवर ब्रिज आज दोपहर तेज रफ्तार ट्रक चालक ने एक बुजुर्ग खूबचंद नायक 70 साल, निवासी कुसमुरा की मौके पर मौत हो गई वहीं उसकी पत्नी को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मृतक बुजुर्ग एक रिटायर्ड शिक्षक थे। दोनों पति पत्नी आज सुबह किसी काम के सिलसिले में रायगढ़ आ रहे थे, इसी बीच इस घटना में बुजुर्ग की मौत हो गई है।

दोनों पक्षों के करीब 15 लोग गिरफ्तार

खपरगंज में पत्थरबाजी के बाद 50 से अधिक पर एफआईआर

***सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर धरपकड़ जारी; धारा 163 लागू, पुलिस की गश्त बढ़ाई गई**

बिलासपुर/नवप्रदेश। खपरगंज क्षेत्र में दो समुदायों के बीच हुए विवाद और पत्थरबाजी की घटना के बाद पुलिस-प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। मामले में दोनों पक्षों के 50 से अधिक लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने अब तक दोनों समुदायों से करीब 15 लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 163 लागू कर दी गई है और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की लगातार गश्त कराई जा रही है।

शनिवार को संभागीय आयुक्त सुनील जैन और आईजी रामगोपाल वर्मा ने खपरगंज पहुंचकर घटनास्थल का मौका मुआयना किया और स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों से घटना की जानकारी लेते हुए कानून-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रत्नेश सिंह पूरे घटनाक्रम पर सतत निगरानी बनाए हुए हैं। पुलिस ने घटना के बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। फुटेज में पत्थरबाजी और विवाद में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि चिन्हित आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही घटना से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। तनाव की स्थिति को देखते हुए खपरगंज और आसपास के क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस जवान लगातार गश्त कर रहे हैं और किसी भी तरह की अफवाह या अप्रिय स्थिति को रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी गई है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने और अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की है।

घटना के बाद प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी लगातार क्षेत्र की स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। अधिकारियों के मौके पर पहुंचने और लगातार निगरानी के बीच खपरगंज क्षेत्र में स्थिति अब तेजी से सामान्य होने लगी है। पुलिस का स्पष्ट रुख है कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और सीसीटीवी समेत उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

प्रशासन की सक्रियता और पुलिस की लगातार गश्त से क्षेत्र में धीरे-धीरे सामान्य माहौल लौट रहा है। फिलहाल पुलिस की नजर संवेदनशील स्थानों पर बनी हुई है और शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को यथावत रखा गया है।

खूंटाघाट जलाशय के वेस्टवियर से 2165 क्यूसेक पानी का बहाव

बिलासपुर। लगातार हो रही बारिश के बीच खारंग (खूंटाघाट) जलाशय एक बार फिर लबालब हो गया है। रविवार सुबह 7 बजे जारी गेज रिपोर्ट के अनुसार जलाशय में पिछले 24 घंटे में 60 मिमी बारिश दर्ज की गई। इससे जलाशय का जलस्तर बढ़कर 294.43 मीटर पहुंच गया है, जबकि पूर्ण जलभराव स्तर 294.03 मीटर है। जलाशय में वर्तमान में 207.42 मिलियन घन मीटर पानी भरा हुआ है, जो इसकी अधिकतम जलभराव क्षमता 192.32 मिलियन घन मीटर का 107.88 प्रतिशत है। जलभराव बढ़ने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से वेस्ट वियर से 2165.66 क्यूसेक पानी लगातार बाहर छोड़ा जा रहा है। गेज रिपोर्ट के मुताबिक खारंग जलाशय में अब तक 1690 मिमी अद्यतन वर्षा दर्ज की जा चुकी है। जलाशय में निर्धारित पूर्ण जलभराव स्तर से ऊपर पानी होने के कारण अतिरिक्त पानी की निकासी जारी है। वहीं बायीं तट नहर में पानी का प्रवाह शून्य क्यूसेक, जबकि दायीं तट नहर में 15 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। पिछले साल से 10.45 मिलियन घन मीटर ज्यादा पानी खूंटाघाट जलाशय की मौजूदा स्थिति पिछले वर्ष की तुलना में भी अधिक जलभराव को दर्शाती है। 30 अगस्त 2025 को जलाशय में 196.97 मिलियन घन मीटर पानी था, जो 102.41 प्रतिशत था। इस वर्ष इसी तारीख को जलभराव 207.42 मिलियन घन मीटर पहुंच गया है। यानी पिछले साल की तुलना में करीब 10.45 मिलियन घन मीटर अधिक पानी जलाशय में मौजूद है।

वहीं 30 अगस्त 2024 को भी जलाशय में 207.42 मिलियन घन मीटर पानी दर्ज किया गया था, जो 107.88 प्रतिशत था। इस तरह इस वर्ष 30 अगस्त को जलाशय की स्थिति वर्ष 2024 के समान जलभराव स्तर पर पहुंच गई है। वेस्ट वियर से लगातार पानी की निकासी जलाशय के पूर्ण जलभराव स्तर से अधिक पानी होने के कारण वेस्ट वियर से 2165.66 क्यूसेक पानी बह रहा है।

ड्रोन दीदी बनकर सीमा भर रही उड़ान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के मस्तुरी विकासखंड के ग्राम पोड़ी निवासी सीमा वर्मा आज आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रही हैं। बिहान योजना से जुड़कर उन्होंने अपनी आजीविका को नई दिशा दी है। नमो दीदी ड्रोन योजना के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर अब ड्रोन दीदी के रूप में किसानों के खेतों में आधुनिक तकनीक से कीटनाशक, नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का छिड़काव कर रही हैं। सीमा वर्मा ने बताया कि ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद उनके लिए रोजगार का एक नया अवसर खुला है। वे आसपास के किसानों के संपर्क में रहकर उनकी आवश्यकता के अनुसार खेतों में ड्रोन के माध्यम से कीटनाशक एवं नैनो उर्वरकों का छिड़काव करती हैं। इससे किसानों को कम समय में खेतों में छिड़काव की सुविधा मिल रही है और सीमा को भी इस कार्य से अच्छी आय प्राप्त हो रही है। आधुनिक तकनीक से जुड़कर काम करने से उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ा है।

उन्होंने बताया कि ड्रोन से छिड़काव का कार्य उनके लिए आजीविका का बेहतर माध्यम बन गया है। इससे प्राप्त होने वाली अतिरिक्त आय से परिवार की आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आया है। पहले जहां आय के सीमित साधन थे, वहीं अब ड्रोन संचालन के साथ उन्होंने अपनी आमदनी बढ़ाने का नया रास्ता तैयार किया है। सीमा का कहना है कि बिहान योजना और नमो दीदी ड्रोन योजना ने उन्हें आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। सीमा वर्मा केवल ड्रोन संचालन तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे मशरूम उत्पादन का कार्य भी कर रही हैं। मशरूम उत्पादन के माध्यम से भी वे अतिरिक्त आमदनी अर्जित कर रही हैं। एक ओर वे किसानों के खेतों में ड्रोन से छिड़काव कर रही हैं, वहीं दूसरी ओर मशरूम उत्पादन जैसी गतिविधियों से अपनी आजीविका को मजबूत कर रही हैं।

मामूली कहासुनी के बाद फायरिंग

कोतरारोड में आरोपी पर हत्या के प्रयास का अपराध दर्ज

बिलासपुर/रायगढ़/नवप्रदेश। कल रात कोतरारोड थाना क्षेत्र में रिलायंस मार्ट के सामने सड़क पर पानी के छींटे पड़ने की बात को लेकर दो व्यक्तियों के बीच हुई मामूली कहासुनी उस समय गंभीर हो गई, जब एक व्यक्ति ने पिस्टलनुमा हथियार निकालकर फायर कर दिया। हालांकि घटनास्थल से मिले हथियार की जांच आर्म्स एक्सपर्ट से कराने पर उसके एयरगन पिस्टल होने की पुष्टि हुई है। मामले में कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपित हत्या का प्रयास का अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, रामबाग कोतरारोड निवासी खुशहाल अग्रवाल पिता अरूण अग्रवाल, उम्र 26 वर्ष ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी ने बताया कि वह कोतरारोड के पास पोहेवाला कैफे संचालित करता है। 29 अगस्त की रात करीब 8:45 बजे वह घर से पैदल कोल्ड ड्रिंक लेने निकला था। रिलायंस मार्ट के सामने मुख्य मार्ग पर मोटरसाइकिल क्रमांक 1× 6711 से जा रहे व्यक्ति ने उसके ऊपर सड़क का पानी छिटका दिया। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई। प्रार्थी के मुताबिक, वाहन चालक वापस आया और गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने हाथापाई की तथा अपने पास रखे पिस्टलनुमा हथियार से खुशहाल के सिर को निशाना बनाकर दो बार फायर किया। खुशहाल नीचे बैठ गया, जिससे फायर की चपेट में आने से बच गया। इसके बाद आसपास के लोगों के पहुंचने पर आरोपी मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मोटरसाइकिल चालक के विरुद्ध धारा 296, ×51(×), 115(2), 109(1) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। घटना के बाद पुलिस ने मौके से मिले पिस्टलनुमा हथियार को आर्म्स एक्सपर्ट से परीक्षण कराया। जांच में यह एयरगन पिस्टल पाया गया, जिसमें सामान्य गोली के स्थान पर छर्रे का इस्तेमाल होता है। इस प्रकार की एयरगन/एयर पिस्टल बाजार में पक्षियों आदि को मारने के लिए उपलब्ध होती हैं और इनके सामान्य उपयोग के लिए लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती। मोटरसाइकिल के आधार पर आरोपी की पहचान, तलाश जारी पुलिस ने घटनास्थल, मोटरसाइकिल के दस्तावेज और गवाहों से पूछताछ के आधार पर आरोपी की पहचान हर्षवरन सिंह गोतरा पिता सुरेन्द्र मोहन सिंह, उम्र 44 वर्ष, निवासी जालंधर पंजाब, वर्तमान पता ग्राम तेंदूडिपा, कलमी, रायगढ़ के रूप में की है। आरोपी घटना के बाद से फरार है। एसएसपी शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन पर रायगढ़ पुलिस की टीमें आरोपी की पतासाजी में लगातार जुटी हुई हैं। पुलिस द्वारा उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। भले ही एयरगन का सामान्य उपयोग लाइसेंस के दायरे में न आता हो, लेकिन इसका इस्तेमाल किसी व्यक्ति को डराने-धमकाने, भय उत्पन्न करने, मारपीट करने या किसी आपराधिक कृत्य में किया जाता है, तो पुलिस द्वारा संबंधित धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पत्रवार्ता : विदेशी फंडिंग और भाषा के नाम पर उत्पीड़न पर जताई चिंता

जनरेशन-जेड का प्रदर्शन केंद्र सरकार के लिए चेतावनी, विरोध का तरीका गलत

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (लोसपा) के संस्थापक, राष्ट्रीय संरक्षक एवं समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने कहा कि देश में हो रहे जन आंदोलनों को लोकतांत्रिक मूल्यों और अहिंसक तरीके से आगे बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने जनरेशन-जेड के प्रदर्शन को केंद्र सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण चेतावनी बताया, लेकिन प्रदर्शन के दौरान अपनाए गए तौर-तरीकों को उचित नहीं माना। ठाकुर ने कहा कि युवाओं का सरकार के प्रति असंतोष लोकतंत्र में महत्वपूर्ण संकेत है, लेकिन विरोध की मर्यादा बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है। वे रविवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में 'जन आंदोलन की दशा और दिशा' विषय पर आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार रामकुमार तिवारी भी उपस्थित रहे। रघु ठाकुर ने जनरेशन-जेड के आंदोलनों पर चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं की नाराजगी और सवालों को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार के खिलाफ प्रदर्शन लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन प्रधानमंत्री अथवा अन्य राजनीतिक नेताओं को गाली देना उचित नहीं है। असहमति व्यक्त करने के लिए लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके अपनाए जाने चाहिए। उन्होंने गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) को मिलने वाली विदेशी फंडिंग को लेकर भी चिंता जताई।

ठाकुर ने कहा कि सामाजिक संस्थाओं के काम में पारदर्शिता जरूरी है और विदेशी स्त्रोतों से आने वाली राशि के इस्तेमाल की प्रभावी निगरानी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देशहित और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में वित्तीय पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। महाराष्ट्र में भाषा के नाम पर लोगों को परेशान किए जाने के सवाल पर ठाकुर ने इसे चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं वाला देश है।

भाषा के आधार पर किसी नागरिक के साथ भेदभाव या उत्पीड़न लोकतांत्रिक और सामाजिक मूल्यों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने देश में भाषाई सद्भाव बनाए रखने पर जोर दिया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मनुवादी व्यवस्था को लेकर दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रघु ठाकुर ने कहा कि यह बयान जल्दबाजी में दिया गया प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर विमर्श जरूरी है, लेकिन ऐसे विषयों पर नेताओं को सोच-समझकर और व्यापक संदर्भ में अपनी बात रखनी चाहिए।

ठाकुर ने कहा कि लोकतंत्र में जन आंदोलनों की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है। सरकारों को जनता और विशेषकर युवाओं की आवाज सुननी चाहिए, वहीं आंदोलनकारियों की भी जिम्मेदारी है कि वे लोकतांत्रिक मर्यादाओं और शांतिपूर्ण विरोध की परंपरा को बनाए रखें।

चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिलपहरी शराब दुकान के पास आपसी विवाद मे पेट मे चाकू मारकर की हत्या आरोपी एवं 1 अपचारी बालक को गिरफ्तार कर दोनो के कब्जे से चाकू जप्त कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपी का नाम राजा मनहर पिता मोहित मनहर उम्र 25 साल निवासी कोरमी मोड के पास थाना प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि 28 अगस्त की रात करीबन 07:30 बजे प्रार्थी का छोटा भाई राकेश प्रजापति का दोस्त जितेन्द्र साहू प्रार्थी के घर आकर बताया कि वह राकेश प्रजापति के साथ शराब भठठी हरदीकला गया था जहा पर शराब लेने के दौरान राकेश प्रजापति का दो लडको के साथ धक्का मुक्की होने से विवाद हो गया तथा शराब भठठी के बाहर विवाद करते हुये दो अज्ञात लडको ने वाद विवाद करते हुये चाकू से राकेश प्रजापति पेट के पास मार दिया जिससे मौके पर राकेश प्रजापति की मौत हो गई तथा दोनो लडके वहा से फरार हो गए। सिरगिटटी पुलिस तथा ए.सी.सी.यू. की संयुक्त टीम द्वारा द्वारा इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला अपचारी बालक द्वारा अपने अन्य साथी राजा मनहर के साथ मिलकर चाकू से पेट मे वार कर हत्या करना स्वीकार करने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

कोर क्षेत्र में फिर अतिक्रमण की कोशिश, 166 आरोपियों की जमानत

60-70 लोगों द्वारा पुनः वन क्षेत्र में प्रवेश कर अतिक्रमण का आरोप, ड्रोन फुटेज समेत जुटाए गए साक्ष्य

गरियाबंद/नवप्रदेश। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के जैतपुरी क्षेत्र में हटाए गए अतिक्रमण और पुनर्स्थापित वन क्षेत्र में दोबारा अतिक्रमण के मामले में वन विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने ऐसे आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तेज करने का निर्णय लिया है, जिन पर दोबारा वन क्षेत्र में प्रवेश कर अतिक्रमण करने और वन्यप्राणी आवास को नुकसान पहुंचाने का आरोप है।

जैतपुरी अतिक्रमण प्रकरण में पहले 166 व्यक्तियों के विरुद्ध वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण तथा वन एवं वन्यजीव आवास को नुकसान पहुंचाने से संबंधित अपराध प्रकरण दर्ज किए गए थे। इनमें से 126 आरोपियों को उच्च न्यायालय से अग्रिम जमानत, जबकि पूर्व में गिरफ्तार किए गए 40 आरोपियों को न्यायालय से नियमित जमानत मिली थी। उच्च न्यायालय के 10 जुलाई 2026 के आदेश में आरोपियों को भविष्य में इसी प्रकार के किसी अपराध में संलिप्त नहीं होने की शर्त भी रखी गई थी।

टाइगर रिजर्व के अनुसार, अतिक्रमण हटाकर पुनर्स्थापित किए गए वन क्षेत्र में 18 अगस्त 2026 को करीब 60-70 लोगों द्वारा दोबारा प्रवेश कर कथित रूप से अतिक्रमण और वन्यप्राणी आवास को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया। इस संबंध में वन्यप्राणी अपराध प्रकरण क्रमांक 15/16 एवं 15/17 तथा लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं। मामले में एक आरोपी को मौके पर पकड़े जाने, फोटो-वीडियोग्राफी किए जाने तथा वन अपराध में प्रयुक्त औजारों को जब्त किए जाने की जानकारी दी गई है। इसके अलावा चश्मदीद गवाहों और कोटवार के बयान, ड्रोन फुटेज तथा अन्य संबंधित साक्ष्य भी एकत्र किए गए हैं। इन साक्ष्यों के आधार पर संबंधित व्यक्तियों की पहचान की गई है।

126 अग्रिम और 40 नियमित जमानत को चुनौती

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर सक्षम न्यायालय के समक्ष 126 आरोपियों की अग्रिम जमानत और 40 पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों की नियमित जमानत को चुनौती देने के लिए आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू करने का निर्णय लिया है। इन मामलों में पूर्व अतिक्रमण, अतिक्रमण हटाने, वन क्षेत्र के पुनर्स्थापन, दोबारा किए गए अतिक्रमण और जमानत मिलने के बाद आरोपियों के कथित आचरण से संबंधित साक्ष्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

न्यूज गैलरी

भाटापारा नगर में अखंड राम नाम सप्ताह प्रारंभ,7 दिन चलेगा

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री अखण्डरामनाम सप्ताह का 88 वां समारोह 29 अगस्त से प्रारंभ हुआ जो लगातार सात दिनो तक रामसप्ताह मण्डप मे चलता रहेगा समारोह का समापन 5 सितंबर 7 को होगा और इसी दिन भगवान श्रीरामचन्द्र की भव्य व विशाल शोभायात्रा निकाली जायेगी जिसमे आसपास व दूर दराज से आयी लगभग 100भजन मण्डलियां व हजारो श्रद्धालु भक्त शोभायात्रा मे शामिल होगें ।सात दिनो तक तक चलने वाली अखंड राम नाम सप्ताह मे प्रतिदिन शहर की 12 भजन मंडलियां दो दो घंटे जय रघुपति राघव राजा राम जय पतित पावन सीताराम का संकीर्तन करते हैं जो लगातार सात दिनो तक चलता है वहीं भगवान श्रीराम के दरबार की आकर्षक झांकी सजायी गई है जिसका दर्शन करने श्रद्धालु भक्त मण्डप मे पहुंच रहे है शोभायात्रा के दिन भाटापारा में अनेक स्थानों पर नगर के धार्मिक संस्थाओं के द्वारा निशुल्क व नाममात्र दरो मे जलपान व भोजन की व्यवस्था नगर की धार्मिक व समाज सेवी संस्थाओं के द्वारा किया जाता है ।वही रामसप्ताह समिति के संयोजक अनिल चांडक व उनके सहयोगियों द्वारा इस आयोजन की पूरी व्यवस्था मे जुटे हुए हैं इस आयोजन की शुरुआत 88 वर्ष पूर्व जब क्षेत्र मे बारिश नही होने के कारण अकाल की छाया मडंरा रही थी तब इसी स्थान मे अयोध्या से संत विष्णु शंकर महाराज जी का आगमन भाटापारा में हुआ और उनके मार्गदर्शन में रामनाम का जाप प्रारंभ हुआ और रामनाम के जाप के बाद क्षेत्र मे जमकर बारिश हुई और अकाल का साया टल गया तब से यह आयोजन नगर की परंपरा और श्रद्धा पूर्वक मनाया जाने लगा यह आयोजन केवल भाटापारा मे ही नही अपितु पूरे छत्तीसगढ़ का अनूठा आयोजन है जिसकी लोग साल भर प्रतीक्षा करते है,वही शोभायात्रा नगर भ्रमण के दौरान गोविंद चौक से सती मंदिर मार्ग मे विभिन्न राजनीतिक दलो ,सामाजिक संस्था,व धार्मिक संस्था के द्वारा पंडाल लगाकर भजन मण्डलियों व शोभायात्रा का स्वागत करतें है

छत्तीसगढ़िया वेशभूषा में सजी युवतियों ने किया भोजली विसर्जन

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की माटी में रची-बसी लोक परंपराओं और संस्कृति की अनूठी झलक जिलें के साजा ब्लाक के ग्राम बरगा में देखने को मिली, जहां पारंपरिक भोजली त्यौहार को पूरे उत्साह, उमंग और श्रद्धा के साथ मनाया गया। गांव की युवतियां छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेशभूषा धारण कर भोजली लेकर निकलीं और मांदर-ढोलक की थाप तथा लोकगीतों के बीच भोजली का गांव में भ्रमण कराया गया। इस दौरान पूरा गांव छत्तीसगढ़ी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया।

भोजली विसर्जन के अवसर पर युवतियों ने पारंपरिक परिधान धारण कर सिर पर भोजली रखकर गांव की गलियों में शोभायात्रा निकाली। मांदर और ढोलक की गूंज के साथ भोजली गीत गाते हुए युवतियां आगे बढ़ती रहीं। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी शामिल हुए। जगह-जगह ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों के सामने भोजली का स्वागत किया तथा पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गांव में भ्रमण के दौरान भोजली पहुंचने पर लोगों ने श्रद्धा के साथ उसका पूजन किया। कई घरों में महिलाओं और बुजुर्गों ने भोजली की आरती उतारी तथा परिवार की सुख-शांति, अच्छी फसल और समृद्धि की कामना की। भोजली के प्रति ग्रामीणों की आस्था और अपनापन पूरे आयोजन के दौरान दिखाई दिया।

रक्षाबंधन पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र नगरी में पवित्रता संकल्प

नगरी/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र नगरी में रक्षाबंधन का पावन पर्व श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भाई-बहनों ने रक्षाबंधन के आध्यात्मिक महत्व को समझते हुए परमात्मा स्मृति, पवित्रता और सकारात्मक जीवन का संकल्प लिया। आयोजन में जिला धमतरी की इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने उपस्थित भाई-बहनों को आत्मस्मृति का दिव्य तिलक लगाकर परमात्मा स्नेह का रक्षा सूत्र बांधा। इस दौरान सेवाकेंद्र का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, प्रेम और भाईचारे से ओत-प्रोत रहा। अपने आध्यात्मिक संबोधन में सरिता दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल कलाई पर रक्षा सूत्र बांधने का पर्व नहीं, बल्कि अपनी आंतरिक कमजोरियों और नकारात्मक विचारों से स्वयं की रक्षा करने का संकल्प लेने का अवसर है। काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसी विकारों से मुक्त होकर पवित्रता को जीवन में धारण करना ही सच्ची सुरक्षा है।

इस पुल निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा लाए गए सामान-छड़ आदि खुले

6 करोड़ का उच्च स्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग निर्माण अपूर्ण, बनी ग्रामीणों की मुसीबत

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की समय सीमा और समीक्षा बैठकों के दावों की पोल खोलता एक नया मामला बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा अंतर्गत सामने आया है। जहां करूआ नाला पर उच्च स्तरीय पुल और पहुँच मार्ग का निर्माण किया जा रहा हैं। 10 माह में मई माह को पूर्ण हो जाना था, लेकिन अब तक 14 माह बीतने को हैं। मगर पुल निर्माण कार्य अब तक अपूर्ण हैं।

पदुमसरा के करूआ नाला पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण

बेमेतरा जिले के साजा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पदुमसरा में पदमी-पदुमसरा मार्ग पर करूआ नाला पर बन रहा उच्च स्तरीय पुल और पहुँच मार्ग का निर्माण किया जा रहा हैं। जिसके निर्माण के लिए शासन द्वारा 586.45 लाख की स्वीकृति दिनांक 29.09.2023 को की गई थी। जिसके निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार को कार्यादेश 09/07/2025 को जारी कर 10 माह का समय सीमा निर्धारित किया गया था। मगर अब 14 महीने बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो सका है, जबकि इसे पूर्ण करने की समय सीमा केवल 10 माह निर्धारित की गई थी।

सामान कीचड़ व पानी में पड़े हो रहें खराब

इस पुल निर्माण कार्य के लिए ठेकेदार द्वारा लाए गए सामान छड़ आदि ऐसे ही खुले, कीचड़ व पानी में पड़े हुए हैं जो खराब हो रहे हैं और इसी खराब समानों का उपयोग इस पुल निर्माण कार्य में किया जाएगा। जिससे निर्माण कार्य में गुणवत्ता को देखने वाला कोई नहीं हैं।

सुविधा बनीं समस्या व मुसीबत

इस उच्च स्तरीय पुलमय पहुंच मार्ग को बारिश के पूर्व पूर्ण हो जाना था, मगर अब तक की स्थिति में अपूर्ण हैं। जिससे विभाग व ठेकेदार द्वारा सरकार की मंशा को पलीता लगाया जा रहा हैं। सुविधा के जिस उद्देश्य को लेकर सरकार द्वारा स्वीकृति दी गई वह जमीनी स्तर पर लोगों के लिए उल्टे समस्या व मुसीबत बन गई हैं। बरसात में राहगीरों व क्षेत्रवासियों को इस मुसीबत का सामना रोज करना पड़ रहा हैं।

जिलें में कार्यालय व अधिकारी लापता

जिले में सेतु निर्माण विभाग का न तो कोई स्थाई कार्यालय है और न ही जिम्मेदार अधिकारी बेमेतरा में बैठते हैं। जानकारी के अनुसार विभाग का डिवीजन ऑफिस दुर्ग एवं सब डिविजन ऑफिस कवर्धा से संचालित होती हैं।

परेशानी, आक्रोश, सवाल

समय सीमा बीत जाने के बाद भी कार्य पूरा न होने से स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में विभाग व ठेकेदार के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हैं। वहीं जिले में सेतु विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति से इस परियोजना की निगरानी व गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहे हैं।
इस निर्माण कार्य के सम्बन्ध में विभाग के ईई, एसडीओ, इंजीनियर से फ़ोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया मगर संपर्क नहीं हो पाया जिससे उनका पक्ष नहीं मिल सका।

गड्ढे खोदकर भूली नगर पालिका- बारिश में भरभराकर गिरा आहता

वार्ड-7 में अधूरे निर्माण ने बढ़ाई मुसीबत, बारिश में हादसे के बाद रास्ता भी बंद; नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

गरियाबंद/नवप्रदेश। शहर में विकास कार्यों के नाम पर शुरू होने वाले निर्माण यदि समय पर पूरे न हों तो सुविधा की जगह मुसीबत बन जाते हैं। नगर के वार्ड क्रमांक 7 रावणभाटा में नाली निर्माण के लिए खोदी गई खुदाई अब इसी परेशानी की तस्वीर दिखा रही है। लंबे समय से अधूरा पड़ा नाली निर्माण और बारिश के बीच रविवार सुबह नाली से लगे एक घर का आहता अचानक भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के दौरान कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन मकान मालिक को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। बताया जा रहा है कि नाली निर्माण के लिए काफी समय पहले गड्ढे खोदे गए थे। इसके बाद से ही सड़क पर आवागमन प्रभावित है। बारिश ने समस्या को और गंभीर कर दिया। गड्ढों में पानी भरने और मिट्टी के गीला होने के बाद आसपास के मकानों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े हो गए हैं। आहता गिरने के बाद मलबा सड़क पर फैल गया, जिससे रास्ता भी बाधित हो गया। अब स्थानीय लोगों और राहगीरों को आने-जाने के लिए दूसरे रास्ते का सहारा लेना पड़ रहा है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह स्थिति किसी खतरे से कम नहीं है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब नाली निर्माण के लिए खुदाई की गई थी, तो आसपास के मकानों और लोगों की सुरक्षा के लिए क्या पर्याप्त इंतजाम किए गए थे।

वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूक किया गया

गरियाबंद पुलिस द्वारा गाँव - गाँव जाकर वरिष्ठ नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूक किया गया।

गरियाबंद/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस द्वारा 30 अगस्त से 05 सितंबर 2026 तक ÷डिजिटल अरेस्ट एवं फर्जी कॉल से सुरक्षा÷ विषय पर विशेष साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत जिले के वरिष्ठ नागरिकों के साथ संवादात्मक का आयोजन कर उन्हें डिजिटल अरेस्ट, पुलिस/CBI/ED अथवा अन्य शासकीय अधिकारी बनकर की जाने वाली फर्जी कॉल, वीडियो कॉल के माध्यम से डराने-धमकाने तथा साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों के संबंध में जागरूक किया जाएगा।

कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से बताया गया कि साइबर अपराधी स्वयं को पुलिस अधिकारी, CBI, ED, RBI अथवा अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं का अधिकारी बताकर फोन या वीडियो कॉल करते हैं और गिरफ्तारी, मनी लॉन्ड्रिंग, पार्सल अथवा अन्य फर्जी मामलों का भय दिखाकर पैसे की मांग करते हैं। ऐसे मामलों में घबराने के बजाय सतर्क रहना आवश्यक है।

पुलिस द्वारा नागरिकों को समझाइश दी जाएगी कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ OTP, ATM/डेबिट कार्ड संबंधी जानकारी, PIN, CVV, बैंक खाता विवरण, UPI PIN अथवा अन्य गोपनीय जानकारी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने या अनजान व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में कोई ऐप डाउनलोड करने से भी बचें।

हरदी में विधायक रोहित साहू ने ग्रामीणों के साथ सुनी प्रधानमंत्री मोदी के 'मन की बात'

'मन की बात' से मिला राष्ट्रसेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत के संकल्प को सशक्त बनाने का संदेश

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें एपिसोड का आज ग्राम हरदी में सामूहिक श्रवण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजिम विधायक रोहित साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने ग्रामीणों, भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विभिन्न हिस्सों में समाजहित, राष्ट्रनिर्माण, नवाचार, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी के माध्यम से किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री के विचारों और देशवासियों के प्रयासों से जुड़े संदेशों को उपस्थित लोगों ने उत्साह एवं गंभीरता के साथ सुना।

विधायक रोहित साहू ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला संवाद का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के दूर-दराज क्षेत्रों में रहने वाले सामान्य नागरिकों की उपलब्धियों और उनके जनहितकारी कार्यों को राष्ट्रीय मंच प्रदान करते हैं। इससे समाज के प्रत्येक वर्ग को बेहतर कार्य करने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा मिलती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का भाव आज जनभागीदारी की शक्ति के रूप में दिखाई दे रहा है। गांवों के विकास से लेकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण तक प्रत्येक नागरिक की सहभागिता महत्वपूर्ण है।

स्वच्छता दीदी सम्मान समारोह संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा नगर के कल्याण सागर वार्ड स्थित श्री राम जानकी मंदिर में विगत दिनों भाटापारा नगर के समस्त स्वच्छता दीदियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें नगर के सभी समाज के प्रमुख जनों को भी आमंत्रित किया गया था जिसमें मुख्य रूप से पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा एवं मंदिर के संस्थापक महंत श्री रामरूप दास जी एवं विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ललित मखीजा की विशेष रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महंत श्री राम रूप दास जी ने कहा कि मेरे मन में विचार आया कि अपने घर की साफ सफाई के साथ-साथ पूरे नगर की सुबह से सफाई करने वालों का क्यों ना सम्मान किया जाए ।

बरसते पानी में भी नहीं थमा बहनों का स्नेह

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा की बहनों का यह प्रेम देखकर योगेश तिवारी की आंखें भी नम हो गई रक्षाबंधन केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि भाई-बहन के उस पवित्र रिश्ते का पर्व है, जिसे शब्दों से नहीं, दिल से महसूस किया जाता है। इस बार ग्राम नेवनारा स्थित पावन चंडी मंदिर प्रांगण में कुछ ऐसा ही भावुक और आत्मीय दृश्य देखने को मिला। बरसते

पानी की फुहारें भी बहनों के कदम नहीं रोक सकीं। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से हजारों बहनें अपने भाई भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी को राखी बांधने पहुंचीं किसी बहन के हाथ में छोटी-सी राखी थी, तो किसी के हाथ में अपने भाई के लिए प्रेम और आशीर्वाद बहनों ने तिलक लगाया, राखी बांधी और भाई योगेश तिवारी की सुख-समृद्धि, दीर्घायु और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बारगांव विद्यालय के हॉकी खिलाड़ियों ने निकाली संडे आन साइकिल रैली

व्यायाम शिक्षक और खिलाड़ियों ने साइकिल चलाकर फिटनेस और खेलो के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारगांव बेरला के हॉकी खिलाड़ियों द्वारा खेल और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से संडे आन सायकल (संडे ऑन साइकिल) रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मेजर ध्यानचंद की जयंती पर समर्पित

महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ने शारीरिक रूप से फिट रहने और पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना था।

श्रद्धांजलि अर्पित कर शुरुआत

कार्यक्रम की शुरुआत बारगांव की व्यायाम शिक्षक (कोच) तुलसी साहू और हॉकी खिलाड़ियो ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

सायकल रैली खेल मैदान से ग्राम भ्रमण

इसके बाद सायकल रैली बारगांव के खेल मैदान से शुरू होकर विभिन्न प्रमुख मार्गों और चौराहों से गुजरी साइकिल चला रहे युवा खिलाड़ी स्वस्थ शरीर स्वस्थ भारत और फिट इंडिया के नारे लगा रहे थे, जिन्हें देखकर स्थानीय ग्रामीणों ने भी तालियां बजाकर उनका भरपूर उत्साहवर्धन किया। खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं, यह हमें सिखाते हैं जीवन में अनुशासन, कड़ी मेहनत और विपरीत परिस्थितियों में लड़ना इस अवसर पर विद्यालय की व्यायाम शिक्षक व कोच तुलसी साहू ने अपने कहा की खेल केवल मैदान तक सीमित नहीं होते बल्कि ये हमें जीवन में अनुशासन कड़ी मेहनत और विपरीत परिस्थितियों में भी मिलकर लड़ना (टीम भावना) सिखाते हैं। मेजर ध्यानचंद का जीवन हर खिलाड़ी के लिए प्रेरणापुंज है, जिन्होंने अपने जादुई खेल से दुनिया भर में भारत का परचम लहराया। आज की युवा पीढ़ी को मोबाइल और डिजिटल स्क्रीन की दुनिया से बाहर निकलकर मैदान पर पसीना बहाना चाहिए। नियमित खेल और शारीरिक गतिविधियां न सिर्फ शरीर को निरोग रखती हैं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाती हैं।

सायकल रैली में रहें शामिल

इस अवसर पर चिंताराम पटेल, देवेन्द्र यादव, विजय विश्वकर्मा, कुलदीप कुमार, निधि पाटिल, लोकेश्वरी निषाद, निशा साहू, दिव्या निषाद, नोमिता साहू, तुषार यादव, ममता, मनीष निषाद, पूनम, तुषार यादव, अशोक साहू, भूषण साहू, हिमांशु, भूपेश पात्रे, शुभम पात्रे, प्रकाश प्रजापति, अनुज, हितेश, त्रिलोक, नीता, माही, गूंजा, गरिमा, निशा धीवर, संतोषी, पूनम, दिव्या भारती सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ीगण उपस्थित रहें।

पंडरीपानी चोरीकांड में पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल

चोरी का माल खरीदने वाले पर कार्रवाई कब?

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम पंडरीपानी में 18 अगस्त 2026 को हुई चोरी के मामले में बिलाईगढ़ पुलिस द्वारा तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजे जाने के बाद अब पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठने लगे हैं। चोरी के मामले में गिरफ्तार आरोपियों के कथित मेमोरेंडम के आधार पर चोरी की संपत्ति का एक हिस्सा बरामद किया गया है, जबकि चोरी के शेष सामान की बरामदगी अभी बाकी बताई गई है।

पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रार्थी श्रवण कुमार रात्रे के मकान से सोने-चांदी के जेवरात चोरी हुए थे। मामले में सुमित कुमार लहरे, देवा रात्रे और मनीष कुमार महिलांगे को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही से 9 नग सोने के फर माला की पत्तियां, एक चांदी का पायल, 5 तोला चांदी का माला, एक मोबाइल फोन तथा 4 हजार रुपये नकद बरामद करने की जानकारी दी है।

पुलिस के अनुसार चोरी के सामान में से कुछ जेवर आरोपी

देवा रात्रे ने अपने मामा मनीष महिलांगे को देने की बात कही थी। पुलिस ने मनीष महिलांगे के कब्जे से कथित चोरी की संपत्ति बरामद करने का उल्लेख करते हुए उसके विरुद्ध धारा 317 बीएनएस के तहत कार्रवाई की है।

इधर, चोरी की घटना और पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति को लेकर बिलाईगढ़ के पत्रकारों ने 29 अगस्त को पुलिस अधीक्षक, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नाम लिखित आवेदन सौंपा है। पत्रकारों ने आरोप लगाया है कि चोरी के मामले में कुछ संपत्ति बरामद हुई है, लेकिन चोरी के शेष सामान की बरामदगी अब तक नहीं हुई है। साथ ही चोरी की संपत्ति की खरीद-फरोख्त से जुड़े व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।

पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि चोरी के शेष सामान को बरामद किया जाए तथा चोरी की संपत्ति खरीदने अथवा उसे अपने कब्जे में रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

आखिर शेष चोरी का माल कहां है?

पुलिस के अनुसार चोरी में करीब 11 ग्राम सोना और 85 तोला चांदी शामिल थी। इसमें से 9 नग फर माला, एक चांदी का पायल, 5 तोला चांदी का माला और 4 हजार रुपये बरामद होने की जानकारी दी गई है। वहीं पुलिस के अनुसार सोने के अन्य आभूषण, कान के टॉप्स, नाक की फुली तथा चांदी के अन्य जेवरों की बरामदगी शेष है।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि चोरी का शेष माल आखिर कहां गया? क्या चोरी के जेवर किसी अन्य व्यक्ति को बेचे गए? यदि बेचे गए तो उनकी खरीद-फरोख्त में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध क्या कार्रवाई हुई? पत्रकारों ने इन्हीं सवालों को लेकर पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

नवापारा-अभनपुर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा

स्कॉर्पियो और बलेनो की जोरदार टक्कर, दोनों गाड़ियों के उड़े परखच्चे

नवापारा/राजिम/नवप्रदेश। शनिवार-रविवार की मध्य रात स्कॉर्पियो और बलेनो कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए और सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हादसे में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार अभनपुर-नवापारा मार्ग पर मानिकचौरी रेलवे क्रॉसिंग के पास बीती रात यह हादसा हुआ है। बताया जा रहा है

कि स्कॉर्पियो में 7 लोग सवार थे, जबकि बलेनो कार में 2 लोग मौजूद थे। राहत की बात यह रही कि इस भीषण टक्कर के बावजूद हादसे में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। लेकिन दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बलेनो कार अभनपुर से नवापारा की ओर आ रही है, जबकि स्कार्पियो अभनपुर की ओर जा रही थी। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार माना जा रहा है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल लोगों को तत्काल अभनपुर सीएचसी पहुंचाया। फ्लिहाल पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

विवेकानंद पब्लिक स्कूल भटगांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन

भटगांव/नवप्रदेश। विवेकानंद पब्लिक स्कूल भटगांव में हर्षोल्लास के साथ रक्षाबंधन पर्व को धूमधाम से मनाया गया. वहीं श्रावण मास के उपलक्ष्य में शिव-पार्वती वेशभूषा का विशेष आयोजन किया गया. इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्य, और आपसी सदभाव के साथ ही बच्चो को अपनी पौराणिक कथाओं, सांस्कृतिक धरोहर और धार्मिक से सहज और रोचक तरीके से जोड़ना था। इस विशेष गतिविधियों में बच्चो ने भगवान शिव और माता पार्वती के सुंदर रूप धारण कर हर किसी का मन मोह लिया।

लोटस पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया प्री-रक्षाबंधन उत्सव

भटगांव /नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर लोटस पब्लिक स्कूल में प्री-रक्षाबंधन उत्सव का आयोजन बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में भाई-बहन के प्रेम, आपसी स्नेह, सम्मान, सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करना रहा। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को राखी बांधकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया। कक्षाओं में भाई-बहन की तरह स्नेह और अपनत्व के साथ विद्यार्थियों ने एक-दूसरे की कलाई पर राखी बांधी तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। पूरे विद्यालय परिसर में पर्व का उत्साह और उमंग देखने को मिला।

राखी मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा: प्री-रक्षाबंधन उत्सव के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए राखी मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और कल्पनाशीलता का प्रदर्शन करते हुए आकर्षक एवं सुंदर हस्तनिर्मित राखियां तैयार कीं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विजेता विद्यार्थियों के चेहरे पर पुरस्कार प्राप्त करने की खुशी साफ दिखाई दी। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

राष्ट्र-निर्माण और जन-संवाद का अनुपम संगम: 'मन की बात' का सामूहिक श्रवण

कुरुद/नवप्रदेश। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति मर्यादित, चर्रा के पावन प्रांगण में देश के यशस्वी एवं युगद्रष्टा प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के विश्वप्रसिद्ध, जन-जागरण के संवाहक कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें संस्करण का सामूहिक श्रवण एवं सीधा प्रसारण अत्यंत उत्साह व आत्मीय भाव के साथ संपन्न हुआ।

प्रधानमंत्री जी के ओजस्वी, विचारोत्तेजक एवं लोक-कल्याणकारी उद्बोधन ने उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं एवं जागरूक ग्रामीणजनों के मानस पटल पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। यह कार्यक्रम मात्र एक वैचारिक संवाद न होकर, देश के

अंतिम छोर पर खड़े नागरिक को भी राष्ट्र-पुनर्निर्माण, आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता के विराट संकल्पों से एकाकार करने वाला एक अद्वितीय जन-आंदोलन सिद्ध हो रहा है। प्रसारण के उपरांत उपस्थित प्रबुद्धजनों ने राष्ट्रहित, ग्रामीण स्वावलंबन एवं जनहितकारी योजनाओं पर अत्यंत सारगर्भित विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थितिः जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा राम यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता एल पी गोस्वामी, रामकुमार साहू (प्राधिकृत) लिनेश्वर कुमार बैस (समिति प्रबंधक),? उत्तम कुमार बैस देवानंद साहू ,चोवा राम साहू , तेजराम सिन्हा नंद कुमार साहू रामकुमार बैस ,?राजेश साहू , डीहू राम साहू, प्रहलाद बैस , कुंवर सिंह इस अवसर पर क्षेत्र के निष्ठावान कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं मातृशक्ति-पितृशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित होकर राष्ट्र चेतना के इस पावन अभियान के साक्षी बने।

गढुला मुख्य मार्ग पर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, महापौर के समझाईश पर यातायात व्यवस्था हुई बहाल

राजनांदगांव/नवप्रदेश राजनांदगॉव खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर शहर के निकटस्थ स्थित ग्राम गढुला में तीन गॉव तुमड़ीलेवा, भाठागॉव एवं भेड़ीकला के ग्रामीणों ने आज दोपहर चक्काजाम कर अपनी समस्याओं की तरफशासन प्रशासन का ध्यानाकृष्ट किया। ग्रामवासियों द्वारा चक्काचाम किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर राजनांदगॉव महापौर मधुसूदन यादव ने तुरंत मौके पर पहुॅचकर ग्रामवासियों का पक्ष सुना एवं ग्रामीणों से बातचीत कर समस्या निवारण का प्रयास किया । ग्रामवासियों ने महापौर को अवगत कराया कि वे अपनी दो मुख्य समस्याओं को लेकर आक्रोशित होकर चक्काजाम करने पर पहुॅचे हैं। ग्रामीणों ने पहली समस्या के बारे में बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भेड़ीकला में शिक्षको की कमी के कारण इन ग्रामों के बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, एवं ग्रामवासियों ने प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत निर्माणाधीन गढुला से भेड़ीकला, भांठागॉव, तुमड़ीलेवा होकर बघेरा पहॅुच मार्ग का अधूरा निर्माण कार्य ग्रामवासियों के नाराजगी का प्रमुख कारण है, जिसके चलते ग्रामवासियों ने गढुला मुख्यमार्ग पर चक्काजाम किया है। बरसात के कारण प्रधानमंत्री सड़क योजना का यह निर्माण कार्य मार्च 2026 में प्रारंभ हुआ था किन्तु वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के बाद से ही उक्त मार्ग का निर्माण बीच में ही अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे मार्ग में बड़ें गढढे बन गये हैं, जिनमे पानी भरा रहता है और इस मार्ग पर दुर्घटनाएॅ बढ़ गई है। महापौर मधुसूदन यादव ने मौके से विभागीय अधिकारियों से फोन पर चर्चा कर उक्त दोनो समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक निर्देश दिये। पश्चात् महापौर ने ग्रामवासियों को आश्वासन देते हुए बताया कि अगले 3 दिनों में विभाग द्वारा उक्त मार्ग के सभी गड्ढों को पाटने का कार्य किया जायेगा एवं बारिश का मौसम बीतने के बाद उक्त मार्ग के डामरीकरण हेतु कार्यवाही की जायेगी।

प्ररूप-(एक)
समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं रमियाबाई डहरिया (RAMIYABAI DAHRIYA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) धर्मपत्नि भारतराम डहरिया (BHARATRAM DAHRIYA) स्वंय का नाम श्रीमती रमियाबाई भारती (RAMIYABAI BHARTI) धर्मपत्नि भरत भारती (BHARAT BHARTI) जाति सतनामी, उम्र 46 वर्ष, निवासी ग्राम समोदा, करंजा भिलाई, तहसील व जिला-दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम रमियाबाई डहरिया (RAMIYABAI DAHRIYA) धर्मपत्नि भारतराम डहरिया (BHARATRAM DAHRIYA) (पुराना नाम) से बदल कर श्रीमती रमियाबाई भारती (RAMIYABAI BHARTI) धर्मपत्नि भरत भारती (BHARAT BHARTI) (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
रमियाबाई डहरिया
(RAMIYABAI DAHRIYA)
धर्मपत्नि भारतराम डहरिया
(BHARATRAM DAHRIYA)

न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

रा0प्र0क्रमांक 202510100900075 ब/121 वर्ष 2025-26

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 37 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका राधा बाई पति संतोष कुमार निवासी डंगनिया तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम डंगनिया प.ह.नं. 37 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित संयुक्त खाते कि भूमि खसरा नंबर 493/1, 289, 223/1, 321/3, 502/3 रकबा 0.54, 0.84, 0.18, 0.07, 0.20 कुल रकबा 1.47 हे0 भूमि पर भारती वर्मा, जया वर्मा नाबालिक दोना पिता संतोष कुमार पालक मॉ राधाबाई का ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में नाबालिक दर्ज होने से उसके स्थान पर बालिक दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदिका राधा बाई पति संतोष कुमार निवासी डंगनिया तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार अभिलेख दुरूस्त किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 15.09.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.08.2026 को जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ - जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00017 सिकोला ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. **RD202526430107400118**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00017 के अंतर्गत ग्राम सिकोला के वर्तमान भूमिस्वामी **रामकुमार सिंह आ. धुपनारायण सिंह** पिता/पति-पता-गली नं. 2 दीपक नगर दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 57/226 (0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **श्रीमती रीना सिंह पिता/पति-स्व. रामकुमार सिंह पता-ए- 09, केंद्रीय कर्मचारी नगर, दुर्ग, ना.बा. आयुष सिंह पिता/पति-स्व. रामकुमार सिंह वली माता श्रीमती रीना सिंह पता-ए-09 केंद्रीय कर्मचारी नगर, दुर्ग, ना. बा. कृष्णकुमार सिंह पिता/पति-स्व. रामकुमार सिंह वली माता श्रीमती रीना सिंह पता-ए-09, केंद्रीय कर्मचारी नगर, दुर्ग** के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/09/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/08/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202607104500089

विषय:- अ-74 सन:- 2025-2026
मामले की श्रेणी:- राजस्व

फेकारी प.ह.न. 00026 [270/2(0.1800 हे.)] पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- रामजी, अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम फेकारी प.ह.नं. 26 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रामजी पिता कार्तिक राम जाति तेली निवासी ग्राम बोहारडीह तहसील पाटन जिला दुर्ग द्वारा ग्राम फेकारी प.ह.नं. 26 स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर 270/2 रकबा 0.18 हे. का ऋण पुस्तिका प्राप्त हुआ था, जो एक माह पूर्व कहीं गुम हो जाने से द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई हेतु नियत तिथि 31.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित होकर अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23/07/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, पाटन

प्रारूप - (एक)
समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

नाबालिक पुत्री / पुत्र के नाम परिवर्तन के मामले में (अभिभावक / पालक द्वारा प्रमाणित)

मैं श्रीमति दिव्या साहू पिता निलेश कुमार साहू उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम कंडरका, तहसील अहिंवारा जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपने नाबालिग सुपुत्र का परीकचचित साह PARIKCHHIT SAHU (पुराना नाम) से बदल कर परीक्षित कुमार साहू PARIKSHIT KUMAR SAHU (नया नाम) रख लिया है।

दिव्या साहू
माता / पिता / पालक के हस्ताक्षर

प्रारूप (एक)
समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं दिक्षा मढ़रिया DISHAA MADHRIYA (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/महेन्द्र कुमार मढ़रिया गांव / शहर चेटुवा तहसील अहिवारा जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम दिक्षा मढ़रिया DISHAA MADHRIYA (पुराना नाम) से बदल कर दिक्षा मढ़रिया DIKSHA MADHRIYA (नया नाम) रख लिया है।

दिक्षा
हस्ताक्षर
(पुराने नाम से)

न्यायालय नायब, तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./202607102800071/बी-125/2025-26
मौजाः- बोरसी, प.ह.न.:- 16

// ईश्तहार//

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रितेश कुमार देवांगन पिता स्व. तारण सिंह देवांगन निवासी ग्राम बोरसी तहसील अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र वास्ते राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 अंतर्गत प्रस्तुत किया है कि आवेदक के माता सरिता देवांगन पति तारण सिंह देवांगन निवासी ग्राम बोरसी का घटना दिनांक 01.11.2025 को घटना स्थल ग्राम बोरसी में अपनी बाड़ी में काम करते समय जहरीले सर्प के काटने से मृत्यु होने के कारण आर्थिक सहायता हेतु प्रदान करने हेतु इस न्यायालय में पेश किया गया है। आवेदन पत्र के साथ घटित घटना के साक्ष्य अभिलेख के रूप में पुलिस थाना जामुल का मर्ग क्रमांक 76/2025 धारा 941 बी.एन.एस.एस की सत्यापित प्रति सह शव परीक्षण रिपोर्ट, मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि की छायाप्रति संलग्न कर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत शासन से मिलने वाली आर्थिक अनुदान सहायता राशि की मांग किया गया है। जो कि इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है।

अतएव उक्त आवेदन के संबंध में विधिसम्मत आपत्तियों रखने वाला कोई भी व्यक्ति सुनवाई हेतु नियत तिथि 21.08.2026 को इस न्यायालय में स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा लिखित आपत्तियों निवेदित कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त की गई आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 31.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है।
पेशी दिनांकः 21.08.2026
जारी दिनांक :-31.07.2026

मुहर — नायब तहसीलदार, अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

प्रारूप-तीन
शपथपत्र का प्रारूप

मैं शपथकर्ती शिवानी कुमारी (SHIWANI KUMARI) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता पप्पु यादव (PAPPU YADAV), उम्र 18 वर्ष, निवासी- वार्ड नं. 12, दुर्गा चौक, लेबर केम्प जामुल, तह. भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) एतद द्वारा पूर्णतः पुष्टि करती हूँ और निम्नानुसार घोषित करती हूँ:

1. मैं उपरोक्त पते की स्थायी निवासी हूँ।
2. मेरा पुराना नाम शिवानी कुमारी (SHIWANI KUMARI) पिता पप्पु यादव (PAPPU YADAV) है और मैं अपना नाम बदलकर शिवानी कुमारी (SHIVANI KUMARI) पिता पप्पु यादव (PAPPU YADAV) (नया नाम) करवाना चाहता/चाहती हूँ।
3. मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है।
4. मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।
5. मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं/ रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं/रही हूं।

शपथकर्ती

सत्यापनः- मैं शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूं कि कंडिका 1 से 5 तक में दिये गये कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही है जिसे आज दिनांक 29/08/2026 को पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर सत्यापित कर दी हूँ।

शपथकर्ती
शिवानी

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ - जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202526430103800079**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी **इंदिरा विश्वास पिता/पति-आ. स्व. अरुण विश्वास पता-सिंधिया नगर दुर्ग** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 17/14 (0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **दिलीप कुमार नायक पिता/पति-स्व. बादलचंद नायक पता-सिंधिया नगर दुर्ग, प्रदिप्तो नायक पिता/पति-दिलीप कुमार नायक पता-सिंधिया नगर दुर्ग, अरोनी नायक पिता/पति-दिलीप कुमार नायक पता-सिंधिया नगर दुर्ग** के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/09/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/08/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग
मामले की श्रेणी: राजस्व

संदर्भ - जिला- दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न.-00041 तितुरडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- **RD202526430103800078**

ईश्तहार

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम तितुरडीह के वर्तमान भूमिस्वामी **इंदिरा विशवास पिता/पति-अरुण कांति विशवास पता-सिंधिया नगर दुर्ग** के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 17/9 (0.0110) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता **दिलीप कुमार नायक पिता/पति-स्व. बादलचंद नायक पता-सिंधिया नगर दुर्ग, प्रदिप्तो नायक पिता/पति-दिलीप कुमार नायक पता-सिंधिया नगर दुर्ग, अरोनी नायक पिता/पति-दिलीप कुमार नायक पता-सिंधिया नगर दुर्ग** के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 09/09/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 24/08/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग

प्ररूप-(एक)
समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं भारतराम डहरिया (BHARATRAM DAHRIYA) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) पिता रूपचंद डहरिया (RUPCHAND DAHRIYA) स्वंय का नाम भरत भारती (BHARAT BHARTI) आ0 रूपचंद भारती (RUPCHAND BHARTI) जाति-सतनामी, उम्र 50 वर्ष, निवासी ग्राम समोदा, करंजा भिलाई, तहसील व जिला- दुर्ग (छत्तीसगढ़) ने अपना नाम भारतराम डहरिया (BHARATRAM DAHRIYA) पिता रूपचंद डहरिया (RUPCHAND DAHRIYA) (पुराना नाम) से बदल कर भरत भारती (BHARAT BHARTI) आ0 रूपचंद भारती (RUPCHAND BHARTI) (नया नाम) रख लिया है।

हस्ताक्षर (पुराने नाम से)
भारतराम डहरिया
(BHARATRAM DAHRIYA)
पिता रूपचंद डहरिया
(RUPCHAND DAHRIYA)

समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना

मैं कणिका निर्मलकर (KANIKA NIRMALKAR) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र/सुपुत्री/पत्नी- राजू (RAJU) गाँव / शहर- 4-13, विदी, कोत्तपेटा, सन्तबम्माली मण्डलम, ग्राम-बावणपाडू मध्यपेटा, मरीपाडू, जिला-श्रीकाकोलम (आंध्रप्रदेश) ने अपना नाम - कणिका निर्मलकर (KANIKA NIRMALKAR) (पुराना नाम) से बदल कर हेमलता (HEMALATHA) (नया नाम) रख लिया है।

कणिका
हस्ताक्षर
(पुराने नाम से)

कार्यालय नगर पंचायत बिलाईगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)
Email ID- npbilaigarh08@gmail.com

क्र./800/न.पं./ लो.नि.वि./2026-27 — बिलाईगढ़, दिनांक 27/08/2026

// चतुर्थ ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों/ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा Form-F (LUMPSUM) अंतर्गत आमंत्रित की जाती है:-

क्र.	सिस्टम टेण्डर क्र.	कार्य विवरण	अनु. लागत(रू. लाख में)	अमानत राशि	Tender Document Fee	समय सीमा	सक्षम श्रेणी	फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि
1	198071	Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion based Sewage Treatment Plant (STP) work Including 05 years of Operation and Maintenance of The Entire system in Nagar Panchayat Bilaigarh Under SBM 2.0 (4th Call)	INR 235.46 LAKH	**INR 1.50/- Lakh** (Rupees One Lacs Fifty Thousand only TDR/FDR IN favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, **Nagar panchayat, Bilaigarh**	**INR 10000/-** (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, **Nagar panchayat, Bilaigarh**	**Construction Period - 15 months** (including rainy season) + **03 Months of trial run** (from the date of issuing of work order.)	"B" and Above	11.09.2026

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट https://uad.cg.gov.in/ से प्राप्त की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा / सूचना पटल से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत बिलाईगढ़,
जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

शुद्धि पत्र क्र. -1

निविदा सूचना क्र. 12/व.ले.लि./2026-27 जांजगीर, दिनांक 17.08.2026 निविदा सिस्टम नं. 197447 (प्रथम आमंत्रण) जिसका जी. क्र. 262702827/11 दिनांक 20.08.2026 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है-

स. क्र.	पूर्व प्रसारित	संशोधित
1	09 MONTHS	15 MONTHS

नोट :- निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालन अभियंता
हसदेव नहर जल प्रबंध संभाग, जांजगीर
जिला-जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

जी-262702983/7

छत्तीसगढ़ शासन, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद
काष्ठागार नीलाम का संक्षिप्त विवरण

सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि गरियाबंद वनमंडल के अंतर्गत गरियाबंद काष्ठागार में संग्रहित ईमारती काष्ठ एवं जलाऊ चट्टा का e-Auction द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारो से अनुरोध है कि वे e-Auction में भाग लेंवे। e-Auction की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय/वन काष्ठागार गरियाबंद से प्राप्त की जा सकती है।

ई-नीलाम दिनांक - 09/09/2026
ई-नीलाम समय - प्रात: 09:00 बजे

नीलाम में प्रस्तावित वनोपज की अनुमानित मात्रा

क्र.	प्रजाति	लट्ठा (घनमीटर)			बल्ली/डेंगरी/फेंसिंग (संख्या)		
		नया	पुराना	योग	नया	पुराना	योग
1	सागौन	6.316	144.019	150.335	157	64630	64787
2	साल	57.069	928.815	985.884	333	3842	4175
3	बीजा	6.491	22.956	29.447	24	286	310
4	शीशम	0	1.917	1.917	0	0	0
5	तिन्सा	0	8.073	8.073	0	538	538
6	साजा	2.281	38.329	40.610	128	938	1066
7	हल्दू	0	26.422	26.422	13	48	61
8	धावड़ा	2.394	30.905	33.299	90	1143	1233
9	सलई	0	0.530	0.530	0	0	0
10	अन्य	4.204	80.757	84.961	922	4889	5811
	योग :-	**78.755**	**1282.723**	**1361.478**	**1667**	**76314**	**77981**

बल्ली/फेंसिंग

डिपो का नाम	नया	योग
अस्थाई पड़ाव डिपो पथर्रा राजिम	3229	3229
जलाऊ चट्टा		
अस्थाई पड़ाव डिपो पथर्रा राजिम	418	418
बांस		
अस्थाई पड़ाव डिपो पथर्रा राजिम	5949	5949

टीप :-
01. क्रेताओं को e-Auction के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
02. क्रेताओं को e-Auction के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
03. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉगिन करके देख सकते है।
04. e-Auction में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकेंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट को क्रय करने के लिये अन्य क्रेताओं को 30 सेकेंड का अतिरिक्त समय प्राप्त होगा। 20 सेकेंड तक बोली नहीं लगने पर लॉट पर बोली बंद हो जायेगा।

जी- 262702987/1 — वनमण्डलाधिकारी, गरियाबंद वनमण्डल गरियाबंद

पशु चिकित्सा विभाग की लापरवाही से खत्म हो रहा डेयरी व्यवसाय, मर रहे कई जानवर

विभाग के प्रमुख अधिकारी सहित जिला प्रशासन पर उठ रही उंगली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले में पशुपालन और डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए शासन द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं लेकिन जमीनी स्तर पर इन योजनाओं का लाभ पशुपालकों तक कितना पहुंच रहा है यह अब सवालों के घेरे में है। पशु चिकित्सा एवं सेवाएं विभाग की कथित लापरवाही के चलते जिले में डेयरी व्यवसाय के सामने संकट खड़ा होता दिखाई दे रहा है। वहीं दूसरी ओर कई गांवों में मवेशियों के बीमार होने और उपचार के अभाव में उनकी मौत होने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

पशुपालकों का आरोप है कि गांवों में संचालित पशु औषधालयों और वहां पदस्थ पशु चिकित्सा सहायकों की नियमित उपलब्धता को लेकर गंभीर स्थिति बनी हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ कर्मचारियों को शासन की ओर से आवास अथवा मकान किराए की सुविधा मिलने के बावजूद उनके मुख्यालय में नहीं रहने की शिकायतें सामने आ रही हैं। आरोप है कि कई कर्मचारी अपने शहरी निवास अथवा निजी गांवों से आवागमन करते हैं। ऐसे मामलों में स्थानीय स्तर पर पंच-सरपंच से प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर मकान किराया लेने की बात भी कही जा रही है। यदि यह आरोप सही हैं तो इसकी निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारी तय किया जाना आवश्यक है। पशुपालकों का कहना है कि मवेशियों के बीमार पड़ने पर समय पर सरकारी पशु चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाने के कारण उन्हें निजी स्तर पर इलाज कराना पड़ता है। कई मामलों में पशुपालकों से उपचार के नाम पर बड़ी रकम वसूले जाने की शिकायत भी सामने आती है। आर्थिक रूप से कमजोर पशुपालकों के लिए महंगा उपचार कराना मुश्किल हो जाता है और वे मजबूरी में घरेलू स्तर पर ही अपने मवेशियों का इलाज करने

का प्रयास करते हैं। पशुपालकों का कहना है कि जब महंगे पशुओं का समय पर उपचार नहीं हो पाता तो बीमारी बढ़ने के साथ पशु की हालत गंभीर हो जाती है। गाय, बैल, भैंस और बछड़ों के बीमार होने तथा उपचार के अभाव में उनकी मौत की घटनाएं पशुपालकों के लिए आर्थिक नुकसान का कारण बन रही हैं। शासन का उद्देश्य पशुपालन को आधुनिक एवं लाभकारी व्यवसाय के रूप में विकसित करना, उन्नत नस्ल के पशुओं को बढ़ावा देना और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है। डेयरी व्यवसाय से ग्रामीण परिवारों को नियमित आय उपलब्ध कराने के लिए भी विभिन्न योजनाएं संचालित की जाती हैं। लेकिन पशुपालकों का कहना है कि जब बुनियादी पशु चिकित्सा सुविधा ही समय पर उपलब्ध नहीं होगी तो उन्नत पशुपालन और डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने की योजनाएं धरातल पर कैसे सफल होंगी। पशुपालकों का कहना है कि पशुओं की बीमारी और इलाज के बढ़ते खर्च के कारण कई लोग पशुपालन से पीछे हटने लगे हैं। कुछ पशुपालक अपने मवेशियों को दूसरों को दान करने या मजबूरी में खुले में छोड़ने तक के लिए विवश हो रहे हैं। इससे आवारा मवेशियों की समस्या भी बढ़ सकती है और सड़क दुर्घटनाओं सहित अन्य समस्याएं पैदा होने की आशंका बनी रहती है। पशुपालकों ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ पशु चिकित्सा सहायकों एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच कराने की मांग की है। साथ ही यह भी जांच की मांग की जा रही है कि जिन कर्मचारियों को मुख्यालय में रहने के नाम पर मकान किराया दिया जा रहा है, वे वास्तव में संबंधित मुख्यालय में निवास कर रहे हैं या नहीं। पशुपालकों ने फील्ड में सरकारी जिम्मेदारी निभाने वाले कर्मचारियों द्वारा कथित तौर पर निजी स्तर पर उपचार किए जाने और इसके एवज में राशि लिए जाने की शिकायतों की भी जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि सरकारी व्यवस्था में उपचार और दवाइयां उपलब्ध हैं तो पशुपालकों को निजी खर्च करने की नौबत नहीं आनी चाहिए। पशुपालकों का कहना है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पशु चिकित्सा व्यवस्था की वास्तविक स्थिति की जांच करनी चाहिए। साथ ही पशु औषधालयों में कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति, दवाइयों की उपलब्धता, सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और पशुओं की मौत से जुड़े मामलों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए। जिले के पशुपालकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि कहीं लापरवाही, अनियमितता अथवा सरकारी सुविधा का दुरुपयोग पाया जाता है तो संबंधित जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। पशुपालकों का कहना है कि समय पर उपचार और विभागीय सहयोग मिलने से न केवल मवेशियों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डेयरी एवं पशुपालन व्यवसाय को भी दोबारा मजबूती दी जा सकती है।

> इस संबंध में पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग के जिलाधिकारी सहायक संचालक अनूप चटर्जी से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया। कई बार फोन किए जाने के बावजूद उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसके बाद भी उनकी ओर से कोई कॉल बैक नहीं किया गया। विभाग से जुड़े गंभीर आरोपों पर अधिकारी का पक्ष सामने नहीं आ सका है।
>
> **- अनूप चटर्जी,** जिलाधिकारी सहायक संचालक, राजनांदगांव

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधियों के साथ विधायक मिश्रा ने सुनी 'मन की बात'

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने आज रायपुर स्थित निरंजन धर्मशाला में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 137वें संस्करण को प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सम्मिलित होकर सुना।

इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'मन की बात' के माध्यम से देशवासियों से सीधा संवाद करते हुए समाज के विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे सकारात्मक कार्यों, जनभागीदारी, राष्ट्र निर्माण और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संवाद देशवासियों को 'सबका प्रयास' की भावना के साथ आगे बढ़ने तथा विकसित एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है।

श्री मिश्रा ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक संवाद कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों को जोड़ने वाला सशक्त माध्यम है, जो समाज में सकारात्मक सोच, सेवा भावना और राष्ट्रहित के कार्यों के प्रति नई ऊर्जा एवं प्रेरणा का संचार करता है। इस अवसर पर रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी, रायपुर नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौर, भाजपा जिला प्रभारी राजेन्द्र शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

गोबरा नवापारा में आधी रात रास्ता रोककर युवक को पीटा

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र के ग्राम कुर्रा में आधी रात एक राहगीर का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट, जान से मारने की धमकी, वाहन में तोड़फोड़ और मोबाइल लूट की सनसनीखेज घटना सामने आई है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि घटना में शामिल 4 अपचारी बालकों को किशोर न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बिलासपुर जिले के पचपेड़ी थाना अंतर्गत ग्राम चिल्हाती निवासी रोहित कुमार यादव (40 वर्ष) 29 अगस्त की रात अपने तुफान वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूआर 4710 से अपने गांव से धमतरी की ओर जा रहे थे। रात करीब 1 बजे ग्राम कुर्रा के पास करीब 9 लोगों ने उनका रास्ता रोक लिया।

चाकू-डंडे से मारपीट का आरोप: आरोप है कि रास्ता रोकने के बाद आरोपियों ने रोहित के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद चाकू, डंडे और हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। यही नहीं, आरोपियों ने वाहन में जमकर तोड़फोड़ की और मोबाइल फोन लूटने का भी आरोप है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल रोहित को नवापारा अस्पातल में भर्ती कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए गोबरा नवापारा पुलिस थाना प्रभारी जितेंद्र दुबे ने तत्काल एक्शन लिया। थाना प्रभारी ने आरोपियों की पहचान कर रात में दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में शामिल 4 नाबालिगों समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। नाबालिगों को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

4 नाबालिगों समेत 9 आरोपियों को किया गिरफ्तार: पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में सागर साहू (22 वर्ष) निवासी गोबरा बस्ती, चंदन यादव (19 वर्ष) निवासी शीतलापारा नवापारा, टीकम साहू (19 वर्ष) निवासी तर्री, मुकेश नगराची (19 वर्ष) निवासी शीतलापारा नवापारा, घनश्याम निषाद (19 वर्ष), निवासी खेलीपारा नवापारा शामिल है।

एनएसएस इकाई का इंडक्शन एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय गोबरा नवापारा में इसी सत्र से राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई का शुभारंभ हुआ है। इसी क्रम में नवचयनित एनएसएस स्वयंसेविकाओं के लिए इंडक्शन एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवचयनित स्वयंसेविकाओं को एनएसएस के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली एवं गतिविधियों से परिचित कराना तथा उनमें सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात मुख्य अतिथि जिला संगठक, रायपुर डॉ. आर. के. रजक का पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मधु श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि इसी सत्र से प्रारंभ हुई एनएसएस इकाई छात्राओं को समाजसेवा एवं राष्ट्रहित से जुड़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को एनएसएस की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने तथा सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक डॉ. सुधीर कुमार अग्रहरी ने भी स्वयंसेविकाओं को संबोधित किया।

माधुरी साहू नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित

- **26 हजार महिला स्व-सहायता समूहों के रोजगार की पुनर्स्थापना से लेकर महिला अधिकार, स्वास्थ्य और पोषण जागरूकता तक उल्लेखनीय योगदान**

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा रायपुर स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में आयोजित 'नारी शक्ति सम्मान समारोह 2026' में अभनपुर क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की माधुरी साहू को महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 'नारी शक्ति सम्मान 2026' से सम्मानित किया गया।

माधुरी साहू ने बिहान एवं महिला स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के साथ मिलकर ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ने की दिशा में निरंतर कार्य किया है। महिला अधिकार जागरूकता, स्वास्थ्य एवं पोषण अभियान, मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी के लिए जागरूकता शिविर तथा किशोरी बालिकाओं में पोषण एवं एनीमिया की रोकथाम जैसे विषयों पर उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं।

महिला स्व-सहायता समूहों के रोजगार एवं आजीविका की पुनर्स्थापना के लिए उठाई गई आवाज उनके सामाजिक नेतृत्व का महत्वपूर्ण उदाहरण है। रेडी टू ईट एवं पोषण आहार योजना से प्रभावित महिला स्व-सहायता समूहों के रोजगार के मुद्दे को श्रीमती साहू ने केवल रोजगार का विषय न मानकर हजारों महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और सम्मान से जुड़ा विषय बनाया। उन्होंने प्रदेशभर की महिला समूहों को संगठित कर लगभग 26,000 महिला स्व-सहायता समूहों की बहनों के रोजगार एवं आजीविका की आवाज को शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से रखा।

निरंतर प्रयासों और सामूहिक नेतृत्व के परिणामस्वरूप महिला स्व-सहायता समूहों को पुनः रोजगार से जोड़ने की दिशा में निर्णायक पहल हुई। इससे महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता और आजीविका की पुनर्स्थापना के साथ उनके परिवारों की आर्थिक सुरक्षा को भी मजबूती मिली। यह पहल इस विचार को साकार करती है कि महिला सशक्तिकरण केवल जागरूकता तक सीमित नहीं, बल्कि रोजगार, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन के अधिकार से जुड़ा विषय है।

श्रीमती साहू का प्रयास ग्रामीण महिलाओं को केवल योजनाओं की लाभार्थी बनाने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्हें अधिकारों के प्रति जागरूक, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और अपनी बात मजबूती से रखने वाली सशक्त भागीदार बनाने पर केंद्रित रहा है। महिला सशक्तिकरण से परिवार और परिवार से समाज के सशक्तिकरण की इसी सोच के साथ वे निरंतर सक्रिय हैं।

समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, महिला बालविकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, संस्कृति पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ममता साहू, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, शालिनी राजपूत, मोना सेन, विधायक मोती लाल साहू, पुरन्दर मिश्रा सहित विभिन्न आयोगों, निगमों एवं मंडलों के अध्यक्ष एवं सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचीं हजारों महिलाओं की सहभागिता ने समारोह को विशेष गरिमा प्रदान की।

पेज 1 का शेष...

एक लाख बेघर, मलबे...

हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट्स से सामने आई है। त्रिशूली 3ए और 3बी जलविद्युत परियोजनाओं की टनल के भीतर दर्जनों मजदूर मलबे और पानी के बीच फंसे हुए हैं। नेपाली सेना के बचावकर्मी टनल के अंदर हवा की पाइपलाइन भेजकर ऑक्सीजन पहुंचा रहे हैं ताकि अंदर फंसे लोगों की सांसें चलती रहें। भारी ड्रिलिंग मशीनों और हेलीकॉप्टरों की मदद से टनल को काटने का काम युद्धस्तर पर जारी है।

13 मिनट में तबाही: 'पेड़ नहीं होता तो बह जाता...'

स्थानीय प्रत्यक्षदर्शियों की आपबीती रोंगटे खड़े कर देने वाली है। विदुर में शौचालय के लिए गड्ढा खोद रहे मजदूर बिबेक कुमाल ने बताया कि पानी और पत्थरों का सैलाब इतनी तेजी से आया कि भागने का मौका भी नहीं मिला। वे बहाव में बहने लगे, लेकिन किस्मत से एक आम का पेड़ उनके हाथ आ गया और उन्होंने उसे कसकर पकड़ लिया। आईसीआईएमओडी के आंकड़ों के मुताबिक, बाढ़ इतनी अचानक आई कि लोगों को चेतावनी संदेश मिलने से पहले ही कई गांव पानी के बहाव में स्वाहा हो गए।

5 अरब डॉलर का नुकसान, शव गृहों के लिए नेपाल ने मांगी अंतरराष्ट्रीय मदद

नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल के मुताबिक देश को इस तबाही से उबरने और पुनर्निर्माण के लिए कम से कम 5 अरब डॉलर (करीब 40 हजार करोड़ रुपये) की जरूरत होगी। देश के अस्पताल और शवगृह फुल हो चुके हैं, जिसके चलते नेपाल सरकार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से शवों को सुरक्षित रखने के लिए डीप फ्रीजर और तकनीकी सहायता मांगी है। अमेरिका ने 3.6 मिलियन डॉलर की आपातकालीन सहायता का ऐलान किया है, वहीं भारत की तरफ से राहत सामग्री और एनडीआरएफ की टीमें भी लगातार मदद में जुटी हैं।

चाय के प्याले ने बचाई...

पता नहीं हमारा क्या होता।' यह ग्रुप 21 अगस्त को रायपुर से निकला था और अगले दिन 22 अगस्त को नेपाल पहुंचा था। पांच दोस्तों के इस ग्रुप ने एक कार किराए पर ली थी और पशुपतिनाथ मंदिर, मनकामना मंदिर और दूसरे पर्यटन स्थलों पर जाने का प्लान बनाया था। 26 अगस्त को सुबह करीब 9.30-10 बजे, वे धाडिंग जिले के मलेखु कस्बे में एक होटल में चाय के लिए रुके थे।

भारतीय होटल मालिक ने की मदद

नारायण सेन ने कहा, 'वहां हमें पता चला कि आगे एक पुल बाढ़ में बह गया है। होटल एक भारतीय का था, जिन्होंने हमारी बहुत मदद की और हमें खाना भी खिलाया।' नारायण सेन ने आगे कहा, 'हमने त्रिशूली नदी में कारों को बहते देखा। लाशें और बहुत सी दूसरी चीजें भी पानी की तेज धारा के साथ बह रही थी। हम डरे हुए थे। हमेशा यह डर बना रहता था कि बाढ़ की स्थिति और खराब हो सकती है।' दोस्तों के इस ग्रुप ने मलेखु में एक ऊंची जगह पर शरण ली और रात कार में बिताई।

पुलिस हेड कॉन्स्टेबल दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि जब बाढ़ आई, तो वे पशुपतिनाथ मंदिर से लगभग 50 किलोमीटर दूर थे। दिनेश सिंह ठाकुर बोले, 'होटल में चाय पीते समय हमने देखा कि लोग अचानक बेचैन हो रहे हैं। बाद में हमें बाढ़ से हुई तबाही के बारे में पता चला। हमने सुना कि पूरा गांव, इमारतें, दफ्तर और पनबिजली परियोजनाएँ बर्बाद हो गईं।'

भगवान शिव को दिया धन्यवाद

दिनेश सिंह ठाकुर ने बताया कि बाद में वो दोस्तों के साथ हालात का जायजा लेने के लिए त्रिशूली नदी के किनारे पहुंचे, जहां के हालात देखकर हमें बहुत दुख हुआ। दिनेश सिंह ठाकुर कहते हैं, 'हमने जो देखा, उसे शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है. हम भगवान शिव का नाम जपते रहे और हमें लगा कि उनके आशीर्वाद ने ही हमारी रक्षा की। '

इंटरनेट और हेल्पलाइन नंबर के जरिए किया संपर्क- नेपाल के बाढ़ में फंसे दोस्तों के इस ग्रुप ने इंटरनेट के जरिए अपने परिवारों को संपर्क किया और अपनी लोकेशन बताने के लिए भारत सरकार की हेल्पलाइन का इस्तेमाल किया। दिनेश सिंह ठाकुर ने कहा, 'वहां इंटरनेट सर्विस अच्छी तरह काम कर रहा था, इसलिए हम अपने परिवारों के संपर्क करने में आसानी हुई। हमने अपने परिवार वालों को बताया कि वो ठीक हैं और वो घबराए नहीं।

28 अगस्त को पांचों दोस्त नेपाल से रायपुर के लिए हुए रवाना-नेपाल त्रासदी से बचकर घर लौटे लोगों ने बताया कि उनको वहां की महिला सुरक्षाकर्मियों ने राखी बांधी, जो उनके लिए एक बड़ा ही भावुक करने वाला पल था। दर्जी की दुकान चलाने वाले दिनेश ओझा ने कहा कि बाढ़ के बाद उन्होंने जो मंज़र देखा, वह हमेशा उनके ज़हन में रहेगा। उन्होंने कहा, 'हमने जो देखा, उसे हम कभी नहीं भूल पाएंगे। कई लोग अपने लापता परिवार के सदस्यों को बेताबी से ढूंढ रहे थे।' दिनेश ओझा कहा, 'हम अपनी कार में सोए, लेकिन ठीक से सो नहीं पा रहे थे, हमेशा यह डर बना रहता था कि कहीं फिर से बाढ़ न आ जाए।' दिनेश कहते हैं कि हम भगवान के शुक्रगुजार हैं कि हम वापस लौट पाए।

मुरुमसिल्ली 98% से ज्यादा...

सक्रिय हो गया है। वर्तमान में तीन गेट खुले हुए हैं। यदि बारिश और पानी की आवक इसी तरह जारी रही तो आने वाले समय में अन्य गेट भी खोले जा सकते हैं। खास बात यह है कि मुरूमसिल्ली बांध एशिया के उन चुनिंदा बांधों में शामिल है, जहां ऑटोमेटिक साइफन सिस्टम लगाया गया है। पानी का स्तर निर्धारित सीमा तक पहुंचने पर यह सिस्टम स्वतः सक्रिय होकर अतिरिक्त पानी बाहर निकालने का काम करता है।

लगातार बारिश से बढ़ रही पानी की आवक

क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण जलाशयों के कैचमेंट से पानी की आवक बनी हुई है। ऐसे में आने वाले घंटों में जलस्तर और बढ़ने की संभावना है। खासकर मुरूमसिल्ली और गंगरेल के जलस्तर पर प्रशासन और जल प्रबंधन विभाग की नजर बनी हुई है।

२झीरम घाटी नक्सल हमले...

खत्म हो गया था। इस घटना में तत्कालीन पीसीसी अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा,उदय मुदलियार, योगेन्द्र शर्मा सहित अन्य बड़े कांग्रेस नेताओं को नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया। इनके अलावा सुरक्षाबल के जवान और आम नागरिक मारे गए थे।

पीएम मोदी को सर्वोच्च...

उज्बेकिस्तान के बीच यूरेनियम सप्लाई पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने 2030 तक सालाना द्विपक्षीय व्यापार को 5 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अभी दोनों देशों के बीच व्यापार 1 अरब डॉलर से ज्यादा है। बैठक के बाद पीएम ने मीडिया को संबोधन किया।

पीएम का संबोधन, 4 बड़ी बातें...

- दोनों देश रक्षा क्षेत्र में सीधा सहयोग, मिलकर हथियारों का उत्पादन और नई तकनीक विकसित करेंगे।

- आतंकवाद, उग्रवाद और अलगाववाद को दोनों देश क्षेत्र के लिए गंभीर खतरा मानते हैं।

- इन खतरों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रखने पर दोनों की सहमति है।

- भारत और उज्बेकिस्तान के रिश्तों की मजबूत नींव साझी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत है।

बिजली के निजीकरण को...

नहीं है कि सरकार बिजली का निजीकरण करने जा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि कांग्रेस हमेशा की तरह इस विषय में भी दुष्प्रचार कर जनता को गुमराह करने और गलतफहमी पैदा करने का प्रयास कर रही है। प्रदेशवासियों को ऐसे भ्रामक प्रचार से भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है।

कार-बाइक टक्कर के बाद...

मौजूद लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत-बचाव कार्य शुरू किया।

गंभीर मामलों में न्यायपालिका...

सजा तय करने की दिशा में कदम उठाने को कहा था।

क्रिटिकल-स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की...

एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे, सीएमडीसी के अध्यक्ष सौरभ सिंह, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव, खान मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के अधिकारी, खनन क्षेत्र के विशेषज्ञ तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे।भारत सरकार द्वारा क्रिटिकल एवं स्ट्रेटेजिक मिनरल्स की 8वीं किश्त के अंतर्गत 20 खनिज ब्लॉक्स को नीलामी के लिए रखा गया है। इनमें 3 माइनिंग लीज तथा 17 कंपोजिट लाइसेंस ब्लॉक्स शामिल हैं। इन ब्लॉक्स में ग्रेफाइट, रेयर अर्थ एलिमेंट्स, रेयर मेटल्स, वैनेडियम, गैलियम, टाइटेनियम, मोलिब्डेनम, टंगस्टन सहित अन्य महत्वपूर्ण खनिज शामिल हैं। ये खनिज देश की ऊर्जा सुरक्षा, आधुनिक प्रौद्योगिकी, औद्योगिक विकास और रणनीतिक आवश्यकताओं की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

तकनीकी सत्र में नीलामी प्रक्रिया और निवेश पर चर्चा

दोपहर 2 बजे से आयोजित तकनीकी सत्र में खनिज ब्लॉक्स की नीलामी, निवेश और अन्वेषण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। मिनरल एक्सप्लोरेशन एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड द्वारा नीलामी के लिए प्रस्तावित खनिज ब्लॉक्स पर प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। एसबीआई कैप्स द्वारा मिनरल ऑक्शन प्रोसेस एवं टेंडर डॉक्यूमेंट तथा एमएसटीसी द्वारा मिनरल ई-ऑक्शन प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी। कंपोजिट लाइसेंस धारकों के लिए अन्वेषण व्यय की आंशिक प्रतिपूर्ति से संबंधित एनएमईडीटी योजना पर भी प्रस्तुतीकरण होगा। तकनीकी सत्र के बाद ओपन हाउस डिस्कशन आयोजित किया जाएगा, जिसमें उद्योग प्रतिनिधियों, निवेशकों और विशेषज्ञों के साथ नीलामी प्रक्रिया, खनिज संसाधनों की संभावनाओं तथा निवेश के अवसरों पर विचार-विमर्श होगा।

कस्टोडियल डेथ केस...

रिकॉर्ड और सीसीटीवी फुटेज की जांच की है। रविवार को सीबीआई की टीम ने नूतन चौक स्थित इंदिरा विहार कॉलोनी के बिलासपुर भवन में मृतक श्रवण सूर्यवंशी की मां लहरा बाई को बुलाया। यहां टीम ने उनसे मामले से जुड़े घटनाक्रम को लेकर पूछताछ की और उनका बयान दर्ज किया।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई कर रही जांच

श्रवण सूर्यवंशी की कस्टोडियल मौत के मामले की गंभीरता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया था। इसके बाद सीबीआई की टीम बिलासपुर पहुंची और जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम मामले से जुड़े दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जुटा रही है। इसके अलावा घटनाक्रम से जुड़े लोगों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं। सीबीआई ने इस मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच आगे बढ़ाई है।

जेल और थाने के रिकॉर्ड की भी जांच

सीबीआई टीम ने मामले की जांच के दौरान सेंट्रल जेल और सीपत थाना पहुंचकर संबंधित रिकॉर्ड और दस्तावेजों की पड़ताल की। इसके साथ ही सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही है, ताकि श्रवण सूर्यवंशी की गिरफ्तारी से लेकर उसकी मौत तक की परिस्थितियों की कड़ियों को जोड़ा जा सके। मामले में अब मृतक की मां का बयान भी जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जा रहा है। सीबीआई अलग-अलग स्रोतों से मिले दस्तावेजों और बयानों का मिलान कर घटनाक्रम की पूरी तस्वीर सामने लाने में जुटी है।

नई दिल्ली हवाई अड्डे पर फेडएक्स बनाएगी अत्याधुनिक हवाई मालवाहक केंद्र

नई दिल्ली (ए.)। वैश्विक कूरियर और माल परिवहन कंपनी फेडएक्स कॉरपोरेशन ने दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अत्याधुनिक और एकीकृत हवाई मालवाहक केंद्र स्थापित करने की घोषणा की है। कंपनी इस परियोजना में दीर्घ अवधि में करीब 150 करोड़ अमेरिकी डॉलर यानी 1,400 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करेगी।

नया मालवाहक केंद्र दिल्ली हवाई अड्डे के 'जीएमआर कार्गो सिटी' में करीब 2.30 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य उत्तर और पूर्वी भारत के व्यापार को वैश्विक बाजारों से बेहतर हवाई संपर्क प्रदान करना और क्षेत्र से होने वाले निर्यात को गति देना है।

नई सुविधा के निर्माण के लिए मंगलवार को राजधानी दिल्ली में भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू और नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर नागरिक उड्डयन मंत्री ने कहा कि भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, विनिर्माण और औषधि जैसे क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में देश को वैश्विक हवाई माल परिवहन व्यवस्था की प्रमुख कड़ी बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है।

प्रस्तावित मालवाहक केंद्र की सबसे बड़ी विशेषता इसकी आधुनिक और स्वचालित प्रसंस्करण व्यवस्था होगी। फेडएक्स के अनुसार, केंद्र के पूरी तरह तैयार होने के बाद पैकेजों की प्रसंस्करण क्षमता करीब आठ गुना बढ़ जाएगी।वर्तमान में प्रति घंटे करीब 600 पैकेज संसाधित किए जा सकते हैं। नए स्वचालित केंद्र के संचालन में आने के बाद यह क्षमता बढ़कर लगभग 5,000 पैकेज प्रति घंटा हो जाएगी। भविष्य में आवश्यकता के अनुसार इस क्षमता को और बढ़ाने की गुंजाइश भी रखी गई है।नए केंद्र में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों प्रकार के माल संचालन को एक ही स्थान पर एकीकृत किया जाएगा। इससे माल की आवाजाही में लगने वाला समय कम होगा और आपूर्ति श्रृंखला को अधिक प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। एकीकृत व्यवस्था से माल की छंटाई, प्रसंस्करण और आगे भेजने की प्रक्रिया अधिक तेज और व्यवस्थित होने की उम्मीद है। इससे कारोबारियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंच बनाने में भी सुविधा मिलेगी।

काम जल्द शुरू होने की उम्मीद

नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकार हवाई अड्डों पर माल परिवहन से जुड़ी बाधाओं को दूर करने और मंजूरी की प्रक्रिया को तेज करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि हवाई माल परिवहन के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना देश के व्यापार और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रस्तावित केंद्र का निर्माण विभिन्न चरणों में किया जाएगा और परियोजना का काम जल्द शुरू होने की उम्मीद है। फेडएक्स की इस परियोजना से दिल्ली हवाई अड्डे की माल परिवहन क्षमता बढ़ने के साथ उत्तर और पूर्वी भारत के विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि तथा अन्य व्यापारिक क्षेत्रों को वैश्विक बाजारों से जोड़ने में मदद मिलने की उम्मीद है।

न्यूज गैलरी

एरिका मेरी आदर्श हैं और हमेशा रहेंगी : मीरा एंड्रीवा

न्यूयॉर्क (ए.)। ग्रैंड स्लैम चैंपियन और ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली मीरा एंड्रीवा ने कहा कि उनकी बड़ी बहन एरिका हमेशा से उनकी रोल मॉडल रही हैं। यूएस ओपन मीडिया डे के दौरान 19 साल की मीरा ने बताया कि कैसे एरिका के साथ बड़े होने से एक टेनिस प्लेयर के तौर पर उनके विकास और कोर्ट से दूर उनकी जिंदगी दोनों पर असर पड़ा। डब्ल्यूटीए के हवाले से मीरा ने कहा, मुझे लगता है कि मुझे ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि मैं छोटी हूं। टेनिस के मामले में, मुझे उतने टूर्नामेंट नहीं खेलने पड़े जितने उन्होंने खेले, और शायद इससे मेरा कुछ समय बच गया। वह हमेशा स्कूल में मेरी मदद करती थीं। वह मुझे बहुत सारी सलाह भी देती थीं। मैं हमेशा उनकी कॉपी करती थी, क्योंकि वह मेरी रोल मॉडल थीं और अब भी हैं। प्रोफेशनल टेनिस में एक जैसे रास्ते पर चलने के बावजूद, बहनों ने कॉम्पिटिशन को अपने रिश्ते को तय करने से रोका है। एंड्रीवा ने कहा, हम कभी भी एक-दूसरे के साथ सच में प्रतियोगी नहीं थीं। हमारे माता-पिता हमेशा हमसे कहते थे कि हम बहनें हैं, इसलिए हम जिंदगी में सबसे करीबी लोग हैं, और हमें हमेशा एक-दूसरे को सपोर्ट करना चाहिए। हम साथ में ज्यादा अभ्यास नहीं करते थे, क्योंकि इससे गड़बड़ हो जाती थी। एक-दूसरे और हमारे रिश्ते के बीच नहीं, लेकिन बस—मुझे नहीं पता। मुझे गुस्सा आता, उसे दुख होता कि मैं गुस्सा हूं, फिर मुझे दुख होता कि वह दुखी है। एंड्रीवा अपनी पीढ़ी के जाने-माने नामों में से एक बनकर उभरी हैं, वहीं एरिका ने भी अपना एक सफल करियर बनाया है।

लॉर्ड्स में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं जो रूट

नईदिल्ली (ए.)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम ने सीरीज के पहले हेडिंग्ले टेस्ट में पाकिस्तान क्रिकेट टीम को पारी और 103 रन से हराया था। अब सीरीज का दूसरा टेस्ट 27 अगस्त से लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाना है, जिसे जो रूट की कप्तानी वाली टीम जीतना चाहेगी। इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे रूट बल्लेबाजी में भी कमाल करना चाहेंगे। इस बीच रूट के लॉर्ड्स के मैदान पर किए प्रदर्शन पर एक नजर डालते हैं।उनके बल्ले से 24 मैच में 53.04 की औसत से 2,175 रन निकले हैं। उन्होंने यहां 8 शतक और 7 अर्धशतक लगाए हैं।उनके बाद ग्राहम गूच ने यहां 21 मैचों में 53.02 की औसत से 2,015 रन बनाए हैं। इन दोनों के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज यहां पर 2,000 रन का आंकड़ा नहीं छू सका है।लॉर्ड्स के मैदान पर रूट ने पाकिस्तान के खिलाफ सिर्फ 2 टेस्ट खेले थे, जिसमें 32.25 की औसत के साथ कुल 129 रन बनाए थे।उन्होंने 2016 में 48 और 9 रन के स्कोर किए थे। इसी तरह 2018 में उन्होंने 4 और 68 रन बनाए थे।पाकिस्तान के विरुद्ध टेस्ट में रूट ने 19 मैच खेले हैं, जिसमें 53.55 की औसत और 2 शतक के साथ 1,553 रन बनाए हैं।रूट ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर में अब तक 6 दोहरे शतक लगाए हैं। इनमें से 1 बार वह लॉर्ड्स में भी दोहरा शतक जड़ चुके हैं।पूर्व इंग्लिश कप्तान ने इस ऐतिहासिक मैदान पर 2014 में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ अपनी पहली पारी में 298 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 200 रन बनाए थे।

भारत बनाम श्रीलंका: पंत ने रचा इतिहास, धोनी का तोड़ा रिकॉर्ड

कोलंबो(ए.)। भारत और श्रीलंका के बीच दूसरा टेस्ट मैच कोलंबो के सिंहली क्रिकेट क्लब मैदान पर खेला जा रहा है। टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने टेस्ट के दूसरे दिन इतिहास रच दिया है। पंत विदेशी धरती या न्यूट्रल वेन्यू पर भारत की ओर से बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर बन गए हैं। पंत ने एमएस धोनी का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। धोनी ने घर से बाहर खेलते हुए 2,496 रन बनाए। इस लिस्ट में 1209 रनों के साथ फारुख इंजीनियर तीसरे नंबर पर काबिज हैं। टेस्ट के दूसरे दिन सारांश जैन के पवेलियन लौटने के बाद पंत दोबारा बल्लेबाजी करने उतरे। गौरतलब है कि टेस्ट के पहले दिन पंत बल्लेबाजी करते हुए चोटिल हो गए थे और उन्हें मैदान छोड़कर बाहर जाना पड़ा था। भारतीय पारी के 58वें ओवर में लाहिरू कुमारा की एक उछाल लेती हुई गेंद सीधा पंत की कलाई पर आकर लगी थी, जिसके बाद वह काफी दर्द में दिखाई दिए थे।

सराफा बाजार: आगामी शादी के मौसम से पहले स्थानीय बाजारों में खरीदारी रहेगी सुस्त

सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट, सोना 1.63 लाख और चांदी 2.43 लाख पर

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में नरमी देखने को मिली। घरेलू वायदा बाजार में दोनों कीमती धातुओं के भाव गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, स्थानीय हाजिर बाजार में मांग कमजोर रहने और निवेशकों की ओर से मुनाफावसूली किए जाने के कारण कीमतों पर दबाव बना।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर अक्टूबर आपूर्ति वाला सोना 120 रुपये यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,63,109 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इस दौरान कुल 1,595 अनुबंधों में कारोबार हुआ।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, आगामी शादी के मौसम से पहले स्थानीय बाजारों में खरीदारी सुस्त रहने से सोने की कीमतों पर हल्का दबाव बना हुआ है।

सोने की तुलना में चांदी की कीमतों में अधिक गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों द्वारा अपने सौदों में कमी किए जाने से चांदी के भाव पर दबाव बढ़ा।मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सितंबर आपूर्ति वाली चांदी 903 रुपये यानी 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,43,317 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई। इस दौरान कुल 1,702 अनुबंधों में कारोबार हुआ।भारतीय बाजार में कीमती धातुओं की कीमतों में आई गिरावट का असर अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी देखने को मिला। अमेरिकी बाजार में सोने का वायदा भाव 0.23 प्रतिशत गिरकर 4,641.42 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।वहीं, अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमत 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 68.22 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करती रही। वैश्विक बाजार में नरमी के बीच घरेलू निवेशकों ने भी सतर्क रुख अपनाया है। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि पिछले दिनों सोने और चांदी की कीमतों में रिकॉर्ड तेजी के बाद मौजूदा गिरावट सामान्य सुधार का हिस्सा हो सकती है। मुनाफावसूली और स्थानीय मांग में नरमी के कारण निकट अवधि में कीमतों पर दबाव बना रह सकता है।

हालांकि, वैश्विक बाजार की दिशा, निवेशकों की गतिविधियां, कच्चे तेल की कीमतें और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक परिस्थितियां आगे की चाल को प्रभावित कर सकती हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, वायदा बाजार में दिखाई देने वाली कीमत और स्थानीय सर्राफा बाजार में आभूषण की खुदरा कीमत अलग हो सकती है। आभूषण खरीदते समय सोने के मूल भाव के अलावा 3 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) तथा निर्माण शुल्क अलग से जुड़ता है।इसलिए ग्राहकों को आभूषण खरीदने से पहले स्थानीय बाजार में लागू सोने की शुद्धता, प्रति ग्राम कीमत, निर्माण शुल्क और कर सहित कुल कीमत की जानकारी जरूर लेनी चाहिए।

तुर्किये जा रही फेरी बोट समुद्र में पलटी, सात की मौत, 24 लापता

■ 270 यात्री सवार थे, बोट के ऊपर चढ़कर जान बचाई

अंकारा/निकोसिया (ए.)। मेडिटेरियन सी में तुर्किये जा रही फेरी बोट रविवार को समुद्र में पलट गई। यह फेरी यूरोपीय देश साइप्रस के उत्तरी तट से 270 से ज्यादा यात्रियों के साथ रवाना हुई थी। तुर्किये की मीडिया के मुताबिक, हादसे में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है।

उत्तरी साइप्रस के प्रधानमंत्री उनाल उस्तेल ने बताया कि अब तक 237 लोगों को बचा लिया गया है। कई यात्रियों ने पलटी बोट के ऊपर चढ़कर अपनी जान बचाने की कोशिश की थी। वहीं, 24 अन्य लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

उन्होंने बताया कि खराब मौसम के बीच फेरी रवाना हुई थी और निकलने के करीब 15 मिनट बाद उसमें पानी भरने लगा। इसके बाद यह हादसा हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, राहत और बचाव दल मौके पर लगातार जुटे हुए हैं।

साइप्रस तट से करीब 7 किमी दूर हुआ हादसा

तुर्किये मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उत्तरी साइप्रस तट से करीब 7.5 किमी दूर ही यह हादसा हुआ। कैटामरैन शैली की यह फेरी मर्सिन प्रांत के तुर्किये पोर्ट तासुकु जा रही थी। यह उत्तरी साइप्रस के काइरेनिया पोर्ट से रवाना हुई थी। कैटामरैन एक खास तरह की नाव या फेरी होती है। इसकी सबसे बड़ी पहचान यह है कि इसमें नीचे दो समानांतर हिस्से (हुल) होते हैं। यही डिजाइन इसे पानी में ज्यादा स्थिर रखने में मदद करता है। लेकिन यह पूरी तरह पलटने के खतरे से सुरक्षित नहीं होता।

भारतीय पुरुष टीम का सफर हार के साथ खत्म

वावरे (ए.)। भारतीय पुरुष हॉकी टीम का सफर एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में बेहद निराशाजनक तरीके से समाप्त हुआ। खिताब की दौर से पहले ही बाहर हो चुकी भारतीय टीम शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में बेल्जियम से हारकर टूर्नामेंट में आठवें स्थान पर रही। भारतीय टीम को शूटआउट में बेल्जियम से 4-3 से हारकर आठवें स्थान से संतोष करना पड़ा। भारत के आखिरी मिनट में किए गए गोल के बाद रेगुलेशन पीरियड 3-3 से बराबरी पर खत्म हुआ, जिससे विजेता का फैसला शूटआउट से हुआ। मैच की शुरुआत में, बेल्जियम ने आक्रामक फुल-प्रेस के साथ शुरुआत की और शुरुआती मिनट में ही भारतीय सर्कल में घुस गया, लेकिन भारत ने शुरुआती खतरे का आराम से सामना किया। भारत ने धीरे-धीरे अपनी पकड़ बनाई और छठे मिनट में बढ़त बना ली। मनप्रीत सिंह ने अभिषेक को एक टाइट एंगल पर पास देकर मौका बनाया। फॉरवर्ड ने एक जोरदार धक्का दिया जिसे वनाश अपने ही गोल में डाल सके। बेल्जियम ने तुरंत पेनल्टी कॉर्नर जीतकर जवाब दिया, लेकिन सूरज करकेरा हेंड्रिक्स के फ्लिक के सामने डटे रहे। बेल्जियम का दबाव बढ़ गया, जुगराज सिंह ने इंडियन पोस्ट के पास सही समय पर दखल दिया।

पूजा वस्त्रकार, किरण नवगीरे, शिखा पांडे और यास्तिका खेलेंगी

ब्रिजटाउन (ए.)। पूजा वस्त्रकार, किरण नवगीरे, शिखा पांडे और यास्तिका भाटिया विमेंस कैरेबियन प्रीमियर लीग के आने वाले सीजन के लिए विदेशी खिलाड़ियों में शामिल हैं। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की।

शिखा को छोड़कर, पूजा, किरण और यास्तिका 5-17 सितंबर तक होने वाले इस टूर्नामेंट में पहली बार खेलेंगी। लीग के सभी मैच केंसिंग्टन ओवल में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के फॉर्मेट के अनुसार, ग्रुप स्टेज में पॉइंट्स टेबल में टॉप पर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमें प्लेऑफ मुकाबले में पहुंचेंगी, जिससे दूसरे फाइनलिस्ट का फैसला होगा। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर पूजा और विस्फोटक बल्लेबाज किरण डिफेंडिंग चैंपियन बारबाडोस ट्राइडेंट्स के लिए खेलेंगी। यह भारतीय जोड़ी न्यूजीलैंड की पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सूजी बेट्स और उनकी साथी व्हाइट फर्न मैडलिन ग्रीन के साथ टीम के विदेशी दल का हिस्सा बनेगी। अनुभवी पेसर शिखा, जो पिछले दो सीपीएल सीजन का हिस्सा रही हैं, त्रिनबागो नाइट राइडर्स में विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका के साथ शामिल होंगी। यह जोड़ी साउथ अफ्रीका की स्टार ऑल-राउंडर मारिजेन कैप के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया की लॉरा हैरिस और लेग-स्पिनर मैडलिन पेना की जोड़ी के साथ खेलेगी।

बिग बॉस 20 में एंट्री नहीं लेंगी शिवांगी जोशी, वायरल वीडियो को बताया फेक

मुंबई (ए.)। इंडिया के पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 20 को लेकर इन दिनों काफी चर्चा है. शो जल्द ही दर्शकों को एंटरटेन करने आ रहा है और शो को लेकर कई कंटेस्टेंट्स के नाम भी सामने आ रहे हैं. इनमें टीवी एक्ट्रेस शिवांगी जोशी का नाम भी चर्चा में था. हालांकि, शिवांगी ने इन खबरों को खारिज करते हुए साफ कर दिया है कि वो शो का हिस्सा नहीं हैं और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो फेक है। शिवांगी जोशी ने बिग बॉग 20 में एंट्री की खबरों पर रिएक्ट किया है और इसे पूरी तरह से गलत बताया है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर लिखा, मुझे पता चला है कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें गलत तरीके से दावा किया जा रहा है कि मैं बिग बॉस में हिस्सा ले रहा हूं. मैं क्लियर करना चाहती हूं कि मैं बिग बॉस 20 में पार्टीसिपेट नहींकर रही हूं और वो वीडियो पूरी तरह से फेक है. हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था।

रणबीर कपूर की ब्रह्मास्त्र-2 में नहीं होंगी दीपिका पादुकोण

मुंबई (ए.)। रणबीर कपूर की आगामी फिल्मों में ब्रह्मास्त्र 2 भी शामिल है, जिसका निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं। पिछले दिनों रिपोर्ट्स में कहा गया कि दीपिका पादुकोण इस परियोजना का हिस्सा हो सकती हैं।

उन्हें फिल्म में अमृता की भूमिका के लिए लेने का विचार चल रहा है। हालांकि, इन अटकलों और फैंस के उत्साह पर पानी फिर गया है, क्योंकि अभिनेत्री फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। इसकी पुष्टि आधिकारिक तौर पर दीपिका की टीम द्वारा की गई है।रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका के प्रवक्ता ने ब्रह्मास्त्र 2 में उनकी कथित कास्टिंग को लेकर चल रही अफवाहों को सिरे से खारिज किया है।उन्होंने कहा, दीपिका पादुकोण के ब्रह्मास्त्र 2 का हिस्सा होने या किसी भी रूप में इस परियोजना से जुड़े होने की सभी हालिया खबरें असत्य हैं।उनके कथन ने अटकलों पर विराम लगा दिया, लेकिन उन लोगों को झटका दिया है, जो दीपिका और रणबीर को पर्दे पर एक साथ देखने की उम्मीद लगाए बैठे थे।

खबर है कि सैयारा अभिनेत्री अनीत पड्डा से फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए संपर्क किया गया है।रिपोर्ट के अनुसार, एक सूत्र ने कहा, अनीत को ब्रह्मास्त्र 2 में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए संपर्क किया गया है। बातचीत चल रही है, लेकिन 9अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है।

रवि तेजा की इरुमुडी ने पहले सप्ताह में वर्ल्डवाइड 130 करोड़ की कमाई की

मुंबई (ए.)। अभिनेता रवि तेजा की फिल्म 'इरुमुडी' बॉक्स ऑफिस पर बड़ी व्यावसायिक सफलता की ओर बढ़ती नजर आ रही है। रिपोर्टों के मुताबिक, फिल्म ने रिलीज के पहले सप्ताह में दुनियाभर में करीब 130 करोड़ रुपये का सकल कारोबार कर लिया है। फिल्म को पारिवारिक दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया, रवि तेजा के दमदार अभिनय और भावनात्मक एवं भक्ति-भाव से जुड़ी कहानी का फायदा मिल रहा है।

फिल्म का निर्देशन शिवा निर्वाण ने किया है। सिनेमाघरों में शुरुआत के बाद भी फिल्म की कमाई मजबूत बनी हुई है। दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया के कारण फिल्म को पहले सप्ताह में अच्छी पकड़ बनाए रखने में सफलता मिली है।रिपोर्ट किए गए करीब 130 करोड़ रुपये के दुनियाभर के सकल कारोबार में सबसे बड़ा योगदान तेलुगु भाषी राज्यों का रहा है। अनुमान के मुताबिक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से फिल्म ने करीब 86 करोड़ रुपये का सकल कारोबार किया है।

इसके अलावा देश के अन्य हिस्सों से करीब 20 करोड़ रुपये और विदेशी बाजारों से लगभग 24 करोड़ रुपये की कमाई होने का अनुमान है। इन आंकड़ों को मिलाकर फिल्म का कुल वैश्विक सकल कारोबार करीब 130 करोड़ रुपये बैठता है।आंकड़ों से स्पष्ट है कि आंध्र प्रदेश और तेलंगाना फिल्म के सबसे मजबूत बाजार बने हुए हैं। वहीं, अन्य भारतीय शहरों और विदेशी बाजारों से भी फिल्म को लगातार दर्शक मिल रहे हैं।

'इरुमुडी' के लिए सबसे अहम बात यह है कि फिल्म ने शुरुआती प्रदर्शन के बाद भी सिनेमाघरों में अपनी पकड़ बनाए रखी है। व्यापारिक रिपोर्टों के अनुसार, घरेलू कारोबार में तेलुगु संस्करण की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जबकि विदेशी बाजारों में भी फिल्म ने लगातार कमाई की है।पहले सप्ताह में 130 करोड़ रुपये के आसपास पहुंचा वैश्विक कारोबार इस बात का संकेत है कि फिल्म की पहुंच बड़े दर्शक वर्ग तक हुई है। खास तौर पर पारिवारिक दर्शकों और भक्ति-भाव वाली कहानी को मिली प्रतिक्रिया फिल्म के पक्ष में जाती दिख रही है। 'इरुमुडी' की सफलता अभिनेता रवि तेजा के लिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। फिल्म में उनके अभिनय को दर्शकों की अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। लंबे समय बाद उनकी किसी फिल्म का बॉक्स ऑफिस प्रदर्शन इस स्तर पर पहुंचा है, जिससे उनकी व्यावसायिक स्थिति को मजबूती मिलने की उम्मीद है।फिल्म की सफलता से रवि तेजा के आगामी प्रोजेक्ट्स को लेकर भी दर्शकों की उम्मीदें बढ़ सकती हैं। फिल्म की कमाई और दर्शकों की प्रतिक्रिया उनके करियर के लिहाज से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

राष्ट्रीय खेल दिवस पर एक्सिस बैंक ने मनाया भारत की खेल उपलब्धियों का जश्न

1,100 से अधिक खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल पेशेवरों का गर्व से कर रहा है समर्थन

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने खेल के क्षेत्र में भारत के लगातार मजबूत होते प्रदर्शन का जश्न मनाया। बैंक को देश के प्रमुख खेल संस्थानों के साथ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से भारतीय खेलों के विकास में योगदान देने पर गर्व है। इन साझेदारियों के तहत तीन वर्ष से भी कम समय में करीब 1,100 खिलाड़ियों, पैरा-एथलीटों, प्रशिक्षकों और अन्य खेल पेशेवरों को सहयोग दिया जा चुका है।

वित्त वर्ष 2024-25 में इस क्षेत्र के तहत अपना पहला कार्यक्रम शुरू करने के बाद से खेल, एक्सिस बैंक की कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व रणनीति के प्रमुख क्षेत्रों में रहा है। भारतीय खेलों के प्रमुख संस्थानों के साथ मिलकर बैंक की पहल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और विकास से लेकर खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा के अधिक व्यापक उपयोग तथा बेहतर एकीकरण तक फैली हुई है। इसके साथ ही बैंक विश्वस्तरीय खेल बुनियादी ढांचा तैयार करने में भी सहयोग कर रहा है, जो आने वाले दशकों तक भारतीय खेलों की सेवा कर सकेगा।

इस वर्ष का राष्ट्रीय खेल दिवस ग्लासगो में आयोजित 23वें कॉमनवेल्थ खेलों में भारत के शानदार प्रदर्शन के बाद आया है, जहाँ देश ने 13 स्वर्ण पदकों सहित कुल 39 पदक जीते। इन खेलों में ओजीक्यू के साथ बैंक की साझेदारी के तहत समर्थित 20 में से 14 एथलीटों ने चार विभिन्न खेलों में 9 स्वर्ण पदकों सहित भारत के लिए पदक जीते। पदक विजेताओं में जूडो खिलाड़ी यामिनी मौर्य (रजत पदक - महिला 57 किग्रा वर्ग) और उन्नति शर्मा (कांस्य पदक - महिला 63 किग्रा वर्ग) शामिल हैं, जो इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के सहयोग से चल रहे एक्सिस बैंक जूडो डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं।

‘मन की बात’ देश के कोने-कोने में हो रहे नवाचारों और प्रेरक प्रयासों को देती है राष्ट्रीय पहचान : साय

- निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने वाले लोगों को देश के सामने लाते हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- ‘नशामुक्त युवा, विकसित भारत’ के संकल्प में समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी जरूरी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित निरंजन धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम ‘मन की बात’ की 137वीं कड़ी का श्रवण किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ‘मन की बात’ केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी का देश के 140 करोड़ नागरिकों से आत्मीय संवाद का सशक्त माध्यम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री देश के अलग-अलग हिस्सों में हो रहे नवाचारों, प्रेरक प्रयासों और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले लोगों की उपलब्धियों को पूरे देश के सामने रखते हैं।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देशवासियों को प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले ‘मन की बात’ कार्यक्रम की प्रतीक्षा रहती है। प्रधानमंत्री इसमें ऐसे अनेक विषयों और व्यक्तित्वों का उल्लेख करते हैं, जिनके बारे में सामान्यतः देश के लोगों को जानकारी नहीं मिल पाती। इससे जहां अच्छे कार्य करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ता है, वहीं उनके प्रयास लाखों देशवासियों के लिए प्रेरणा बनते हैं।

उन्होंने कहा कि हमारे देश के दूरस्थ गांवों और छोटे-छोटे क्षेत्रों में अनेक लोग बिना किसी प्रचार और स्वार्थ के समाज तथा राष्ट्रहित में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। कोई पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहा है, कोई स्वच्छता के लिए कार्य कर रहा है, तो कोई स्थानीय संसाधनों के माध्यम से नवाचार कर अपने क्षेत्र में बदलाव ला रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ‘मन की बात’ के माध्यम से ऐसे सामान्य लोगों के असाधारण कार्यों को राष्ट्रीय पहचान देते हैं। इससे देश में सकारात्मकता और जनभागीदारी की भावना मजबूत होती है तथा दूसरे लोगों को भी कुछ नया और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है।

‘हर घर तिरंगा’ में दिखा देशवासियों का राष्ट्रप्रेम: मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने ‘मन की बात’ में ‘हर घर तिरंगा’ अभियान के प्रति देशवासियों के अभूतपूर्व उत्साह का भी उल्लेख किया। अभियान के अंतर्गत 8 करोड़ से अधिक देशवासियों ने तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी अपलोड की। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि राष्ट्रध्वज के प्रति देशवासियों के सम्मान, गौरव और गहरे भावनात्मक जुड़ाव की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर ‘हर घर तिरंगा’ आज जन-जन का अभियान बन चुका है। ऐसे अभियान राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने के साथ प्रत्येक नागरिक को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका और कर्तव्यों का स्मरण कराते हैं।

‘नशामुक्त युवा, विकसित भारत’ के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आज ‘नशामुक्त युवा, विकसित भारत’ के संकल्प को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिया। युवा शक्ति विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है। ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रखना परिवार, समाज और राष्ट्र सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नशा केवल किसी एक व्यक्ति के जीवन को प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसके दुष्प्रभाव पूरे परिवार और समाज को झेलने पड़ते हैं। स्वस्थ, समर्थ और ऊर्जावान युवा पीढ़ी ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। उन्होंने प्रदेशवासियों से नशामुक्ति के प्रयासों में सक्रिय भागीदारी निभाने और युवाओं को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया।

पीएम स्वनिधि से मातृशक्ति को मिल रही आर्थिक संबल: मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण की भी चर्चा की। रेहड़ी-पटरी और छोटे व्यवसायों से जुड़ी महिलाओं को योजना के माध्यम से अपने कारोबार को आगे बढ़ाने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है।

उन्होंने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों में लगभग 46 प्रतिशत महिलाएं हैं और देशभर में करीब 35 लाख महिलाएं इससे जुड़कर अपने छोटे व्यवसायों को नई गति दे रही हैं। आर्थिक रूप से सशक्त महिला न केवल अपने परिवार को मजबूत बनाती है, बल्कि समाज और देश की प्रगति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर नए अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

स्वच्छता केवल अभियान नहीं, जन-जन का संकल्प बने: मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने स्वच्छता के महत्व को एक बार फिर रेखांकित किया है। स्वच्छता में स्थायी परिवर्तन तभी संभव है, जब यह केवल सरकारी अभियान न रहकर प्रत्येक नागरिक की आदत और जिम्मेदारी बने।

उन्होंने कहा कि जब किसी गांव, शहर अथवा क्षेत्र के लोग स्वयं अपने परिवेश को स्वच्छ रखने का संकल्प लेते हैं, तो उसका प्रभाव केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उस स्थान की पहचान और वहां के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में भी सकारात्मक बदलाव आता है। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपने घर, मोहल्ले, गांव, शहर और आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

अंतरिक्ष विज्ञान में बेटियों की उड़ान, छत्तीसगढ़ की महिमा राजपूत पर गर्व : मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज भारत की बेटियां अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास से हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयां छू रही हैं। उनकी आकांक्षाओं की उड़ान अब धरती से अंतरिक्ष तक पहुंच चुकी है। प्रधानमंत्री मोदी ने ‘मन की बात’ में मिशन शक्ति सैट जैसे प्रेरक प्रयास का उल्लेख किया, जिसके माध्यम से भारत सहित विभिन्न देशों की हजारों छात्राओं को सैटेलाइट टेक्नोलॉजी को समझने, सीखने और नवाचार से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बालिका गृह की बेटियों के साथ सुनी ‘मन की बात’

महिला एवं बाल विकास मंत्री मती लक्ष्मी राजवाड़े ने आज शासकीय बालिका गृह, शंकर नगर रायपुर में बेटियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ‘मन की बात’ कार्यक्रम का 137वां संस्करण सुना। इस अवसर पर मंत्री मती राजवाड़े ने बेटियों के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उनके सपनों, उत्साह और आत्मविश्वास को करीब से जाना।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि बेटियों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को सुनना उनके लिए बेहद आत्मीय और सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का ‘मन की बात’ कार्यक्रम देशवासियों को सकारात्मक सोच, नवाचार, आत्मनिर्भरता और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में बेटियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

मंत्री राजवाड़े ने कहा कि हर बेटी को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आगे बढ़ने के समान अवसर और अपने सपनों को पूरा करने का अधिकार मिले, यही डबल इंजन सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि सुशासन सरकार बालिकाओं के संरक्षण, शिक्षा, विकास और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि शासकीय बालिका गृह में रहने वाली बेटियों के सपनों को उड़ान देने के लिए उन्हें बेहतर वातावरण, आवश्यक सुविधाएं और मार्गदर्शन उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बेटियों में आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ते हुए आत्मनिर्भर बनाना महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

एम्स के कार्यपालक निदेशक ने राज्यपाल को दीक्षांत समारोह के लिए किया आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेका से आज लोक भवन में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायपुर के कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल ने सौजन्य भेंट कर राज्यपाल को एम्स के तृतीय दीक्षांत समारोह 02 सितंबर 2026 के लिए आमंत्रित किया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन होंगे।

रंग-तरंग में सजेगा छत्तीसगढ़ का लोक-संगीत, संस्कृति और आधुनिक सुरों का संगम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक संगीत और आधुनिक सुरों के अनूठे संगम को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा ‘रंग तरंग’ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह सांस्कृतिक आयोजन 1, 2 एवं 3 सितंबर 2026 को प्रतिदिन शाम 7 बजे से रायपुर के मुक्ताकाशी मंच, महंत घासीदास संग्रहालय परिसर, सिविल लाइंस में आयोजित होगा। ‘रंग तरंग’ के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता को नए और आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा। कार्यक्रम में पारंपरिक लोक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुतियों के साथ संगीत की विभिन्न विधाओं का संगम देखने-सुनने को मिलेगा। आयोजन का उद्देश्य प्रदेश की लोक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ-साथ उन्हें समकालीन संगीत के साथ जोड़कर व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंचाना है।

लोक वाद्यों की गूंज के साथ सजेगी संगीत की महफिल: ‘रंग तरंग’ को संस्कृति, रंगों और सुरों का फ्यूजन के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। आयोजन में छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं से जुड़े वाद्ययंत्रों और कलाकारों की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। पारंपरिक वाद्यों की धुनों के साथ आधुनिक संगीत का मेल दर्शकों को सांस्कृतिक विरासत का नया अनुभव प्रदान करेगा।

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को मिलेगा नया मंच: तीन दिवसीय इस आयोजन के जरिए प्रदेश की विविध लोक परंपराओं, संगीत शैलियों और वाद्य संस्कृति को एक मंच पर प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाएगा। छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी जीवंत लोक कलाओं और संगीत परंपराओं से रही है। ऐसे आयोजनों से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलने के साथ ही आम लोगों, विशेषकर युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित ‘रंग तरंग’ में लोक और आधुनिकता का यह मेल दर्शकों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को करीब से जानने का अवसर भी बनेगा।

रक्षाबंधन पर बच्चों की ‘रक्षा’ का सवाल

स्कूलों में स्वच्छ शौचालय और पेयजल के लिए बजट की मांग

रायपुर/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर जहां बहनें अपने भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर अपनी सुरक्षा और खुशहाली की कामना करती हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में सरकारी स्कूलों के छात्र-छात्राओं की सुविधा और सम्मान को लेकर एक अलग मांग उठाई गई है।कॉकरोच जनता पार्टी एवं शिक्षा सुधार अभियान से जुड़े महेंद्र भारद्वाज ने राज्यपाल, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री और शिक्षा मंत्री जी को पत्र भेजकर सरकारी स्कूलों में स्वच्छ एवं उपयोग योग्य शौचालय और फिल्टर युक्त पेयजल की

व्यवस्था के लिए तत्काल बजट जारी करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के रिश्ते की रक्षा का पर्व नहीं है, बल्कि हर जिम्मेदारी और सम्मान की रक्षा का भी संदेश देता है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मूलभूत सुविधाओं के लिए आंदोलन करने को मजबूर होना पड़ना चिंताजनक है।

महेंद्र भारद्वाज ने पत्र में कहा कि प्रदेश के कई सरकारी स्कूलों में शौचालय या तो उपलब्ध नहीं हैं या फिर उपयोग योग्य स्थिति में नहीं हैं। इससे खासकर छात्राओं को परेशानी और असहजता का सामना करना पड़ता है। वहीं स्वच्छ पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। ज्ञापन के माध्यम से सरकार के सामने तीन प्रमुख मांगें रखी गई हैं। पहली मांग है कि 10 दिनों के भीतर प्रदेश के सभी स्कूलों का सर्वे कर शौचालय और फिल्टर युक्त स्वच्छ पेयजल से वंचित स्कूलों की सूची सार्वजनिक की जाए। दूसरी मांग में प्रत्येक स्कूल में बालक और बालिकाओं के लिए अलग-अलग, पानी और बिजली की सुविधा से युक्त उपयोग योग्य शौचालय तथा फिल्टर युक्त पेयजल की व्यवस्था के लिए तत्काल बजट जारी कर निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही गई है। तीसरी मांग में सरकार से यह संकल्प लेने का आग्रह किया गया है कि एक वर्ष के भीतर छत्तीसगढ़ का कोई भी स्कूल स्वच्छ शौचालय और सुरक्षित पेयजल की सुविधा से वंचित न रहे।

नेपाल में बाढ़ के बाद भारतीय नागरिकों के लापता होने पर मंत्री राजेश अग्रवाल चिंतित

- अंबिकापुर की डॉ. मीना गुप्ता की सुरक्षित वापसी के लिए विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं अधिकारी

रायपुर/नवप्रदेश। नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद 288 से अधिक भारतीय नागरिकों के लापता होने की खबर पर छत्तीसगढ़ के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने गहरी चिंता व्यक्त की है। लापता भारतीय नागरिकों में अंबिकापुर के वरिष्ठ नेता कर्ताराम गुप्ता की बेटी डॉ. मीना गुप्ता भी शामिल हैं। डॉ. मीना गुप्ता ब्रिटेन में चिकित्सक के रूप में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

मंत्री राजेश अग्रवाल ने डॉ. मीना गुप्ता की सुरक्षित वापसी के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इस कठिन और चिंताजनक परिस्थिति में उनका परिवार अकेला नहीं है। उन्होंने बताया कि डॉ. मीना गुप्ता की स्थिति और उनकी सुरक्षित वापसी के संबंध में नेपाल स्थित भारतीय दूतावास तथा संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखने का प्रयास किया जा रहा है।

विदेश मंत्रालय से तत्काल किया संपर्क

अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने भी इस मामले में तत्काल विदेश मंत्रालय से संपर्क कर आवश्यक जानकारी साझा करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई है। मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराई गई ई-मेल आईडी कर्ताराम गुप्ता को उपलब्ध कराई गई है, ताकि डॉ. मीना गुप्ता से संबंधित सभी आवश्यक विवरण विदेश मंत्रालय तक पहुंचाए जा सकें और उनकी तलाश एवं सुरक्षित वापसी के प्रयासों को आवश्यक जानकारी मिल सके।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद 288 से अधिक भारतीय नागरिकों के लापता होने की खबर बेहद चिंताजनक और पीड़ादायक है। इनमें अंबिकापुर की डॉ. मीना गुप्ता जी भी शामिल हैं। उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हम लगातार नेपाल स्थित भारतीय दूतावास और संबंधित अधिकारियों के संपर्क में हैं। मैंने भी तत्काल विदेश मंत्रालय से संपर्क कर आवश्यक जानकारी साझा करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई है।

उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में प्रत्येक लापता व्यक्ति के परिवार की चिंता और व्याकुलता को समझा जा सकता है। प्रशासनिक एवं राजनयिक स्तर पर उपलब्ध माध्यमों के जरिए आवश्यक जानकारी साझा कर डॉ. मीना गुप्ता सहित सभी लापता भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

कहानियों से रोशन एक खूबसूरत सुबह

रायपुर/नवप्रदेश। सरकारी प्राथमिक विद्यालय, अमलीडीह में कक्षा पहली से तीसरी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ एक खूबसूरत करने का सु तोरल नारंग ने अपने कहानियों के पिटारे से कई कहानियां सुनाते हुए बच्चों को उन कहानियों के पात्र बना कर जीवंत कहानियों को बेहद रंगीन तरीके से प्रस्तुत किया ।

इस कार्यक्रम का आयोजन रोटरी क्लब ऑफ रायपुर के द्वारा किया गया, जिसमें कुल 38 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नन्हीं-नन्हीं आँखों में बड़ी-बड़ी जिज्ञासाएँ थीं, चेहरों पर मासूम मुस्कान और हर कहानी के साथ बढ़ता हुआ उत्साह। कभी पूरा कमरा खिलखिलाहट से गूँज उठता कभी नन्हे हाथ तालियों से भर उठते और कभी बच्चे अपनी कल्पनाओं की खूबसूरत दुनिया

में खो जाते। इस अवसर पर अध्यक्ष रोटरी क्लब ऑफ रायपुर डॉ प्रीता लाल, डॉ नम्रता ध्रुव, डॉ आनंद मसीह प्राचार्य शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह, डॉ नीता अन्टोनी प्राचार्य,शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला अमलीडीह, की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रदीप गोविंद शितूत ने विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि आज कल एकल परिवार के कारण दादा दादी , नाना नानी का साया बच्चों को नहीं मिल पाता है माता पिता अपने कामों में व्यस्त रहते हैं ऐसी परिस्थिति में बच्चे मोबाइल से फ्रेंडशिप कर लेते हैं जब ये फ्रेंडशिप घनिष्ट हो जाती है तो बच्चों की मोबाइल देखने की आदत छुडाना कठिन हो जाता है इसके लिए माता पिता ने बच्चों को मोबाइल पर ऐसे एप दिखाने की आदत डालना चाहिए जिसमें बच्चे अच्छे अच्छे कहानियों को देखकर उससे शिक्षा ले सके या वे शैक्षणिक एप के माध्यम से भी कुछ सीख सके ।

चूल्हा-चौका तक सीमित जिंदगी से आत्मनिर्भरता की उड़ान

रायपुर/नवप्रदेश। कभी घर की चारदीवारी तक सीमित जिंदगी जीने वाली सूरजपुर जिले के मसीरा गांव की मती लक्ष्मनिया दीदी ने आज आत्मनिर्भरता की ऐसी मिसाल कायम की है, जो ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन रही है। परिवार की जिम्मेदारियों के बीच अपने लिए कोई अलग पहचान बनाने की कल्पना करने वाली लक्ष्मनिया दीदी आज न केवल आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर हैं, बल्कि गांव में डिजिटल सेवाओं की महत्वपूर्ण कड़ी बनकर ग्रामीणों को सुविधाएं उपलब्ध करा रही हैं। अपनी मेहनत और शासन की योजनाओं से मिले अवसरों के बूते वे लखपति दीदी बन चुकी हैं। लक्ष्मनिया दीदी की यह सफलता महिला सशक्तिकरण की उस तस्वीर को सामने लाती है।

नियम विरुद्ध प्रवेश काउसलिंग में बैठने की अनुमति देना अपराध : ठाकुर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ आरटीआई एक्टिविस्ट ऐसोसियेशन के अध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर ने कहा की बिना शुल्क निर्धारण किये

शासन द्वारा निजी विश्वविद्यालयों को एक सितंबर से प्रवेश काउंसलिंग में शामिल करना हजारों छात्रों व पालकों के हितों के साथ अन्याय है ये उन्हे गंभीर आर्थिक क्षति पहुंचायेगा। ठाकुर ने बताया की PURC की आधिकारिक वेबसाइट पर अनेक निजी विश्वविद्यालय ऐसे हैं, जिनके फार्मेसी सहित विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस अब तक निर्धारित नहीं दिखाई गई है। इसके बावजूद इन विश्वविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया में शामिल कर दिया गया है। यह खुला व संगठित भ्रष्टाचार है। ठाकुर ने कहा की प्रवेश काउंसलिंग की अनुमति देते वक्त राज्य सरकार को स्पष्ट करना चाहिए था की जिन विश्वविद्यालयों की फीस निर्धारित नहीं हुई है, वे छात्रों से किस आधार पर शुल्क लेंगे? यदि बाद में फीस निर्धारित होती है, तो छात्रों के हितों की रक्षा कैसे की जाएगी? लेकिन सरकार ने इस पर मौन धारण कर निजि विवि के लिये लूट का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। ठाकुर ने कहा की एक ओर प्रदेश के निजी महाविद्यालय विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत निर्धारित शुल्क पर प्रवेश देने के लिए बाध्य हैं, वहीं दूसरी ओर अनेक निजी विश्वविद्यालयों को शुल्क निर्धारण के बिना ही प्रवेश प्रक्रिया में शामिल करना समानता के सिद्धांत के भी विपरीत है।

ओबीसी जाति क्रीमी लेयर पर नया पेंच, यह सिर्फ माता-पिता की आय से तय नहीं

- केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से मांगा स्पष्टीकरण

नई दिल्ली/नवप्रदेश। ओबीसी उम्मीदवारों के लिए क्रीमी लेयर का मुद्दा एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट के सामने है। वजह है 11 मार्च 2026 का वह फैसला, जिसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि माता-पिता की सैलरी की आय को अकेले आधार बनाकर ओबीसी के नो क्रीमी लेयर उम्मीदवार को क्रीमी लेयर के तहत घोषित नहीं किया जा सकता। मामला खास तौर पर पीएसयू, बैंक और निजी क्षेत्र में कार्यरत अभिभावकों के बच्चों से जुड़ा था, जहां सरकारी कर्मचारियों और गैर-सरकारी या पीएसयू कर्मचारियों के लिए अलग तरीके से आय को देखने पर सवाल उठा था।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से निर्देश देने की मांग की है कि 11 मार्च 2026 का फैसला पिछली तारीख से लागू न हो. यानी इसके आधार पर पहले से पूरी हो चुकी चयन प्रक्रिया, नियुक्तियों, सर्विस आवंटन, कैडर आवंटन, वरिष्ठता या उस समय लागू कानून, नियम, निर्देश और पात्रता शर्तों के तहत किए गए दाखिलों को दोबारा न खोला जाए.

केंद्र का कहना है कि 11 मार्च 2026 के फैसले को लागू करने से बड़े स्तर पर असर पड़ सकता है. इसके तहत उन उम्मीदवारों को भी नॉन-क्रीमी लेयर माना जा सकता है, जिनके माता-पिता की आय अधिक है. केंद्र के मुताबिक, यह सुप्रीम कोर्ट के पिछले अलग-अलग फैसलों में बताए गए क्रीमी लेयर के विचार से अलग है.

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को ओबीसी क्रीमी लेयर के मानदंड पर 11 मार्च के अपने फैसले को सीएसई 2025 के उम्मीदवारों पर लागू करने को लेकर केंद्र की

याचिका पर सुनवाई के लिए एक विशेष बेंच गठित करने पर विचार करने पर सहमति जताई है.

केंद्र ने मांगा दो साल का समय: केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से दो साल का उचित समय देने की मांग की है. इस दौरान उन पदों की समानता तय करने की जरूरी प्रक्रिया पूरी की जा सके, जिनकी अभी तक समकक्षता तय नहीं हुई है. इसके लिए सभी संबंधित पक्षों, जिसमें सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश शामिल हैं, से चर्चा करने और [illegible] क्रीमी लेयर की स्थिति तय करने के लिए उचित और एक समान नीति या व्यवस्था तैयार करने की बात कही गई है.

केंद्र ने यह भी अनुमति मांगी है कि सुप्रीम कोर्ट में दायर इस आवेदन के लंबित रहने के दौरान [illegible] द्वारा अनुशंसित [illegible]-2025 के उम्मीदवारों का सर्विस आवंटन तुरंत अंतिम रूप से किया जा सके और यह इस आवेदन के अंतिम फैसले के अधीन रहे. केंद्र ने कहा है कि इस आवेदन पर फैसला होने तक सर्विस आवंटन में और देरी के गंभीर परिणाम हो सकते हैं.

ओबीसी में क्रीमी लेयर पर सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च 2026 को क्या कहा?

- यूनियन ऑफइंडिया वर्सेज.रोहित नाथन में सुप्रीम कोर्ट की पीठ जस्टिस पी. एस. नरसिम्हा और जस्टिस आर. महादेवन ने स्पष्ट किया कि क्रीमी लेयर का निर्धारण सिर्फआय के आधार पर नहीं किया जा सकता।
- अदालत ने 1993 के ओम और उसके बाद जारी निर्देशों को साथ पढ़ते हुए कहा कि अभिभावक की सामाजिक स्थिति और उनके पद की प्रकृति भी महत्वपूर्ण है।
- शीर्ष अदालत ने कहा कि सिर्फइनकम ब्रैकेट के आधार पर क्रीमी लेयर का स्टेटस तय करना, पोस्ट की कैटेगरी और स्टेटस पैरामीटर का जिक्र किए बिना, कानून में साफतौर पर टिकने लायक नहीं है।
- कोर्ट ने यह भी कहा कि समान स्थिति वाले ओबीसी उम्मीदवारों के साथ अलग अलग व्यवहार संविधान के आर्टिकल 14, 15 और 16 में निहित समानता के सिद्धांत के खिलाफजा सकता है।
- यह मामला सिविल सेवा परीक्षा के उन उम्मीदवारों से जुड़ा था, जिन्होंने ओबीसी नॉन क्रीमी लेयर श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा किया था। कई उम्मीदवारों के माता-पिता सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, बैंकों या इस स्तर के संगठनों में कर्मचारी थे।

सिंधी समाज सोमवार को श्रद्धा और उल्लास से मनाएगा तीजड़ी पर्व

पति की दीर्घायु,संतान की खुशहाली और परिवार की समृद्धि की कामना

जगदलपुर। नव प्रदेश/ नगर का सिंधी समाज सोमवार, 31 अगस्त को पारंपरिक श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ तीजड़ी पर्व मनाएगा। पर्व को लेकर सिंधी गुरुद्वारे में समाज की महिलाओं द्वारा विशेष तैयारियां की जा रही हैं। तीजड़ी पर्व सिंधी समाज की धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एवं पारिवारिक एकता का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर महिलाएं पति की दीर्घायु, संतान की खुशहाली और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखेंगी।

श्रद्धा से निर्जला व्रत रखकर चंद्रमा को अर्घ्य दिया

महिला विंग सचिव भारती लालवानी ने बताया कि तीजड़ी व्रत से जुड़ी पौराणिक मान्यता के अनुसार एक साहूकार की सात बहुओं में सबसे छोटी बहू अत्यंत पतिव्रता और श्रद्धालु थी। उसने पूरी श्रद्धा से निर्जला व्रत रखकर चंद्रमा को अर्घ्य दिया। उसकी भक्ति से प्रसन्न होकर तीजड़ी माता ने उसके पति को दीर्घायु और संकटों से रक्षा का वरदान दिया। इसी मान्यता के चलते सिंधी समाज की महिलाएं आज भी परिवार के अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत रखती हैं। सिंधी गुरुद्वारे में सुबह और शाम समाज की महिलाएं सामूहिक रूप से पर्व मनाकर खुशियां साझा करेंगी।

सिंधी पंचायत की पूजन प्रभारी चंद्रा देवी नवतानी ने बताया कि तीजड़ी पर्व, जिसे सिंधी तीज भी कहा जाता है, भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की तृतीया को मनाया जाता है। पर्व की पूर्व संध्या पर महिलाएं मेहंदी रचाएंगी और पर्व के दिन सोलह श्रृंगार कर पूजा-अर्चना करेंगी। शाम को तीजड़ी माता यानी गौरी माता की मिट्टी की प्रतिमा अथवा चित्र स्थापित कर फल, फूल, सिंदूर, रोली और ककड़ी अर्पित की जाएगी। इसके बाद तीजड़ी की कथा सुनी जाएगी। सुहिणी सोच महिला विंग की अध्यक्ष लक्ष्मी नवतानी ने बताया कि पूजा के दौरान झूले पर रखे मटके में बोए गए हरे मूंग, गेहूं और तिल की भी पूजा की जाती है। रात में चंद्रमा के उदय होने पर जल-दूध से अर्घ्य देकर कौड़ी अर्पित करने के बाद महिलाएं व्रत का पारण करती हैं।

एक पेड़ माँ के नाम' अभियान में रोपे 50 पौधे, संरक्षण का लिया संकल्प

जगदलपुर/नव प्रदेश। शासकीय काकतीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता के उद्देश्य से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सांसद महेश कश्यप,महापौर संजय पांडेय,पार्षद पूनम सिन्हा एवं एमआईसी सदस्य लक्ष्मण झा सहित महाविद्यालय के शिक्षक,कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल हुए। प्राचार्य डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए पौधरोपण के साथ वृक्षों का संरक्षण भी जरूरी है। महापौर संजय पांडेय ने प्रकृति के मातृस्वरूप और नारी सम्मान के महत्व को रेखांकित किया। सांसद महेश कश्यप ने बस्तर की समृद्ध प्राकृतिक विरासत का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ लगाने से अधिक महत्वपूर्ण लगाए गए पेड़ों को बचाना है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया।

पखांजूर-कापसी मार्ग के यात्रियों को बड़ी राहत

बारिश से जर्जर हुई राज्य मार्ग की सुध लेने आगे आया सूरजाधर माइंस प्रबंधन

पखांजूर/नवप्रदेश। पखांजूर-कापसी क्षेत्र को आपस में जोड़ने वाली जीवनरेखा माने जाने वाले राज्य मार्ग क्रमांक-25 पर सफर करने वाले यात्रियों और ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। लगातार बारिश के कारण सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढों से बढ़ रहे दुर्घटना के खतरे के बीच सूरजाधर माइंस प्रबंधन ने सड़क सुधार की जिम्मेदारी उठाई है।

प्रबंधन द्वारा गड्ढों में गिट्टी डालकर उन्हें समतल करने का काम शुरू कर दिया गया है।

बारिश के चलते राज्य मार्ग-25 की हालत कई स्थानों पर बेहद खराब हो गई थी। दोपहिया और चारपहिया वाहनों को आवाजाही में परेशानी के साथ दुर्घटना का खतरा भी बना हुआ था। माइंस प्रबंधन ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए पहले पी.वी. 39 के पास सड़क के गड्ढों की मरम्मत कराई। अब पी.वी. 33 गांव के समीप भी गिट्टी डालकर सड़क को आवागमन के योग्य बनाया गया है।

माइंस प्रबंधन के अधिकारियों के अनुसार इस मार्ग से प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र,कर्मचारी,मरीज और व्यापारी आवागमन करते हैं। बारिश के मौसम में नई सड़क का निर्माण कराना मुश्किल है। ऐसे में मानसून समाप्त होने और नई सड़क का निर्माण शुरू होने तक जरूरत के अनुसार गड्ढों की भराई और सड़क की मरम्मत लगातार जारी रखी जाएगी। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत होने पर राहत जताते हुए माइंस प्रबंधन की पहल की सराहना की है।

जागरूकता: फर्जी कॉल, ओटीपी और क्यूआर कोड से रहें सावधान

साइबर ठगी से बचने चेम्बर भवन में व्यापारियों को किया जागरूक

जगदलपुर/नवप्रदेश। पुलिस विभाग एवं बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागृति अभियान के तहत चेम्बर भवन में जागरूकता बैठक आयोजित की गई। इसमें आम नागरिकों,व्यापारियों और सामाजिक संगठनों को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के उपाय बताए गए।

पुलिस अधिकारियों ने फर्जी फोन कॉल,ओटीपी,बैंकिंग धोखाधड़ी,यूपीआई,फर्जी लिंक,केवाईसी अपडेट और सामाजिक माध्यमों के जरिए होने वाली ठगी के तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम या डेबिट कार्ड की जानकारी,पासवर्ड अथवा बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।

व्यापारियों को विशेष रूप से सावधान करते हुए बताया गया कि कोई ग्राहक 10 हजार रुपये के भुगतान का स्क्रीनशॉट दिखाकर पैसा भेजने का दावा करे तो केवल स्क्रीनशॉट देखकर सामान न दें। अपने बैंक या यूपीआई ऐप में भुगतान की स्वयं पुष्टि करें। पैसा प्राप्त करने के लिए यूपीआई पिन डालने की आवश्यकता नहीं होती। क्यूआर कोड स्कैन करवाकर पिन डालने के लिए कहने वालों से सावधान रहें।

अधिकारियों ने बताया कि अपराधी चालान,बिल,जीएसटी नोटिस या ऑर्डर के नाम पर संदिग्ध एपीके और लिंक भेजकर मोबाइल में सेंध लगा सकते हैं। ऐसे लिंक या एपीके खोलने से बचें। पुलिस, सीबीआई, ईडी या अन्य सरकारी एजेंसी का अधिकारी बनकर वीडियो कॉल पर डराने और डिजिटल गिरफ्तारी की धमकी देने वालों के झांसे में न आएं। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत करें,ताकि रकम को सुरक्षित करने की संभावना बढ़ सके।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर,नगर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार धोत्रे,साइबर सेल निरीक्षक गौरव तिवारी और कोतवाली थाना प्रभारी लीलाधर राठौर उपस्थित रहे। अध्यक्षता चेम्बर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल बोथरा ने की।

साइबर ठगी से बचने के लिए अनजान लिंक पर क्लिक न करें

साइबर ठगी से बचने के लिए अनजान लिंक पर क्लिक न करें, ओटीपी और यूपीआई पिन किसी को न बताएं,भुगतान का स्क्रीनशॉट देखकर लेनदेन स्वीकार न करें और संदिग्ध वीडियो कॉल पर घबराकर पैसे ट्रांसफर न करें। ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत करना सबसे जरूरी है।

मुकेश के सदाबहार नगमों से महकी संगीत की शाम

'एक शाम मुकेश जी के नाम' में कलाकारों ने छेड़े दर्द, प्रेम और संवेदनाओं से सराबोर गीत

नई पीढ़ी तक पहुंच रही संगीत की विरासत

कार्यक्रम में विभा सिंह,प्रज्ञा आचार्य,शेखर राउत और श्रीराम शर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। स्वराधना म्युजिकल इवेंट्स परिवार के संयोजक इश्तियाक मीर एवं जितेन्द्र भदौरिया ने आयोजन को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया। परिवार के प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी ऋषि भटनागर ने कार्यक्रम की जानकारी दी।

सुरों की महफिल में खोए संगीतप्रेमी, यादगार प्रस्तुतियों पर गूंजती रही तालियों की गड़गड़ाहट

जगदलपुर। नव प्रदेश। हिन्दी सिनेमा के महान पार्श्व गायक स्व. मुकेश चन्द्र माथुर की मखमली आवाज और सदाबहार गीतों को समर्पित संगीत संध्या में सुरों का ऐसा जादू बिखरा कि श्रोता उनके दौर की सुनहरी यादों में खो गए। स्वराधना म्युजिकल इवेंट्स परिवार की ओर से आयोजित 'एक शाम मुकेश जी के नाम' कार्यक्रम में कलाकारों ने उनके लोकप्रिय नगमों की शानदार प्रस्तुतियां देकर उन्हें सुरों के माध्यम से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. मुकेश के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद मंच पर गीतों का सिलसिला शुरू हुआ और कलाकारों ने एक के बाद एक मुकेश के यादगार गीत प्रस्तुत किए। उनकी आवाज में मौजूद दर्द, प्रेम और संवेदनशीलता को कलाकारों ने अपनी गायकी के माध्यम से जीवंत कर दिया। जैसे-जैसे गीतों की महफिल आगे बढ़ी, श्रोता भी मुकेश के स्वर्णिम दौर की यादों में डूबते चले गए। संगीत संध्या में रमन महंत,नलिन शुक्ला,ज्वायस लॉरेंस सिंग, मनिता रावत, श्रीराम गौड़ा, प्रकाश शिंदे,संतोष पाल,अनिल देवांगन, रत्न व्यास, माही श्रीवास्तव, सईद खान और तलत महमूद ने अपनी प्रस्तुतियों से खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का संचालन नलिन शुक्ला ने किया।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू 29 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

गीता भवन से शुरू होकर पंजाब भवन पहुंचेगी यात्रा

श्रीमद्भागवत कथा सहित होंगे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन

जगदलपुर। नव प्रदेश। पंजाब सनातन धर्म सभा एवं पंजाब सनातन महिला सत्संग समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों की शुरुआत 29 अगस्त को ध्वजारोहण और कलश यात्रा से होगी। आयोजन में श्रीमद्भागवत कथा, शोभायात्रा, बच्चों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा।

29 अगस्त को दोपहर 2 बजे संजय बाजार स्थित गीता भवन में ध्वजारोहण होगा। इसके बाद दोपहर 2.10 बजे सरला बत्रा के नेतृत्व में कलश यात्रा निकलेगी। यात्रा गीता भवन से संजय बाजार, पनामा चौक, दाऊ मिल और अग्रसेन चौक होते हुए पंजाब भवन पहुंचेगी, जहां दोपहर 3.30 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा में शामिल होने की अपील की है। आयोजन का प्रमुख आकर्षण श्रीमद्भागवत कथा होगी। कथा व्यास आचार्य अमर कृष्ण शुक्ला भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं,धर्म,भक्ति और सनातन संस्कृति से जुड़े प्रसंगों का वर्णन करेंगे। बच्चों, महिलाओं और युवाओं की भागीदारी के लिए विशेष कार्यक्रम भी होंगे। 3 सितंबर को दोपहर 3.30 बजे गीता भवन से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी।

धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलेगा

29 अगस्त को ध्वजारोहण व कलश यात्रा के साथ जन्मोत्सव का शुभारंभ होगा। इसके बाद कथा एवं अन्य धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला चलेगा। आयोजन में विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। 3 सितंबर को शोभायात्रा के साथ आयोजन को भव्य स्वरूप दिया जाएगा।

रक्षाबंधन पर भाजपा महिला मोर्चा ने पूर्व विधायक संतोष बाफना को बांधा रक्षासूत्र

जगदलपुर। नव प्रदेश रक्षाबंधन के पावन पर्व पर बस्तर भाजपा महिला मोर्चा की बहनों ने पूर्व विधायक संतोष बाफना के वृंदावन कॉलोनी स्थित निवास पहुंचकर आत्मीयता के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। महिला मोर्चा की पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक संतोष बाफना तथा उनकी धर्मपत्नी उज्ज्वला बाफना को रक्षासूत्र बांधकर भाई-बहन के स्नेह और विश्वास की परंपरा को निभाया। महिला मोर्चा की बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाज से तिलक लगाकर एवं आरती उतारकर बाफना दंपति के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु और सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। इस दौरान पूरे वातावरण में आत्मीयता और उत्साह देखने को मिला। पर्व की खुशियां साझा करते हुए सभी ने एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष बाफना एवं उनकी धर्मपत्नी ने महिला मोर्चा की बहनों का आभार व्यक्त किया।

सफाई के बाद निगम ने खुद ही बना दिया कचरे का डंपिंग प्वाइंट

मच्छर-मक्खियों का बढ़ा प्रकोप, बीमारी फैलने का खतरा, दुकानदारों ने तत्काल कचरा उठाने की मांग की

सफाई के बाद नगर निगम ने खुद ही बना दिया कचरे का डंपिंग प्वाइंट

सफाई की व्यवस्था पर सवाल

नगर निगम द्वारा शहर में स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चलाए जाते हैं। ऐसे में निगम के अपने ही कॉम्प्लेक्स के बाहर कचरे का ढेर जमा होना पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। दुकानदारों ने तत्काल कचरा हटाने और सफाई के बाद निकलने वाले कचरे को सीधे निर्धारित स्थल तक पहुंचाने की मांग की है।

जगदलपुर। नव प्रदेश। शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी संभालने वाला नगर निगम ही अपनी सफाई व्यवस्था को लेकर सवालों के घेरे में है। कोतवाली थाने के सामने स्थित नगर निगम कॉम्प्लेक्स में सफाई अभियान तो चलाया गया, लेकिन सफाई के बाद निकला कचरा उठाने के बजाय कॉम्प्लेक्स के बाहर ही जमा कर दिया गया। कई दिनों से पड़े कचरे के ढेर से अब बदबू और गंदगी फैलने लगी है।

कॉम्प्लेक्स में दुकानों और आसपास की सफाई के बाद निकले कचरे को सड़क किनारे और परिसर के आसपास डाल दिया गया है। समय पर उठाव नहीं होने के कारण यह ढेर लगातार बढ़ता जा रहा है। विडंबना यह है कि जिस परिसर को साफ कर स्वच्छ बनाने की कवायद की जा रही है, उसी के बाहर कचरे का नया ठिकाना बन गया है।

कचरे से उठने वाली दुर्गंध के कारण कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों और यहां आने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि सुबह से शाम तक दुकान में बैठना मुश्किल हो रहा है। कचरे के आसपास आवारा मवेशियों और अन्य जानवरों के पहुंचने से गंदगी और फैल रही है। वहीं मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ने से बीमारी फैलने का खतरा भी बना हुआ है।

रक्षाबंधन का आध्यात्मिक रंग, भाई-बहनों ने लिया नशामुक्त जीवन का संकल्प

राखी के साथ पवित्रता, सद्भाव और श्रेष्ठ जीवन का संदेश

केंद्रीय जेल व बाल संरक्षण गृह पहुंचीं ब्रह्माकुमारी बहनें, बांधी राखी

जगदलपुर। नव प्रदेश प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, पावन धाम वृंदावन कॉलोनी में 28 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व आध्यात्मिक वातावरण एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जगदलपुर शहर सहित आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में भाई-बहन शामिल हुए। ब्रह्माकुमारी बहनों ने सभी को राखी बांधकर पवित्रता, सद्भाव और श्रेष्ठ जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम में लोगों को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा स्वस्थ, संस्कारयुक्त एवं सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प कराया गया। उपस्थित भाई-बहनों ने नशामुक्त रहने और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने की प्रतिज्ञा ली। ब्रह्माकुमारी मंजूषा दीदी ने कहा कि रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का पर्व नहीं,बल्कि आत्मिक पवित्रता और बुराइयों से स्वयं की रक्षा करने की प्रेरणा देने वाला आध्यात्मिक पर्व है। उन्होंने कहा कि काम,क्रोध,लोभ,मोह और अहंकार जैसे विकारों से मुक्त होकर श्रेष्ठ जीवन जीना ही पर्व की सार्थकता है। राखी पवित्रता, आत्मिक सुरक्षा और श्रेष्ठ संकल्प का प्रतीक है। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने केंद्रीय जेल जगदलपुर में बंदी भाइयों तथा बाल संप्रेक्षण गृह एवं बाल संरक्षण गृह पहुंचकर वहां के भाइयों की कलाई पर भी राखी बांधी। इस दौरान उन्हें सद्भाव, आत्मसंयम और सकारात्मक जीवन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में मंजूषा दीदी ने सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

रक्षाबंधन के अवसर पर पावन धाम में आयोजित कार्यक्रम में भाई-बहनों ने राखी के साथ श्रेष्ठ जीवन का संकल्प लिया। नशामुक्ति और सकारात्मक सोच को पर्व का महत्वपूर्ण संदेश बनाया गया। ब्रह्माकुमारी बहनों ने जेल और बाल संरक्षण गृह में पहुंचकर राखी बांधी। आयोजन ने सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर संस्कार एवं आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

बेटियों की राह आसान करेगी सरस्वती साइकिल योजना

भगतसिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नि:शुल्क साइकिल वितरण, जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों को दिया मार्गदर्शन

जगदलपुर/नव प्रदेश। भगतसिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर निगम महापौर संजय पांडे, सभापति खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही,जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता सहित निगम एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अनिकेत तिवारी ने सरस्वती वंदना तथा हर्षिता एवं उनकी टीम ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता चंद्र प्रकाश देवांगन ने किया। व्याख्याता अनिल शुक्ला ने शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सहायक खंड शिक्षा अधिकारी राजेश गुप्ता ने सरस्वती साइकिल योजना की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने कहा कि योजना से विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा मिलेगी और वे अपनी पढ़ाई पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

उन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा की पूर्व तैयारी, अनुशासन और निरंतर मेहनत के साथ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्राही एवं सभापति खेमसिंह देवांगन ने भी विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। महापौर संजय पांडे ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बेटियों के सशक्त और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का मुख्यमंत्री साय ने किया सम्मान

■ प्रदेश में 13.85 लाख से अधिक महिलाएं बनीं लखपति दीदी, 481 महतारी सदनों का हो रहा निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। जब नारी शक्ति आगे बढ़ती है तो उसके साथ परिवार, समाज और पूरा देश आगे बढ़ता है। महिलाओं को सम्मान, सुरक्षा, समान अवसर और आर्थिक स्वावलंबन प्रदान करना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है।

हमारी सरकार का संकल्प है कि छत्तीसगढ़ की हर बेटी को अपने सपने पूरे करने का अवसर मिले और हर महिला आत्मविश्वास एवं आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़े। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर स्थित पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय परिसर के अटल बिहारी वाजपेयी सभागृह में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति सम्मान समारोह' को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर चिकित्सा, शिक्षा, खेल, साइबर सुरक्षा, पत्रकारिता, कला एवं संस्कृति, कृषि, महिला उद्यमिता, सामाजिक सेवा और महिला सुरक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। उन्होंने नारी शक्ति सम्मान समारोह पर आधारित ब्रोशर का विमोचन किया।

सम्मानित महिलाएं हमारी बेटियों के लिए प्रेरणा: सीएम साय

सीएम विष्णुदेव साय ने सम्मानित महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इन महिलाओं ने अपने परिश्रम, प्रतिभा, साहस और संकल्प से अलग-अलग क्षेत्रों में विशिष्ट पहचान बनाई है। उनकी उपलब्धियां केवल व्यक्तिगत सफलता नहीं हैं, बल्कि उन हजारों बेटियों के लिए प्रेरणा हैं, जो अपने सपनों को साकार करने के लिए आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी महिलाओं का सम्मान वास्तव में उस नारी शक्ति का सम्मान है, जो परिवार को संस्कार देती है, समाज को दिशा देती है और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। छत्तीसगढ़ की महिलाएं आज खेती-किसानी से लेकर उद्यमिता, शिक्षा, खेल, सामाजिक सेवा और आधुनिक तकनीक तक हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं।

महिला आयोग न्याय के साथ जागरुकता का भी बने सशक्त माध्यम

मुख्यमंत्री साय ने छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. ममता साहू को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील जिम्मेदारी मिली है। उनका सामाजिक एवं सार्वजनिक जीवन का अनुभव, कानून की समझ और उच्च शिक्षा इस दायित्व के निर्वहन में उपयोगी सिद्ध होगी। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. ममता साहू के नेतृत्व में राज्य महिला आयोग प्रदेश की माताओं-बहनों को न्याय दिलाने, उनके अधिकारों की रक्षा करने और पीड़ित महिलाओं तक कानूनी सहायता पहुंचाने में प्रभावी भूमिका निभाएगा।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में नारी शक्ति को मिले नए अवसर

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति को नई पहचान, सम्मान और आगे बढ़ने के अभूतपूर्व अवसर मिले हैं। 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान ने बेटियों के प्रति सामाजिक सोच में सकारात्मक बदलाव लाने का काम किया है। महिलाओं की भागीदारी और प्रतिनिधित्व बढ़ाने की दिशा में भी ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर राष्ट्रपति मती द्रौपदी मुर्मू का आसीन होना पूरे देश की नारी शक्ति के लिए गौरव और प्रेरणा का विषय है। प्रधानमंत्री मोदी की सोच है कि विकसित भारत की यात्रा महिलाओं के नेतृत्व और उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना पूरी नहीं हो सकती।

13.85 लाख से अधिक लखपति दीदियां बनीं आत्मनिर्भरता की पहचान

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रदेश की महिलाएं आज स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रही हैं। सिलाई-कढ़ाई, कृषि एवं वनोपज आधारित गतिविधियों, लघु उद्योग और स्वरोजगार के साथ महिलाएं अब ड्रोन संचालन जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में भी आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश में 13 लाख 85 हजार से अधिक महिलाएं 'लखपति दीदी' बन चुकी हैं। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि लाखों परिवारों के जीवन में आए सकारात्मक आर्थिक परिवर्तन का प्रमाण है। सरकार का प्रयास है कि अधिक से अधिक महिलाओं को कौशल, पूंजी, बाजार और तकनीक से जोड़कर उद्यमिता के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

न्यूज गैलरी

एमएम फन सिटी में हादसे पर दो लाख रुपये का चिकित्सा खर्च और मुआवजा

रायपुर/नवप्रदेश। जल मनोरंजन केंद्र के तरंग कुंड में सुरक्षा जाली नहीं होने और दुर्घटना के बाद उचित प्राथमिक उपचार नहीं मिलने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने पीड़ित उपभोक्ता अनुपम अग्रवाल के पक्ष में फैसला सुनाते हुए एमएम फन सिटी प्रबंधन और बीमा कंपनी को संयुक्त रूप से हर्जाना देने का आदेश जारी किया है। आयोग के आदेश के अनुसार पीड़ित को चिकित्सा खर्च के लिए दो लाख रुपये 9 जुलाई 2015 से भुगतान की तिथि तक छह प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज के साथ दिए जाएंगे। इसके अलावा पांच हजार रुपये वाद व्यय के रूप में देने होंगे। मानसिक क्षतिपूर्ति के तौर पर 25 हजार रुपये और वाद व्यय के रूप में पांच हजार रुपये का भुगतान भी करना होगा। आयोग ने दोनों पक्षों को 45 दिनों के भीतर आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं। 25 अप्रैल 2015 को अनुपम अग्रवाल अपने परिवार और सहकर्मियों के साथ एमएम फन सिटी गए थे। शाम करीब छह बजे तरंग कुंड में नहाने के दौरान सुरक्षा जाली नहीं लगी होने के कारण उनका बायां पैर पानी के भीतर बनी नाली में फंस गया।

तीन साल से अधूरा रेलवे अंडरब्रिज, 15 फीट गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पिछले तीन साल से अंडरब्रिज निर्माण पूरा होने का इंतजार कर रहे गौरीनगर और स्टेशनपारा के रहवासियों की परेशानी अब जानलेवा साबित हो गई है. निर्माणाधीन गौरीनगर अंडरब्रिज के पास बने करीब 15 फीट गहरे गड्ढे में डूबने से 45 वर्षीय संतोष सोनवाने की मौत हो गई. आरोप है कि रेलवे ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए थे. हादसे के बाद आसपास के लोगों में आक्रोश बढ़ गया है। घटना शुक्रवार दोपहर करीब ढाई बजे की बताई जा रही है. मृतक की पत्नी दुलारी सोनवाने के अनुसार, उनके पति अंडरब्रिज के पास बैठे थे. इसी दौरान संतुलन बिगड़ने से वे गहरे गड्ढे में जा गिरे. गड्ढे में पानी भरा होने के कारण उनकी डूबने से मौत हो गई. घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। संतोष सोनवाने मेडिकल कॉलेज पेंड्री में सफाई कर्मी के रूप में काम करते थे और परिवार में कमाने वाले अकेले सदस्य थे. उनके परिवार में पत्नी समेत छह बच्चे हैं, जिनमें एक बेटी और पांच बेटे हैं. परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है. पति की मौत के बाद परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

बारिश के बाद बस्तर से कांग्रेस का जनआंदोलन होगा शुरू

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में जल, जंगल, जमीन बचाने भी बारिश के बाद बस्तर से बड़े जनआंदोलन की शुरूआत होगी. कांग्रेस संगठन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इससे पहले कांग्रेस के आदिवासी नेता वनांचलों में छात्रावासों की जांच करेंगे. कांग्रेस की आदिवासी सलाहकार परिषद की बैठक में लिए गए फैसले के तहत बस्तर और सरगुजा समेत सभी मैदानी जिलों में भी छात्रावासों की बदहाल व्यवस्था की जांच करने आदिवासी नेताओं की एक उच्चस्तरीय कमेटी गठित होगी। यह दस सदस्यीय जांच समिति आदिवासी छात्रावासों की व्यवस्था का निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देगी. कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशों के तहत देश भर में आदिवासियों के अधिकारों के हनन और सुविधाओं को लेकर अभियान शुरू किया जा रहा है। यह निर्णय लिया गया है कि अब कोई सम्मेलन या सभा के बजाए सीधे आंदोलन किया जाए। जल, जंगल, जमीन बचाने बस्तर से जनआंदोलन का आगाज होगा. बारिश के तत्काल बाद सभी जिलों और ब्लॉकों तक आदिवासियों को संगठित किया जाएगा. बस्तर से लेकर सरगुजा तक आदिवासी हितों के खिलाफ भाजपा सरकार द्वारा लिए जा रहे फैसलों समेत संसाधनों को बेचे जाने का व्यापक विरोध करने की रणनीति बनी है।

गरीबों के निवाले का बदलेगा स्वाद पीडीएस में मिलेगा 'इंप्रूव्ड राइस'

बिलासपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत गरीब परिवारों को मिलने वाले राशन के चावल की गुणवत्ता में बड़ा सुधार होने जा रहा है। राज्य सरकार ने पीडीएस में अब 'इंप्रूव्ड राइस' (उन्नत चावल) देने की तैयारी की है। नई व्यवस्था लागू होने से राशन के चावल में ब्रोकन राइस (टूटे दाने) की मात्रा 25 फीसदी से घटाकर अधिकतम 10 फीसदी की जाएगी। इससे जिले के 6 लाख से अधिक राशन कार्डधारियों की थाली में अब साबुत और बेहतर गुणवत्ता वाला खाद्यान्न पहुंचेगा। आगामी दो महीनों के भीतर इस योजना का लाभ राशन कार्डधारियों को मिलने की उम्मीद है। बिलासपुर जिले में पीडीएस के तहत पंजीकृत 6 लाख से अधिक राशन कार्डधारियों के जरिए लगभग 17 लाख से अधिक सदस्य राशन प्राप्त करते हैं। ब्रोकन राइस का दायरा 15% कम होने से अब चावल में साबुत दानों की संख्या अधिक होगी, जिससे चावल की ओवरऑल क्वालिटी काफी बेहतर हो जाएगी। जानकारों का मानना है कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद उचित मूल्य की दुकानों तक तय मानकों के अनुसार ही चावल पहुंचे, इसके लिए सख्त निगरानी रखनी होगी।

सरकारी अस्पताल की सेहत : 'अटल आरोग्य लैब' को लेकर सियासत तेज, कर्मचारी संघ और कांग्रेस ने उठाए सवाल

पैथोलॉजी लैब पर निजी कंपनी की एंट्री!

कांकेर/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरकारी अस्पतालों में पैथोलॉजी जांच व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए राज्य सरकार ने केंद्रीय कंपनी एचएलएल लाइफकेयर लिमिटेड (HLL Lifecare Limited) के साथ समझौता किया है। इसके तहत प्रदेश में 'अटल आरोग्य लैब' नेटवर्क शुरू किया जा रहा है। सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था से मरीजों को आधुनिक तकनीक के जरिए बेहतर और मुफ्त जांच सुविधाएं मिलेंगी। हालांकि, इस फैसले को लेकर अब विवाद भी गहराता जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और विपक्ष ने सरकारी लैब व्यवस्था को बाहरी कंपनी को सौंपने का विरोध किया है।

1,051 सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में लागू होगी व्यवस्था: 'अटल आरोग्य लैब' योजना के तहत प्रदेश के 1,051 सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों को जोड़ा जा रहा है। इनमें जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल हैं। नई व्यवस्था के तहत जिला अस्पतालों में मरीजों को 134 प्रकार की मुफ्त जांच उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। इससे पहले की तुलना में अधिक बीमारियों की पहचान और जांच संभव हो सकेगी।

हब एंड स्पोक मॉडल से होगी जांच

नई लैब व्यवस्था को हब एंड स्पोक मॉडल पर संचालित किया जाएगा। इसके तहत एक राज्य स्तरीय मुख्य रेफरेंस लैब और चार संभागीय स्तर की लैब स्थापित की जा रही हैं। छोटे अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों से लिए गए सैंपल को जरूरत के अनुसार इन बड़ी लैब में भेजकर जांच की जाएगी। रिपोर्ट को डिजिटल बनाने पर भी जोर दिया गया है। मरीजों को उनकी जांच रिपोर्ट एसएमएस या वाट्सएप के माध्यम से सीधे मोबाइल पर भेजे जाने की व्यवस्था की जा रही है। बारकोड सिस्टम और ऑटोमेटेड मशीनों के इस्तेमाल से जांच प्रक्रिया में मानवीय त्रुटियों की संभावना कम करने का दावा किया जा रहा है।

सरकार पर 'दोहरा खर्च'

विरोध करने वालों का यह भी कहना है कि नई व्यवस्था में सरकार कंपनी को अस्पतालों में जगह, बिजली और उपलब्ध लैब संसाधनों के साथ तकनीकी स्टाफ उपलब्ध करा रही है। इसके बावजूद जांच सेवाओं के लिए कंपनी को भुगतान किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग सेवा का क्षेत्र है, व्यवसाय का नहीं। वर्षों से सरकारी कर्मचारी यह जिम्मेदारी निभा रहे हैं। लैब निजी कंपनी को सौंपने से कर्मचारियों के भविष्य पर संकट खड़ा होगा और जवाबदेही भी प्रभावित होगी।

– **अनिल पाण्डेय**, प्रदेश अध्यक्ष, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ

बिना टेंडर कंपनी को काम देने पर सवाल

हालांकि, नई व्यवस्था को लेकर स्वास्थ्य कर्मचारी संघ और विपक्ष ने सरकार पर कई गंभीर सवाल उठाए हैं। विरोध करने वालों का आरोप है कि एचएलएल लाइफकेयर को खुली निविदा प्रक्रिया के बजाय सीधे नॉमिनेशन के आधार पर पांच साल के लिए काम सौंपा गया है। विपक्ष और कर्मचारी संगठनों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में पहले से ही करोड़ों रुपये की अत्याधुनिक पैथोलॉजी मशीनें और संसाधन मौजूद हैं। उनका आरोप है कि नई व्यवस्था लागू होने के बाद पुरानी मशीनों को इस्तेमाल से बाहर किया जा रहा है और कुछ स्थानों पर इन्हें पैक कर रखे जाने की तस्वीरें भी सामने आई हैं।

कंपनी पर लगे आरोपों को लेकर भी विवाद

विरोध कर रहे स्वास्थ्य संगठनों का दावा है कि संबंधित कंपनी के खिलाफ भोपाल में सीबीआई जांच और एफआईआर का मामला सामने आया है। उनका कहना है कि ऐसे विवादों से जुड़ी कंपनी को इतना बड़ा सरकारी काम सौंपने से पहले सरकार को पूरी पारदर्शिता बरतनी चाहिए थी। स्वास्थ्य कर्मचारी संघ का मुख्य विरोध सरकारी पैथोलॉजी सेवाओं में बाहरी कंपनी की भूमिका बढ़ाए जाने को लेकर है। संघ का कहना है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को इस तरह बाहरी एजेंसी के हवाले करना स्वास्थ्य सेवा के निजीकरण की दिशा में कदम है।

दावा-बेहतर होगी जांच व्यवस्था

वहीं, सरकार और स्वास्थ्य विभाग ने इन आरोपों के बीच नई व्यवस्था का बचाव किया है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इसका उद्देश्य सरकारी अस्पतालों में जांच की गुणवत्ता, गति और पहुंच को बेहतर बनाना है। सरकार के मुताबिक, पुरानी मशीनों को पूरी तरह हटाया नहीं गया है, बल्कि जरूरत पड़ने पर उन्हें बैकअप के तौर पर इस्तेमाल किया जाएगा। जब तक पुरानी मशीनों के लिए आवश्यक रीजेंट उपलब्ध हैं, उनका उपयोग जारी रखा जाएगा। सरकार का दावा है कि नई व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा प्रदेश के दूरदराज ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों के मरीजों को मिलेगा। आधुनिक मशीनों और डिजिटल रिपोर्टिंग के जरिए उन्हें बड़े शहरों जैसी जांच सुविधाएं उनके नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों के नेटवर्क से उपलब्ध कराने की कोशिश की जा रही है।

नई व्यवस्था पर अब बढ़ा विवाद

एक तरफ सरकार इसे सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, वहीं कर्मचारी संघ और विपक्ष इसे सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था में निजी दखल बढ़ाने वाला फैसला करार दे रहे हैं। अब इस पूरे मामले में टेंडर प्रक्रिया, पुरानी मशीनों के इस्तेमाल और कंपनी के चयन को लेकर उठे सवालों पर सरकार का विस्तृत स्पष्टीकरण अहम माना जा रहा है।

यूसीसी को लेकर एक सितंबर को रायपुर में मुस्लिम समाज की बैठक

राज्य स्तरीय यूसीसी समिति को दिए जाएंगे सुझाव

शहर के काजी और वरिष्ठ अधिवक्ता रहेंगे मौजूद

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) कानून लागू करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है और इसके लिए राज्य स्तरीय समिति का गठन किया गया है। उक्त समिति को सुझाव देने के लिए रायपुर मुस्लिम समाज की ओर से एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया गया है। यह जानकारी छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड (कैबिनेट मंत्री दर्जा) के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज ने दी है।

एक को गुरु घासीदास ऑडिटोरियम में होगी बैठक

मुस्लिम समाज की यह बैठक 01 सितंबर 2026, मंगलवार को स्थान- गुरु घासीदास ऑडिटोरियम, कार्यालय छ.ग. राज्य वक्फ बोर्ड के सामने, कलेक्ट्रेट चौक, रायपुर में आयोजित की जाएगी। बैठक में मुस्लिम समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा दिए गए सुझावों को एकत्रित किया जाएगा। इसके लिए रायपुर की समस्त मस्जिदों में जुमा को ऐलान के माध्यम से सूचना दी गई है।

दो प्रतियों में लिखित सुझाव लाने की अपील

आयोजकों ने अपील की है कि यूसीसी के संबंध में सुझाव लिखित में अध्यक्ष, समान नागरिक संहिता समिति, छत्तीसगढ़ के नाम से संबोधित करते हुए दो प्रतियों में प्रस्तुत करें। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में शहर काजी जनाब कारी डॉ. मोहम्मद इमरान अशरफी साहब और अध्यक्षता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता जनाब फैसल रिजवी साहब उपस्थित रहेंगे। मुस्लिम समाज द्वारा दिए गए सुझावों को बैठक में एकत्रित कर शाम 4 बजे समान नागरिक संहिता समिति, छत्तीसगढ़ के सदस्यों के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जाएगा।

30 स्पा सेंटरों पर एक साथ छापेमारी दो जगह मिलीं आपत्तिजनक वस्तुएं

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नरेट ने अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए बड़ा शिकंजा कसा है. शहर के विभिन्न इलाकों में संचालित 30 अलग-अलग स्पा सेंटरों पर एक साथ औचक जांच अभियान चलाया गया. इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पुलिस की 15 विशेष टीमों का गठन किया गया था, जिसमें राजपत्रित अधिकारियों समेत 100 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे. यह पूरी कार्रवाई पुलिस उपायुक्त (वेस्ट जोन) रॉबिन्सन गुरिया, पुलिस उपायुक्त (सेंट्रल जोन) तारकेश्वर पटेल और पुलिस उपायुक्त (नॉर्थ जोन) दीपमाला कश्यप के मार्गदर्शन में तीनों जोन में एक साथ की गई. इस दौरान सहायक पुलिस आयुक्त स्नेहिल साहू, नंदिनी ठाकुर और पूर्णिमा लामा के नेतृत्व में टीमों ने स्पा सेंटरों की फाइलों और व्यवस्थाओं को खंगाला।

इन दस्तावेजों और बिंदुओं की हुई जांच

- ग्राहकों के आने-जाने का रिकॉर्ड रजिस्टर
- सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली और रिकॉर्डिंग क्षमता
- संचालक, मैनेजर और कार्यरत कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन
- कर्मचारियों के आयु संबंधी दस्तावेज और स्टाफ रजिस्टर
- परिसर के लीज, किराया और स्वामित्व से जुड़े वैध कागजात
- किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित या संदिग्ध गतिविधि की जांच

दो स्पा सेंटरों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

सघन जांच के दौरान डीडी नगर थाना क्षेत्र स्थित 'एलिना स्पा सेंटर' और पंडरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अंबुजा मॉल में संचालित 'ला थाई स्पा सेंटर' में आपत्तिजनक वस्तुएं पाई गईं. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों स्पा सेंटरों के मैनेजर और कर्मचारियों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कानूनी कदम उठाए हैं. रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया है कि शहर में नियमों का उल्लंघन करने वाले स्पा सेंटरों पर आगे भी ऐसी सख्त निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी. नियमों की अनदेखी मिलने पर संचालकों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बदहाल परिसर: गंदगी और अव्यवस्था पर उठे सवाल, पुराने भवन में स्वास्थ्य सुविधा फिर शुरू करने की उठी मांग

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन बदहाली का शिकार, अस्पताल बना वाहन स्टैंड

छुईखदान/नवप्रदेश। नगर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए कभी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन आज अपनी बदहाली और अव्यवस्था को लेकर चर्चा में है।

जिस भवन में कभी मरीजों और उनके परिजनों की आवाजाही बनी रहती थी, आज उसी परिसर में बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े नजर आते हैं। भवन के आसपास साफ-सफाई की कमी और अव्यवस्थित पार्किंग को लेकर नागरिकों ने सार्वजनिक संपत्ति के बेहतर उपयोग की मांग उठाई है। नगर के बीच स्थित यह

पुराना स्वास्थ्य केंद्र कभी इलाज और प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं का प्रमुख केंद्र था। बस स्टैंड के आसपास होने के कारण नगर सहित आसपास के गांवों से आने वाले मरीजों के लिए यहां पहुंचना आसान था। समय के साथ स्वास्थ्य सेवाएं नए भवन में स्थानांतरित होने के बाद पुराने भवन का स्वरूप बदल गया और अब परिसर में वाहनों की पार्किंग अधिक दिखाई देती है।

गंदगी और खुले में पेशाब की शिकायत

स्थानीय लोगों के अनुसार पुराने स्वास्थ्य केंद्र परिसर में नियमित साफ-सफाई की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदगी बनी रहती है। खुले में पेशाब किए जाने की शिकायतों के कारण आसपास दुर्गंध और अस्वच्छ वातावरण बनने की बात भी सामने आ रही है। नागरिकों का कहना है कि सार्वजनिक भवन और उसके आसपास स्वच्छता एवं सुरक्षा की उचित व्यवस्था होना जरूरी है। लंबे समय तक किसी सार्वजनिक भवन को बिना स्पष्ट उपयोग और निगरानी के छोड़ना उचित नहीं है।

पुराने भवन के उपयोग की मांग

स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि नगर के बीच स्थित इस बड़े भवन को अनुपयोगी छोड़ने के बजाय जनहित में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। यहां प्राथमिक उपचार केंद्र, क्लीनिक या अन्य स्वास्थ्य सुविधा शुरू की जा सकती है। यदि स्वास्थ्य विभाग के लिए भवन का उपयोग संभव नहीं है तो किसी अन्य आवश्यक शासकीय कार्यालय की स्थापना भी की जा सकती है। प्रकाश महोबिया, नगर पंचायत उपाध्यक्ष ने कहा कि पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का परिसर काफी बड़ा है और नगर के बीचोंबीच स्थित है। यहां प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल शुरू किया जाना चाहिए, ताकि नगर के लोगों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। निधि तिवारी, पार्षद ने कहा कि वर्तमान में जो अस्पताल संचालित है, वह करीब एक किलोमीटर दूर है।

सार्वजनिक संपत्ति की बेहतर उपयोग की मांग

पुराना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन नगर की सार्वजनिक संपत्ति है और इसका बेहतर उपयोग किए जाने की मांग लगातार उठ रही है। एक ओर भवन का बड़ा परिसर मौजूद है, वहीं दूसरी ओर वर्तमान स्वास्थ्य सुविधा नगर से कुछ दूरी पर संचालित हो रही है। ऐसे में पुराने भवन को फिर से जनोपयोगी बनाने की संभावनाओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। अब देखना यह होगा कि वर्षों से उपेक्षित पड़े इस पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन की प्रशासन कब सुध लेता है और इसे वाहन स्टैंड व अव्यवस्था से मुक्त कर जनहित में उपयोगी बनाने की दिशा में क्या कदम उठाए जाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि.शेड नं.74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806 फोन: 0771-3526755, 6262188999